जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शुक्रवार 22 मार्च, 2024




VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO GET EXCITING OFFERS UP TO ₹ 1 50 000*

Scan to explore NEXA World

Scan to chat on WhatsApp

**JAIPUR: NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA GOPALPURATONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA RAJAPARK** (KTL AUTOMOBILE PVT. LTD. PH: 9257022731), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752),
**AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **NEXA VAISHALI NAGAR** (AJMER AUTO PH: 9694541201, 9314391004), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424),
**BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665),
**JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697),
**PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619),
**NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888),
**SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301),
**UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **RAJSAMAND: NEXA RAJNAGAR** (TECHNOY MOTORS PH: 9251988300),
**DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and **visit www.nexaexperience.com** to book online.

*Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Consumer offers applicable for 2023 model while stocks last. For more details regarding offers please contact your nearest NEXA dealership. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.

## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# राजनीतिक पार्टियां इलेक्टोरल बॉण्ड के चक्रव्यूह में

भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देशों में आम चुनावों में पब्लिक फण्डिंग होता है; किन्तु हमारे देश में ऐसी व्यवस्था नहीं है। हमारे देश का संविधान अभूतपूर्व है और समय-समय पर परिस्थितियों के अनुसार संविधान के अनुच्छेद 21 व 14 की व्याख्या की सीमा को जनहित में सुप्रीम कोर्ट ने मुखरित किया है, नये पर दिये हैं। अनुच्छेद 21 के द्वारा जनता को गरिमा मय जीवन का अधिकार दिया है। अनुच्छेद 21 के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के कार्य में ध्जहहो की बात की है। जनता को जानने का अधिकार है कि राजनीतिक पार्टियों के पास चुनाव का पैसा कहां से आ रहा है। सरकार के प्रत्येक कार्य के बाबत, जिससे नागरिक के जीने का अधिकार कुण्ठित होता है, उसके भेद को जानने का उसका अधिकार है। आरटीआई एक्ट इसी उद्देश्य लाया गया था। आरटीआई एक्ट का उद्देश्य है कि सरकार का प्रत्येक फैसला व कार्य खुली किताब की तरह हो, उसकी पूरी जानकारी जनता को उपलब्ध करायें। आरटीआई का ही नतीजा था कि चुनाव में खडे होने वाले उम्मीदवार को अपने व चरित्र और अपनी सम्पत्ति के बाबत पूरा विवरण देना आवश्यक माना गया है। एक व्यक्ति ने आरटीआई में सुप्रीम कोर्ट से पूछा कि न्यायालय के जजों को भी उनकी सम्पत्ति उजागर कराई जावे। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर दिया कि न्यायालय पब्लिक संस्था है उसे बाध्य नहीं किया जा सकता है। इस उत्तर की अपील की गई, अपेलेट ऑथोरिटी ने माना कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को भी सम्पत्ति का विवरण देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की है, और अपेलेट ऑथोरिटी के फैसले को सही करार दिया। हमारे देश को कानून की व्यवस्था की विलक्षणता को देखिये सुप्रीम कोर्ट को भी एवं साधारण नागरिक के रूप में अपनी ही कोर्ट में फरीक बनकर अपील करनी पडी और फैसला दिया कि न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को सम्पत्ति का विवरण देवें। इलेक्टोरल बॉण्ड के कानून को असंवैधानिक करार देने का ऐतिहासिक निर्णय इसी आरटीआई कानून के आधार पर दिया गया है। राजनीतिक पार्टियां बतायें कि चुनावों में खर्च होने वाला पैसा (चंदा) कहां से आया। जनता को बताना होगा कि किस कारोबारी ने कितना चंदा दिया और किस दल को कितना चंदा मिला।

माननीय सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक निर्णय के बाद राजनीतिक फण्डिंग में पारदर्शिता (Openness) की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुये, चुनाव आयोग ने माननीय कोर्ट के निर्देशन के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक द्वारा दिये गये चुनावी बॉण्ड के विवरण सार्वजनिक कर दिये। इसके अनुसार यह पाया गया कि 25 राजनीतिक पार्टियां का 127 अरब 69 करोड 8 लाख 93 हजार रूपये दिये गये हैं। यह भी उजागर हुआ कि देश की एक कम्पनी गेमिंग-लॉटरी एवं हॉटल सर्विसेज ने सबसे अधिक 12.08 अरब के बॉण्ड की खरीद की। इसमें सबसे अधिक धन 60.68 अरब रूपये केवल बीजेपी को ही मिले। दूसरे नम्बर पर ऑल इण्डिया तृणमूल कॉंग्रेस है व तीसरे नम्बर पर कांग्रेस है जिसे 14.21 अरब रूपये गये। इस रकम के महत्व को भी इस आधार पर आप समझेंगे कि पाकिस्तान के चुनावों में 4 लाख 8 हजार करोड़ खर्चा हुआ है।

चुनाव बॉण्ड अभी-अभी जारी हुये हैं यह बात नहीं है। यह विषय 2017 से प्रारम्भ हुआ है, इस विषय पर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की थी और कहा था कि चुनाव होने वाले हैं अत: दिनांक 30.05.2019 तक इलेक्शन कमीशन को राजनीतिक पार्टियां बता दें कि उन्हें कितने बॉण्ड मिले हैं। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई टाल दी। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश गोगोई ने यह कहा कि इसमें जल्दी की कोई जरूरत नहीं है, जैसा है, वह हो रहा है, उसे चलने देवें। यह कहा गया कि तीन तलाक तो बहुत समय से चल रहा था, उसे जल्दी सुनने की क्यों जरूरत थी। इलेक्टोरल बॉण्ड के बाबत यह माना जाता है मार्च 2018 से जनवरी 2021 तक 15 फेजेज में 12924 बॉण्ड खरीदे गये जिनकी कीमत 653478 करोड थी।

इलेक्टोरल बॉण्ड के उपज भारत के यशस्वी तत्कालीन वित्त मंत्री अरूण जेटली के दिमाग की उपज थी। इसके पूर्व आयकर अधिनियम की धारा 183(3) में प्रावधान था कि जो कम्पनी लगातार तीन साल तक प्रोफिट में रही है वह अपने औसत लाभ का 7.5 प्रतिशत राजनीतिक पार्टियों को चंदे के रूप में डोनेट कर सकती हैं, उसके साथ यह प्रतिबंध था कि वह कम्पनी ऐसे डोनेशन के बाबत एक अलग कॉलम में बेलेंस शीट में इसकी जानकारी दे। इस व्यवस्था को अरूण जेटली ने समाप्त कर दिया, जब वे वित्त मंत्री थे। आश्चर्य की बात तो यह है कि इलेक्टोरल बॉण्ड के कानून के बात बजट के माध्यम से लाई गई और इसके द्वारा आयकर अधिनियम, फॉरिन रेगूलेशन अधिनियम, आर पी एक्ट, आर वी आई आदि कई कानूनों में संशोधन कर दिया और राज्यसभा को Avoid कर दिया।

वस्तुत: इलेक्टोरल बॉण्ड का कानून काले धन को खफाने का एक तरीका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे दुनियां का सबसे बडा वसूली अधिनियम कहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने इलेक्टोरल बॉण्ड के बाबत बोलते हुये कहा कि यह व्यवस्था काले धन को समाप्त करने के लिये लाई गई थी। उनका मत था कि गोपनीयता तो तब होती है जब नकद में चंदा लिया जाता है। गृहमंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि जब चंदे का हिसाब खुलेगा तो विपक्ष उसे Face नहीं कर पायेगा।

> **वस्तुतः इलेक्टोरल बॉण्ड का कानून काले धन को खफाने का एक तरीका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे दुनियां का सबसे बडा वसूली अधिनियम कहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने इलेक्टोरल बॉण्ड के बाबत बोलते हुये कहा कि यह व्यवस्था कालेधन को समाप्त करने के लिये लाई गई थी। उनका मत था कि गोपनीयता तो तब होती है जब नकद में चंदा लिया जाता है। गृहमंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि जब चंदे का हिसाब खुलेगा तो विपक्ष उसे ईम नहीं कर पायेगा।**

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक की खिंचाई की है कि बैंक ने न्यायालय की अवज्ञा की है उसने पूरा डेटा आयोग को नहीं दिया। यूनिक कोड देना आवश्यक था, किन्तु बैंक ने उसे नहीं दिया। माननीय सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह बहस थी कि यूनिक कोड के द्वारा ही यह पता चलेगा कि किस कम्पनी को या व्यक्ति को चुनावी चंदे के रूप में कितनी रकम दी गई है।

इलेक्टोरल बॉण्ड के जो विवरण मिले हैं उनसे यह ज्ञात होगा कि कई कम्पनियां तो ऐसी हैं जिन्होंने अपनी Net of Costs से बहुत अधिक राशि डोनेट की है।

राहुल गांधी के आरोपों का उत्तर देते हुये फाइनेन्स मिनिस्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि Electoral Bond (EB) व Enforcement Directorate (ED) की Raid का कोई Quid Pro Quo नहीं है।

माननीय सुप्रीम कोर्ट की डांट के बाद दिनांक 17.10.2024 जो कुछ विवरण प्राप्त हुये हैं। ये विवरण भी काफी चौंकाने वाले हैं। यहां पर स्पष्ट करना समीचीन होगा कि बॉण्ड के विवरण का विषय 01.03.2018 से 11.04.2019 तथा अप्रेल 12, 2019 से 17 अप्रेल 2024 के लिये है। इस अवधि में दिनांक 17 अप्रेल, 2024 के आदेश में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया को विवरण 12 अप्रेल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक को बॉण्ड्स के पूरे विवरण देने होंगे। माननीय कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पूरे विवरण का अर्थ है बॉण्ड के नम्बर और अल्फायूरेमिक नम्बर से। इसका अर्थ है कि जानकारी ऐसी होनी चाहिये जिससे यह स्पष्ट हो जावे कि बॉण्ड का डोनर कौन है और वह राशि किस राजनैतिक पार्टी को प्राप्त हुई है।

माननीय सुप्रीम कोर्ट ने पुन: भारतीय स्टेट बैंक को स्पष्ट निर्देश दिनांक 17.03.2024 के आदेश से दिये हैं और संबंधित वांछित जानकारी 21.03.2024 को 5 बजे शाम तक देने और पूरी जानकारी दे दी गई है इसका समर्थन शपथ पत्र के माध्यम से करना होगा। अब चुनावी बॉण्ड की पूरी जानकारी प्राप्त हो जावेगी।

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के एडवोकेट ने स्पष्ट किया कि उनके पास छिपाने को कुछ नहीं है। यद्यपि चीफ जस्टिस ने सरकार पर कटाक्ष करते हुये कहा है कि आप जानकारी क्यों नहीं देते? क्यों कोर्ट के आदेश की प्रतीक्षा करते हैं? क्यों हमारे सब्र की प्रतीक्षा कर रहे हैं?

अब तक जो जानकारी 17 मार्च तक सील बंद लिफाफे में दी गई है उसके खुलने से हुई है वह भी गम्भीर है। राजनीतिक पार्टियों को फण्ड प्राप्त हुआ है, किसको कितना मिला है, यह भी सामने आ चुका है। सबसे ज्यादा बॉण्ड की रकम भाजपा को मिला है। साथ ही बॉण्ड की रकम सबसे अधिक लॉटरी किंग ने दी है। डीएमके को जो एक प्रोविन्शियल पार्टी है उसे 656.5 करोड रूपये मिले हैं, जिसमें लॉटरी किंग सैंटियानो मार्टिन के फ्यूजन गेमिंग से 509 करोड़ रूपये भी शामिल हैं। 11 प्रतिशत बॉण्ड तो अकेले लॉटरी किंग ने ही खरीदे हैं। तृणमूल कांग्रेस को जो एक राज्य की पार्टी है उसे 1397 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। इसका अर्थ है उसने यह राशि राज्य की कम्पनियों ही से प्राप्त की है। कई राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने यह कहकर अपने दायित्व को पूरा कर दिया कि बॉण्ड्स कोई दफ्तर में बंद लिफाफे में दे गया था। जेडीयू आदि ने चंदा तो ले लिया, किन्तु दानवीर का नाम जानकारी के अभाव में नहीं बताया।

आरोप है कि ई.डी. की रेड के डर से बॉण्ड के द्वारा चंदा दिया गया है, किन्तु इसका Quid Pro Quo ढूंढना कठिन होगा। बॉण्ड लेने से पहले और बाद में ईडी की रेड हुई हैं, आप इसमें संबंध कहां ढूंढेंगे। दिनांक 21.03.2024 को बॉण्ड के नम्बर और अल्फायूरेमिक नम्बर की जानकारी भी आज दिनांक 21.03.2024 को प्राप्त हो चुकी है। बॉण्ड का पैसा सभी ने लिया है जो केन्द्र में पावर में हैं उसे अधिक मिला है, और गत वर्षों में ऐसा होता आये हैं। जिन राज्यों में जिस राजनीतिक पार्टी की सरकार है, उसे चंदा प्राप्त हुआ है। जैसा ममता के राज्य में हुआ है। ममता को बंगाल से बाहर का कोई बॉण्ड की राशि प्राप्त नहीं हुई है। हमाम के सभी नंगे हैं। सभी राजनीतिक पार्टियां दागी हैं। कोई बडा दागी है तो कोई छोटा। दागी तो सभी हैं। बॉण्ड से पहले भी काला धन राजनीतिक पार्टियों को आयकर अधिनियम के तहत प्राप्त होता रहा है।

बॉण्ड का युग समाप्त हुआ। क्या पुन: आयकर का पूर्व प्रावधान राजनीतिक पार्टियों को चंदा लेने में सहायक होगा, जिसे हम स्वयं काले धन की मशीन मान चुके हैं, और अवैध कह रहे थे। बॉण्ड के कानून ने तो स्पष्ट कर दिया, इसके तहत जो हुआ है वह ठीक नहीं है। यह चंदा कैसा, मुनाफा 2 करोड भी नहीं अपितु वह कम्पनी 183 करोड दे रहा है? कई कम्पनियों ने छापेमारी के बाद चंदा दिया है। कैसे इसमें डर की थ्योरी लागू करेंगे।

भारत के गृहमंत्री शाह कहते हैं बॉण्ड का रूपया काला धन नहीं है। 30 कम्पनियां ऐसी हैं जिन्होंने छापेमारी के बाद मोटा चंदा दिया। गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं इलेक्टोरल बॉण्ड बंद होने से ब्लैक मनी की वापसी होगी।

मननीय सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह स्पष्ट हुआ कि चुनावी बॉण्ड पर ऊपर की ओर सीक्रेट नम्बर होता है इसे उल्टा वायॅलेट रोशनी में देखा जा सकता है इससे ही बॉण्ड खरीदने और बॉण्ड को भुनाने वाले का नाम मैच होगा। बॉण्ड कई बार हैंड ओवर हो सकता है, ऐसे में पता चलना कठिन होगा कि असल में चंदा किसे मिला। कुछ भी हो बॉण्ड की स्कीम पारदर्शिता के सिद्धान्त के विरूद्ध होने से सुप्रीम कोर्ट ने इसे अवैध करार दिया है अत: इसके तहत जो भी लेन देन हुआ है वह वैध नहीं कहा जा सकता। यह एक मान्य सिद्धान्त है कि कालेधन की आय से कल्याणकारी राज्य नहीं चलाया जा सकता।

भारत संसार का सबसे बडा गणतंत्र है यहां सरकार अन्य देशों की तरह चुनाव का खर्चा वहन करना उचित नहीं मानती क्योंकि सरकार कल्याणकारी राज्य की है। फिर प्रश्न है चुनावों में पैसा कहां से आयेगा। ऐसा प्रतीत होता है अभी तक के सभी रास्ते कलेधन की ओर हमें ले जाते हैं। अत: कुछ ऐसा उपाय तलाशना होगा, जिसमें नैतिकता हो। क्या सरकार राष्ट्रपति से निवेदन कर इस मामले को दिशा निर्देशन देने के हेतु सर्वोच्च न्यायालय को रेफरेंस करा सकती है? हमारे पास अब एक ही रास्ता है, देश जैसा चल रहा है उसे वैसे ही चलने दें। जैसा तत्कालीन चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने 2019 में इलेक्टोरल बॉण्ड की सुनवाई के समय कहा था, यद्यपि यह कदम भी उचित नहीं है। जो देश चांद पर जाने का रास्ता ढूँढ चुका है वह ''**जिन खोजा तिन पाइये, गहरे पानी पेठ**'' के आधार पर सफलतापूर्वक सही कानून बना ही लेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन,**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# शिक्षा प्रदूषण



प्रो. अशोक कुमार

**वर्तमान** समय में प्रदूषण दुनिया में स्वस्थ जीवन के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दा है। हम वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, प्रकाश प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन आदि के बारे में बात करते हैं। हम हमेशा युवाओं को स्वस्थ पर्यावरण की आवश्यकता को समझाने का प्रयास करते हैं। लेकिन आज हम देखते हैं तो दिन-ब-दिन हमारा पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि हम युवाओं/आम आदमी को शिक्षित नहीं कर सके। हमारी शिक्षा प्रणाली में कुछ गड़बड़ है। यह मुख्य प्रश्न है, इसलिए हमें अपनी शिक्षा प्रणाली पर गौर करना चाहिए, जिसे हम प्रदूषित मानते हैं। प्रदूषण का क्या अर्थ है? प्रदूषण का अर्थ है मानव जीवन के प्राकृतिक संतुलन में दोष उत्पन्न होना। यदि यह दोष हमारी शिक्षा व्यवस्था में उत्पन्न हो जाये तो निश्चित ही हम इसे 'शिक्षा प्रदूषण' ही कहेंगे। कुल सरकारी व्यय में से शिक्षा पर व्यय का प्रतिशत सरकार के समक्ष व्यय योजना में शिक्षा के महत्व का सूचक है।

विश्व शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर 2021 के अवसर पर यूनेस्को ने भारत के लिए शिक्षा की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट लॉन्च की। निष्कर्ष काफी हद तक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) और शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली (यूडीआईएसई) डेटा (2018-) के विश्लेषण पर आधारित हैं। यूनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार देश में लगभग 1.2 लाख एकल-शिक्षक स्कूल हैं, जिनमें से 89 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। यूपी में 3.3 लाख, बिहार में 2.2 लाख, बंगाल में 1.1 लाख स्कूलों में शिक्षण पदों पर सबसे ज्यादा रिक्तियां हैं। 21 प्रतिशत में स्कूल में सबसे ज्यादा एकल शिक्षक हैं। 2021 में यूनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार देश में 11 लाख रिक्त पदों में से 69 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, माध्यमिक विद्यालयों में छात्र शिक्षकों का अनुपात प्रतिकूल है। संगीत, कला, शारीरिक शिक्षा में विशेष शिक्षा पर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है, स्कूल में पूर्व प्राथमिक के 7.7 प्रतिशत, प्राथमिक के 4.6प्रतिशत, उच्च प्राथमिक के 3 प्रतिशत और माध्यमिक के 0.8 प्रतिशत शिक्षक कम योग्य हैं।

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत को मौजूदा कमी को पूरा करने के लिए 11.16 लाख अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता है। निजी क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों का अनुपात 2013-14 में 21प्रतिशत से बढ़कर 2018-19 में 35 प्रतिशत हो गया। शिक्षा का अधिकार अधिनियम यह निर्धारित करता है कि छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) कक्षा 1-5 में 30:1 और उच्च ग्रेड में 35:1 होना चाहिए। डिजिटल बुनियादी ढांचे की कमी: पूरे भारत में स्कूलों में कंप्यूटिंग उपकरणों (डेस्कटॉप या लैपटॉप) की कुल उपलब्धता 22 प्रतिशत है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों (43 प्रतिशत) की तुलना में बहुत कम प्रावधान (18 प्रतिशत) देखा जाता है। पूरे भारत में स्कूलों में इंटरनेट की पहुंच 19 प्रतिशत है - ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 14 प्रतिशत जबकि शहरी क्षेत्रों में 42 प्रतिशत है।

सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में वृद्धि: प्राथमिक विद्यालयों के लिए, यह 2001 में 81.6 से बढ़कर 2018-19 में 93.03 हो गया है और 2019-2020 में 102.1 हो गया है। जीईआर शिक्षा के किसी दिए गए स्तर में नामांकित छात्रों की संख्या है, उम्र की परवाह किए बिना, शिक्षा के समान स्तर के अनुरूप आधिकारिक स्कूल-आयु आबादी के प्रतिशत के रूप में व्यक्त की जाती है। 2019-20 में प्रारंभिक शिक्षा के लिए कुल प्रतिधारण 74.6 प्रतिशत और माध्यमिक शिक्षा के लिए 59.6 प्रतिशत है। माध्यमिक शिक्षा का भी बुरा हाल है। 13 भारतीय राज्यों के 780 सरकारी स्कूलों में किए गए एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, प्रमुख सुविधाएं (शौचालय/पेयजल सहित) ज्यादातर गायब या खराब स्थिति में पाई गईं। सर्वेक्षण से पता चलता है कि जब आरटीई अधिनियम ने पर्याप्त बुनियादी ढांचे की मांग की, तो 5 प्रतिशत से भी कम स्कूलों में अधिनियम में उल्लिखित सभी सुविधाएं थीं।

राजस्थान पुलिस ने एक नए निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के विधेयक के लिए कथित तौर पर फर्जी विवरण देने के आरोप में एक सरकारी संस्थान के कुलपति और चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। संस्थान के शीर्ष पदों का चयन एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा । वर्तमान समय में देखा गया है कि विभिन्न राज्यों में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति समय पर नहीं हो पाती है। चयन प्रक्रिया में खामियाँ तब उजागर होती हैं जब नियुक्तियों में भ्रष्टाचार, गबन, रिश्वत लेने आदि के आरोप में कुलपतियों को या तो निलंबित कर दिया जाता है या हटा दिया जाता है।

यह भी आरोप लगाया जाता है कि नियुक्ति करने वाले अधिकारियों को भारी रिश्वत दी जाती है। मेरा मानना है कि कुलपति के चयन की प्रक्रिया बहुत पारदर्शी होनी चाहिए। क्योंकि देश भर के विश्वविद्यालयों को कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है। अच्छी प्रतिष्ठा और लंबे इतिहास वाले सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को 'देशद्रोही गतिविधियों' को बढ़ावा देने वाले स्थानों के रूप में लक्षित किया जा रहा है। कुछ विश्वविद्यालयों को 'राष्ट्र-विरोधी' स्थान घोषित करना, जिन्होंने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) के अनुसार लगातार शीर्ष राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) स्कोर और रैंकिंग प्राप्त की है।

दुर्भाग्य से, अधिकांश मामलों में हमारे पास सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में भी उचित योग्य शिक्षक नहीं हैं। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुल 6,549 फैकल्टी के पद खाली हैं। उनमें से अधिकांश दिल्ली विश्वविद्यालय में हैं, जहां 900 रिक्त पद हैं, इसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 622 पद, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में 532 पद और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 498 पद और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में 326 रिक्त संकाय पद हैं। खासकर निजी संस्थान में शिक्षकों का शोषण भी होता है। न्यूनतम शिक्षक और छात्रों का अधिकतम नामांकन। सेल्फ फाइनेंस संस्थानों में शिक्षकों की स्थिति काफी दयनीय है। कई राज्यों में स्व-वित्तपोषण संस्थानों के लिए कोई अधिनियम नहीं है। निजी विश्वविद्यालयों के अधिनियम में यह प्रावधान है कि शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सभी नियुक्तियाँ यूजीसी मानदंडों: नियुक्ति की विधि, वेतनमान द्वारा विनियमित की जाएंगी। सार्वजनिक क्षेत्र में यह अफवाह फैल रही है कि उम्मीदवार अपनी नियुक्ति के लिए बहुत सारा पैसा (रिश्वत) लगाते हैं। मैंने एक युवा से इसके बारे में पूछा, तो पता चला कि वेतन की राशि केवल 15 से 20 हजार है, कभी-कभी कागज पर वेतन यूजीसी मानदंडों के अनुसार होता है, लेकिन वेतन यूजीसी मानदंडों के अनुसार नहीं दिया जाता है और साथ ही, धन्यवाद डिजिटल मार्केटिंग के लिए प्रबंधन द्वारा एक एटीएम कार्ड तैयार किया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा एटीएम के माध्यम से वांछित राशि की निकासी कर ली जाती है। धन के उपयोग को लेकर संस्था प्रमुख और प्रबंधन के बीच हमेशा अनबन बनी रहती है। कोविड-19 के दौरान निजी संस्थानों ने छात्रों को पहले वर्ष में पढ़ाए/नामांकित किए बिना ही सीधे दूसरे वर्ष में प्रवेश दे दिया जाता था, प्रबंधन द्वारा प्रथम वर्ष की पूरी फीस ही ले ली जाती थी। यह अविश्वसनीय है लेकिन सच है कि ऐसी कई एजेंसियां हैं जो सिर्फ डिग्री के लिए छात्रों का नामांकन कर रही हैं। ये एजेंसियां रिकॉर्ड के लिए शिक्षण/गैर-शिक्षण संकायों का प्रबंधन भी कर सकती हैं।


मैं कोचिंग संस्थानों में शामिल होने वाले छात्रों के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन मेरी चिंता कहीं अधिक गंभीर और मौलिक है, वह यह है कि छात्र खुद को नियमित कॉलेजों / विश्वविद्यालयों में दाखिला लेते हैं, लेकिन अपने संस्थानों में कक्षाओं में भाग लेने के बजाय वे डमी स्कूलों या निजी कोचिंग कक्षाओं में जाते हैं। समय। क्या हम सिर्फ संस्थान में दाखिला लेने और कोचिंग कक्षाओं में शामिल होने के लिए नियमित छात्रों को मुफ्त/सब्सिडी वाली शिक्षा और छात्रवृत्ति दे रहे हैं?

**– प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय,**
**वैदिक विश्वविद्यालय निंबहारा,**
**निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर,**
**अध्यक्ष आईएसएलएस,**
**प्रिसिडेंट सोशल रिसर्च**
**फाउंडेशन, कानपुर**

# बाबा श्याम का फाल्गुनी लक्खी मेला संपन्न, करीब 38 लाख श्रद्धालु मेले में पहुंचे



परम्परा के अनुसार द्वादशी को सूरजगढ़ का निशान बाबा श्याम के शिखर बंध पर चढ़ाया गया।



मेला समापन पर भक्तगण श्याम बाबा से कामना करते हुये।

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। आस्था, भक्ति, सेवा, उत्साह, उल्लास, मस्ती, आनन्द की अपार अनुभूति के साथ आयोजित विश्व विख्यात खाटूधाम के बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी मेले का औपचारिक समापन द्वादशी गुरुवार को हुआ। ग्यारह दिवसीय वार्षिक महोत्सव में करीब 38 लाख श्याम श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर खुशहाली की कामना की। हालांकि प्रशासनिक रूप से मेले का समापन हो गया लेकिन भक्तों का तांता लगातार बना हुआ है जो होली तक चलेगा।

गौरतलब है कि बाबा श्याम के वर्षों से आ रहे ऐसे हजारों श्याम भक्त हैं जो बाबा श्याम के दरबार में होली खेलकर अपने गंतव्य को लोटते हैं। बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए अनवरत आ रहे श्याम भक्तों का सिलसिला गुरूवार को भी लगातार बना रहा। श्याम भक्त कतारों में श्याम बाबा की जय, हारे के सहारे की जय, शीश के दानी की जय के जयकारों से वातावरण को श्याममय करते हुए आगे बढ़ते नजर आए तथा बाबा श्याम का दीदार कर मन्नत मांगते दिखे। इस ग्यारह दिवसीय मेले में आए श्याम भक्त बाबा श्याम से दुबारा खाटू नगरी में बुलाते रहने की अभिलाषा के साथ अपने गंतव्य को लौट रहे हैं। साथ ही मन से कहते रहे म्हानै भूल बिसर मत ज्या ज्यों जी सांवरिया सरकार....के साथ विदा हुए।

वर्षों से चली आ रही परम्परा के अनुसार द्वादशी को सूरजगढ़ का निशान बाबा श्याम के शिखर बंध पर चढ़ाया। सूरजगढ़ का यह निशान विगत 376 वर्षों से आ रहा है। द्वादशी को थानाधिकारी राजाराम ने मय जाब्ता सुरक्षा के साथ निशान को शिखर बंध पर चढ़वाया। यह निशान वर्षभर बाबा श्याम के शिखर बंध पर लहराता है।

> ■ **प्रशासनिक रूप से मेले का समापन हो गया, लेकिन भक्तों का तांता लगातार बना है जो होली तक चलेगा**
>
> ■ **बाबा श्याम के शिखर बंध पर सूरजगढ़ का निशान चढ़ाया, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा ने श्याम बाबा के दर्शन किये**

गौरतलब है कि यह जत्था सूरजगढ़ से पैदल सफेद निशान जिस पर नीले घोड़े पर श्याम बाबा बना होता है, लेकर आते हैं तथा अपने गंतव्य को भी पैदल ही लौटते हैं। सूरजगढ़ के निशान के साथ सादूलपुर विधायक मनोज न्यांगली भी मौजूद रहे।

बाबा श्याम के फाल्गुन शुक्ल पक्ष की द्वादशी का महत्व है। बाबा श्याम की स्तुति में भी बाबा श्याम की फाल्गुन शुक्ल द्वादशी का उल्लेख होता है कि फाल्गुन शुक्ल द्वादशी उत्सव भारी होय, बाबा के दरबार से खाली जाय ना कोय,। बाबा श्याम के आने वाला भक्त फाल्गुन में झोली भरकर जाता है।

वहीं द्वादशी को भक्तजन व स्थानीय लोग चूरमा, खीर का भोग लगाकर मन्नत मांगते हैं। बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेले के दौरान द्वादशी के दिन गुरुवार को असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा बाबा श्याम के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने बाबा श्याम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा देश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने असम के मुख्यमंत्री का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर सीएम ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि फाल्गुन मेले के दौरान पहली बार आने का अवसर मिला। यहां मेले का अलग नजारा है। लाखों श्याम भक्तों के लिए जो श्री श्याम मंदिर कमेटी व प्रशासन ने व्यवस्था की है वो सराहनीय है।

सीएम बिस्वा के साथ खंडेला विधायक सुभाष मील भी साथ रहे। बाबा श्याम के लक्खी मेले में पिछले दस दिन से रूके श्याम भक्त अपने गंतव्य से जाने से पहले बाजार में खरीददारी करते नजर आए। कस्बे में राजस्थानी सूखी सब्जी, केर सांगरी, आचार, चूर्ण, राजस्थानी चूड़िया, प्रसाद, फोटो फ्रेम, बंधेज के कपड़े इत्यादि की दुकान पर प्रवासी भारतीय दिनभर खरीददारी करते नजर आए।

## राशिफल शुक्रवार 22 मार्च, 2024



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, मघा नक्षत्र रात्रि 4:28 तक, धृति योग सांय 6:38 तक, कौलव करण सांय 6:01 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग प्रात: 4:28 से सूर्योदय तक है। रवियोग रात्रि 4:28 से आरम्भ होगा। आज प्रदोष व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:03 तक, लाभ-अमृत 8:03 से 11:04 तक, शुभ 12:34 से 2:04 तक, चर 5:05 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:32, सूर्यास्त 6:35


### मेष


परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

### मिथुन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### सिंह

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या

आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है।

### तुला

व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु

धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### कुंभ

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 231 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 22 मार्च, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



The fragrance of Nihal

Comfortable in both rural or urban or *jungle* setting, documentary-maker Nihal was aptly suitable to be associated with *Granada* television production like *The Jewel in the Crown* and others, as a sort of Indian 'producer' and expert.

Brain Stimulation Therapies

# कांग्रेस ने देर रात फैसला लेकर सीकर की सीट मार्क्सवादी पार्टी के लिए छोड़ी

## साथ ही पार्टी ने दौसा के लिये अभी उम्मीदवार घोषित नहीं करने का निर्णय भी लिया और भाजपा के उम्मीदवार का नाम आने का इन्तजार करने का फैसला किया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 मार्च। गुरुवार को घोषित कांग्रेस की अधिकृत लिस्ट में पार्टी ने सीकर सीट माकपा के लिए छोड़ दी है।

पार्टी द्वारा घोषित अन्य प्रत्याशी है, श्रीगंगानगर से कुलदीप इंदौरा, जयपुर शहर से सुनील शर्मा, पाली से संगीता बेनीवाल, बाड़मेर से उम्मेदाराम बेनीवाल, झालावाड़ से उर्मिला जैन भाया को टिकट दिया गया है।

पार्टी ने दौसा सीट का प्रत्याशी घोषित नहीं किया जिसे मंजूरी तो कल ही मिल गई थी। पार्टी भाजपा के प्रत्याशी की घोषणा की प्रतीक्षा कर रही है।

नागौर में हनुमान बेनीवाल के साथ गठबंधन को लेकर अशोक गहलोत तथा राजस्थान में कांग्रेस के जाट नेताओं के बीच तलवारें खिंच गई हैं।

जैसी कि कहावत है, "अशोक गहलोत ने सारे घोड़े खोल दिए हैं" बेनीवाल को पुनर्जीवित करने के लिए। ये वो नेता हैं जो केवल 2500 वोटों से जीते थे।

- पर, अशोक गहलोत व राजस्थान के अन्य जाट नेताओं के बीच भारी घमासान जारी है, नागौर में हनुमान बेनीवाल से गठबंधन के बारे में।
- गहलोत ने सभी घोड़े खोल दिये हैं, बेनिवाल को नागौर की सीट पर खड़ा करने के लिये। मुकुल वासनिक व मल्लिकार्जुन खड़गे, गहलोत की इस मुहिम में सहयोग कर रहे हैं।
- गहलोत ने नीरज डांगी को खड़गे से इस मुद्दे पर मिलने के लिये भेजा। दूसरी ओर हरीश चौधरी भी वेणुगोपाल से मिले, अपना पक्ष रखने के लिये और अब मामला राहुल गांधी के समक्ष पहुँच गया है और उन्हें निर्णय लेना है।
- अन्ततोगत्वा यह भी चर्चा है कि, हनुमान बेनीवाल भी दिल्ली में ही है और वासनिक से मिले हैं। हालांकि, अभी इस मुलाकात की पुष्टि नहीं हो रही।

अशोक गहलोत, मुकुल वासनिक और मल्लिकार्जुन खड़गे बेनीवाल को लाने के लिए प्रयासरत हैं। गहलोत ने नीरज डांगी को खड़गे से मिलने के लिए भेजा। इसी के साथ, हरीश चौधरी भी के.सी. वेणुगोपाल से मिले। इस समय यह कहना मुश्किल है कि, वेणुगोपाल किसकी तरफ हैं।

लेकिन, रोचक बात यह है कि, यह मुद्दा राहुल गाँधी के दरबार में पहुँच गया है और माना जा रहा है कि इस मामले में वो अंतिम निर्णय लेंगे।

इस समय गहलोत के जीवन के दो ही लक्ष्य हैं : जालौर-सिरोही से वैभव गहलोत और नागौर से हनुमान बेनीवाल।

हनुमान बेनीवाल इस समय दिल्ली में हैं और विभिन्न नेताओं के चक्कर लगा रहे हैं। चर्चा है कि, बेनीवाल मुकुल वासनिक से मिले लेकिन इस मीटिंग की पुष्टि नहीं हुई है। मुकुल वासनिक फोन कॉल्स के जवाब नहीं दे रहे हैं।

गहलोत और वासनिक एक दूसरे के बहुत करीब माने जाते हैं। वासनिक 9 साल तक ए.आई.सी.सी. महासचिव रहे और अधिकांश मुद्दों पर उन्होंने गहलोत का समर्थन किया था।

गहलोत विरोधी खेमा बेनीवाल के साथ चुनावी गठबंधन का पुरजोर विरोध कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद गहलोत ने इस मुद्दे को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक नहीं'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 मार्च। उच्चतम न्यायालय ने गुरूवार को दो नये चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने की मांग कर रहे आवेदनों को निरस्त कर दिया, यह कहते हुए कि, इससे अनिश्चितता और अराजकता का माहौल बन जाएगा क्योंकि चुनाव बहुत नज़दीक हैं।

यह मानते हुए कि, चुनाव आयोग, कार्य पालिका के अधीन नहीं है, शीर्ष अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त और दूसरे चुनाव आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) कानून 2023 के अमल पर अंतरिम रोक लगाने से इंकार कर दिया।

- सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में दायर याचिका खारिज करते हुए कहा, नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने से अव्यवस्था फैलेगी, क्योंकि चुनाव सन्निकट हैं।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि,वह 2023 कानून को चुनौती देने वाली मुख्य याचिकाओं का परीक्षण करेगा तथा केंद्र को छ सप्ताह के अन्दर अपना जवाब दाखिल करने को कहा और इस मुद्दे की सूनवाई की तारीख, 5 अगस्त तय कर दी।

इस समय हम इस कानून पर रोक नहीं लगा सकते और नही इसके अमल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा ने मुख्यमंत्री भजनलाल को लोकसभा चुनाव में फ्री हैंड दिया

## यह फ्री हैंड मुख्यमंत्री की कार्यशैली में स्पष्ट नज़र आ रहा है

जयपुर, 21 मार्च (का.सं.)। लग रहा है कि, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लोकसभा चुनावों में फ्री हैंड दिया गया है। भजनलाल शर्मा इन दिनों भाजपा कार्यकर्ताओं की क्लस्टर क्लास ले रहे हैं। पार्टी के लिए प्रदेश की सभी 25 सीटें सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री लोकसभावार सीधे कार्यकर्ताओं से संपर्क कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों में मुख्यमंत्री 22 लोकसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चुके हैं। प्रदेश की राजनीति में यह एक अनूठा नवाचार नज़र आ रहा है। विगत वर्षों में प्रमुख नेता अपने चहेतों को टिकट दिलवाने के लिए दिल्ली में धरना दे कर रखते थे। वहीं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ध्यान प्रत्याशी से अधिक कार्यकर्ता पर है। स्वागत समारोह और शक्ति प्रदर्शनों की परंपरागत राजनीति से अलग, मुख्यमंत्री के दौरे बंद कक्ष बैठकों और खुली चर्चाओं में पार्टी की रणनीति को समर्पित रहे।

कार्यकर्ता बैठकों में मुख्यमंत्री के साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी की उपस्थिति सत्ता और संगठन में बेहतर समन्वय की परिचायक भी है।

- यह देखा गया है कि, मुख्यमंत्री का ध्यान प्रत्याशी से ज्यादा कार्यकर्ता पर रहता है और कार्यकर्ताओं से खुली चर्चा पर जोर देते हैं।
- क्लस्टर बैठकों में भी मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष के बीच समन्वय साफ देखा जा रहा है तथा नेताओं व कार्यकर्ताओं के बीच के मनमुटाव व मतभेद दूर करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

वर्षों तक प्रदेश महासचिव की भूमिका में भजनलाल शर्मा की पहचान एक कर्मठ कार्यकर्ता की रही है और सभी क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं से उनका जुड़ाव रहा है। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वे उसी आत्मभाव से कार्यकर्ताओं से मिलते हैं। जब वे कार्यकर्ता को आश्वस्त करतें हैं कि, भाजपा परिवार को नहीं कार्य को प्राथमिकता देती है, तो कार्यकर्ता भी सहजता से इस बात पर विश्वास करता है। पूर्ववर्ती सरकार में जहां मुख्यमंत्री की पसंद नापसंद, पार्टी प्रत्याशी चयन से लेकर चुनाव प्रचार में साफ दिखाई देती थी, वहीं, वर्तमान मुख्यमंत्री समान भाव से सभी लोकसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थानीय प्रत्याशी के समर्थन के लिए निर्देशित कर रहे हैं। उनका उद्देश्य, पार्टी प्रत्याशी की जीत के साथ ही हर क्षेत्र और वर्ग से पार्टी को मिलने वाले वोट को भी बढ़ाना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सतत तीसरे कार्यकाल के लिए अग्रसर भाजपा को पूर्ण विश्वास हैं कि, लोकसभा चुनाव में जनता निर्णायक बहुमत के साथ नए भारत के विकास को और गति प्रदान करेगी। शपथग्रहण के बाद से ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार प्रशासनिक दौरे और बैठकें कर प्रदेश में केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वन को गति देने में व्यस्त रहे हैं। निजी प्रचार से पृथक, उनका सारा प्रयास केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रसार पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



# संकल्प पत्र में किए गए अपने प्रत्येक वादे को पूरा करेगी राज्य सरकार : भजनलाल शर्मा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का बिड़ला ऑडिटोरियम में विजय दिवस के अवसर पर आयोजित लोकतंत्र सेनानी संघ और लोकतंत्र रक्षा मंच के राष्ट्रीय सम्मेलन में फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आपातकाल के समय लोकतंत्र के मूल्यों को कमजोर किया गया था। लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष तथा प्रयासों से उन मूल्यों की रक्षा की गई। भारतीय संविधान तथा प्रजातंत्र को मजबूत करने में लोकतंत्र सेनानियों के अहम योगदान को कोई नहीं भुला सकता। शर्मा गुरूवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में विजय दिवस के अवसर पर आयोजित लोकतंत्र सेनानी संघ और लोकतंत्र रक्षा मंच के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 25 जून, 1975 को आपातकाल लगाकर सत्ता के नशे में मदहोश लोगों ने लोकतंत्र का गला घोटा तथा कोर्ट, प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया और विपक्ष को जेल में डाल दिया। उस समय लोकतंत्र सेनानी संघ और लोकतंत्र रक्षा मंच से जुड़ें लोगों ने लंबी लड़ाई लड़ी तथा आज ही के दिन 21 मार्च, 1977 को आपातकाल की काली छाया से देश को मुक्त कराया। इस घटना ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए त्याग करने वालों का सम्मान करते हुए हमारी पूर्ववर्ती सरकार ने राजस्थान लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि-2008 बनाकर लोकतंत्र सेनानियों के लिए सम्मान से जीने की व्यवस्था की। इसके बाद गत कांग्रेस सरकार ने आते ही इस निधि को बंद कर लोकतंत्र सेनानियों को अपमानित करने का कार्य किया। लेकिन अब हमारी सरकार ने अपने पहले लेखानुदान में ही लोकतंत्र सेनानियों के लिए सम्मान निधि को पुनः बहाल करने का प्रावधान किया है। शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने श्रीराम मंदिर के निर्माण का सपना देखा था तथा वो सपना 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की दिव्य प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने जिन मूल्यों की रक्षा के लिए आपातकाल के समय जेल में जो यातनाएं सही उन्हीं मूल्यों तथा भावनाओं को आगे ले जाने का कार्य हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे है तथा उनके नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने तीन महीने के कार्यकाल में संकल्पपत्र के अपने 45 प्रतिशत वादे पूरे किए हैं। राज्य सरकार युवा, महिला, किसान सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है तथा सरकार संकल्प पत्र में किए गए अपने प्रत्येक वादे को पूरा करेगी।

■ **'भारतीय संविधान को मजबूत करने में लोकतंत्र सेनानियों का अहम योगदान'**

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रवाद की भावना को आगे ले जाते हुए विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित राजस्थान के सपने को साकार करेगी। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा रामलला के दर्शन के लिए 1 फरवरी से जयपुर से अयोध्या के लिए विशेष विमान सेवा प्रारंभ की गई है। साथ ही, वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना के अंतर्गत 3 हजार तीर्थयात्रियों को यात्रा करवायी जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 7 संभाग मुख्यालयों जयपुर, भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा तथा अजमेर में श्री रामलला के दर्शन के लिए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बस सेवा भी शुरू की गई है।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, सांसद राजेन्द्र गहलोत तथा विभिन्न राज्यों से लोकतंत्र सेनानी उपस्थित रहे।



**राज्यपाल कलराज मिश्र गुरुवार को श्रीगोविंददेवजी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने श्री गोविंददेवजी की विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की। बाद में राज्यपाल मिश्र परंपरागत चले आ रहे गोविंददेवजी मंदिर के फागोत्सव में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने वहां फाग उत्सव पर खेली जा रही फूलों की होली की राधा माधव लीला देखी और कलाकारों की सराहना की। उन्होंने होली के पावन पर्व की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि रंगो का यह त्योहार सबके लिए मंगलमय हो। यह सबमें उमंग और उत्साह का वास कराए।**

# प्रदेश में सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 25 कम्पनियां तैनात

**जयपुर**। राजस्थान पुलिस की ओर से प्रदेश के 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आगामी 19 व 26 अप्रेल को दो चरणों में होने वाले चुनावों में स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी मतदान कराने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। आमजन के बीच पारदर्शी तरीके से मतदान को लेकर विश्वास कायम करने के लिए सभी जिलों और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़, लाइसेंसी हथियार जमा कराने, अवैध हथियारों एवं मादक पदार्थो की जप्ती के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च भी किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के स्तर से इसकी राउंड द क्लॉक मॉनिटरिंग की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था विशाल बंसल ने बताया कि लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस मुख्यालय द्वारा पिछले दो महीनों से लगातार तैयारी की जा रही है। गत 7 मार्च को राजस्थान पुलिस को सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 25 कंपनी उपलब्ध कराई गई है। इन सभी कम्पनीज को समस्त 25 लोकसभा क्षेत्र में तैनात कर दिया गया है। जो सभी जिलों में स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च कर गरीब और कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के बीच निडरता के साथ अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए माहौल तैयार कर रही है। राजस्थान पुलिस की धरातल पर यह एक्सरसाइज सभी वर्गों के बीच यह विश्वास पैदा कर रही है कि राजस्थान में शांतिपूर्ण, भय मुक्त, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित किया जाएगा।

■ **प्रदेश में भयमुक्त व पारदर्शी मतदान के लिए पुलिस की माकूल तैयारियां**

बंसल ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए प्रदेश के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन्हें पाबंद करवाया जा रहा है, जो मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते है। जिलों में पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों पर निरंतर शिकंजा कसा जा रहा है, जिसकी प्रतिदिन रिपोर्ट ली जा रही है। उन्होंने बताया कि जिलों में अवैध हथियार, मादक पदार्थ एवं शराब तस्करों के मूवमेंट पर निगरानी रखकर उनके सभी सम्भावित रुट एवं चैनल्स को चिन्हित कर लिया गया है। जिलों में पुलिस द्वारा उनकी गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई निरंतर जारी है। इसके साथ राजस्थान पुलिस द्वारा ऐसे तस्करों को गिरफ्तार कर हथियार, मादक पदार्थ एवं अवैध शराब को भी जप्त किया जा रहा है। सभी लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रक्रिया में सम्भावित बाधक आपराधिक व असामाजिक तत्वों को सूचीबद्ध कर उनके विरुद्ध उचित विधिक कार्रवाई भी की जा रही है।

डीजी बंसल ने बताया कि प्रदेश के सभी पड़ौसी राज्यों से लगने वाली अंतरराज्यीय सीमा पर चैक पोस्ट स्थापित किये गए हैं।

## पंचायत समिति प्रधान के निलंबन आदेश पर रोक

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने भरतपुर की उच्चेन पंचायत समिति के प्रधान के निलंबन आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। जस्टिस महेंद्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश पंचायत समिति के प्रधान हिमांशु अवाना की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने हिमांशु अवाना को गत 11 फरवरी को आदेश जारी कर प्रधान पद से निलंबित कर दिया था।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने बताया कि याचिकाकर्ता को राजनीतिक द्वेषता में निलंबित किया है।

# मादक पदार्थों के गैरकानूनी इस्तेमाल के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**जयपुर**, (का.सं.)। लोकसभा चुनाव के दौरान सभी प्रवर्तन एजेंसियां आपसी समन्वय एवं सतर्कता के कार्य करें ताकि चुनाव में धन एवं मादक पदार्थों के गैरकानूनी इस्तेमाल एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। यह कहना है भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय पर्यवेक्षकों का।

गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक श्योदान सिंह भदौरिया एवं देवाशीष पॉल, जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक रत्नेश कुमार सिंह एवं दौसा लोकसभा क्षेत्र की व्यय पर्यवेक्षक रश्मि ने प्रवर्तन अधिकारियों से अभी तक की कार्यवाहियों की जानकारी ली। उन्होंने केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग के अधिकारियों को विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी पर जांच करने के निर्देश दिये। पुलिस विभाग के साथ में ही जिले में प्रवेश करने वाले मार्गों पर जांच कर कार्यवाही करें। व्यय पर्यवेक्षकों ने प्रवर्तन एजेंसियों के प्रभारी अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्वाचन व्यय से संबंधित संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने एवं सतर्कता के साथ जांच करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही अवैध शराब के परिवहन एवं वितरण के साथ साथ शराब की दुकानों पर बिक्री की भी प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश दिये।

## देवनानी ने कॉन्स्टीट्यूशन क्लब का अवलोकन किया

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष एवं कॉन्स्टीट्शन क्लब ऑफ राजस्थान की गर्वनिग कॉउंसिल के प्रेसीडेण्ट वासुदेव देवनानी और कार्यकारिणी के सदस्यों ने गुरुवार को क्लब के सभागार में गर्वनिग कॉउसिल की प्रथम बैठक की। बैठक में क्लब की सदस्यता, सदस्यों को दी जाने वाली सुविधाएँ, क्लब के संचालन, विभिन्न सेवाओं के उपयोग के संबंध में गाईड लाईन और क्लब के नियमों पर चर्चा की।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि कॉन्स्टीट्शन क्लब में बैसमेंट, भू-तल और पाँच तलों का एक लाख 95 हजार फिट निर्माण कार्य किया गया है। राज्य की यह परियोजना देश में एक बेहतर मिसाल है। क्लब में रेस्टोरेंट, कॉफी हाऊस. स्वीमिंग पुल. ऑडिटोरियम, मीटिंग हॉल, सेमिनार कक्ष, कॉन्फ्रेस हॉल, जिम, सेलून, बेडमिटन एवं टेनिस कोट, योग कक्ष, पुस्तकालय, मिनी थियेटर सहित अनैक सुविधाओं का संचालन किया जायेगा।

देवनानी ने बताया कि राज्य सभा, लोक सभा और राजस्थान विधान सभा के सदस्य व पूर्व सदस्यों को क्लब का आजीवन तथा साधारण सदस्य बनाया गया है। विभिन्न सेवाओं के अधिकारियों, प्रतिष्ठित और प्रमुख नागरिक को भी क्लब का सदस्य बनाया जायेगा।

# 'कर्तव्यपथ पर जो भी मिला, वो सही है, मैं उसे संकल्पित होकर पूरा करूंगा'

## भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने हरियाणा में भाजपा का प्रभारी बनाए जाने पर कहा

**जयपुर**। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा हरियाणा भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि, हम तो वह कार्यकर्ता हैं कि कर्तव्यपथ पर जो भी मिला, यह भी सही वो भी सही, पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसको निश्चित रूप से पूरा करेंगे, संकल्पित होकर पूरा करेंगे।


पूनिया ने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा जताया है उसके लिए भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह का आभार-अभिनंदन व्यक्त करता हूं। हरियाणा भाजपा के लिए एक फरटाइल लैंड है, लगभग साढ़े नौ वर्षों से वहां हमारी पार्टी की सरकार है, जो अच्छा शासन दे रही है, हर वर्ग की तरक्की के लिए कार्य कर रही है। हरियाणा सरकार की ऐसी बहुत सारी जनहित की नीतियां हैं, जिनसे हरियाणा का जनजीवन बदला है, लोगों के जीवनस्तर में सकारात्मक बदलाव आया है।

■ **डॉ.पूनिया ने कहा, ''पार्टी ने जो भरोसा जताया है उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री शाह का आभार प्रकट करता हूं।''**

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां धरातल पर मजबूती से लागू हुई हैं, हरियाणा सहित समस्त उत्तर भारत की जनता नेशनल एजेंडे पर वोट करती है, राष्ट्रीय मुद्दों पर मतदान करती है, इत्तेफाक रखती है राम मंदिर के निर्माण से, अनुच्छेद 370 के निस्तारण से, सीएए के लागू होने से। मुझे पूरा भरोसा है कि हरियाणा का जनमानस राज्य और देश के मुद्दों पर भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा है, हरियाणा में अच्छा संगठन धरातल पर काम करता है, अरसे से मैं हरियाणा और वहां के लोगों से वाकिफ हूँ, मेरी पूरी कोशिश रहेगी की कार्यकर्ताओं और नेताओं के समन्वय से वहां हम सकारात्मक और अच्छे परिणाम देंगे।

डॉ. पूनिया ने कहा कि पिछले वर्षों में हरियाणा में भाजपा लगातार मजबूत हुई है, हरियाणा की भाजपा सरकार ने एक अच्छा पारदर्शी और शुचिता वाला शासन दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में वैचारिक मुद्दों का समाधान किया और बुनियादी विकास किया, इसलिए हरियाणा की धरती विचार के लिए उर्वरक है। पूनिया ने कहा कि हम पिछली बार हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीते थे, इस बार नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए सभी 10 लोकसभा सीटें जीतें, इसके लिए हरियाणा के प्रत्येक कार्यकर्ता और नेता को साथ लेकर एक अच्छी रणनीति के साथ सभी 10 सीटें भाजपा जीतेगी और देशभर में भाजपा का 400 पार सीटों का संकल्प भी पूरा होगा। हरियाणा की जनता नेशनल एजेंडे पर, राष्ट्रवाद पर और देश के मुद्दों पर मत व्यक्त करती है, इस बार भी जब हम भविष्य के वोट के लिए जाएंगे, 2047 के विकसित भारत के संकल्प की तरफ जाएंगे तो उसमें हरियाणा का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। एक कार्यकर्ता के नाते अपने परिश्रम से और अपने बुद्धि कौशल से हरियाणा भाजपा के विजय संकल्प लिए जो दे पाऊंगा, पूरी कोशिश करूँगा।



**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि **श्रीमती बादामी देवी कुमावत** (धुधारीया) धर्मपत्नी श्री रामनारायण कुमावत का देवलोक गमन 20.03.2024 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 22.03.2024 को दोपहर 3.00 से 5.00 बजे तक होगी। स्थान-ढाणी भौपाकाला, नीदड वार्ड नं.1 जयपुर। शोकाकुल-छीतरमल, रामस्वरूप, कैलाश (पुत्र), राकेश, गौरीशंकर, राजेन्द्र (पौत्र), रोशन, रोहीत गौरव, रोनक (पडपौत्र), आरव (सडपौत्र) एवं समस्त धुधारीया परिवार।



**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# सैंकड़ों समर्थकों सहित प्रह्लाद गुंजल कांग्रेस में शामिल

**जयपुर**, (का.प्र.)। लोकसभा चुनाव से पहले हाड़ौती के फायर ब्रांड और बेबाक नेता के रूप में हाड़ौती में पहचान रखने वाले दो बार के भाजपा विधायक प्रहलाद गुंजल ने भाजपा का साथ छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। हाडोती में गुंजल का कांग्रेस में आना भाजपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि गुंजल न सिर्फ फायर ब्रांड नेता है, बल्कि उनकी जमीनी स्तर पर गहरी पकड़ भी मानी जाती है। इनके साथ ही विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बागी नरेश मीणा, बाड़मेर के पूर्व जिलाध्यक्ष फतेह खान और सिडको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार भी फिर से कांग्रेस के साथ आ गए।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, एआईसीसी के सचिव धीरज गुर्जर ने गुंजल को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इससे पहले कोटा से अपने समर्थकों को लेकर गुंजल वाहनों के काफिले के साथ जयपुर पहुंचे और प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर कांग्रेस से हाथ मिलाया। गुंजल ने कोटा उत्तर विधानसभा सीट से इस बार भाजपा के टिकट पर कांग्रेस के शांति धारीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ा था। हालांकि, वे करीब 2400 वोट से चुनाव हार गए थे। इससे पहले वे दो बार विधायक भी रह चुके हैं।

■ **विधानसभा चुनावों में बागी हुए फतेह खान, सुनील परिहार और नरेश मीणा की भी पार्टी में वापसी**

गुंजल को कांग्रेस में शामिल करवाने के दौरान कोटा लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायक, उम्मीदवार और जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। गुंजल को ज्वाइनिंग के दौरान हिंडोली विधायक अशोक चांदना, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, पीपल्दा विधायक चेतन पटेल, केशोरायपाटन विधायक सीएल प्रेमी मौजूद रहे साथ ही रामगंज मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी रहे महेंद्र राजौरिया, महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम भी मौजूद रही। केवल पूर्व मंत्री शांति धारीवाल इस कार्यक्रम में नहीं आए, लेकिन धारीवाल के नजदीकी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवींद्र त्यागी और देहात अध्यक्ष भानुप्रताप भी मौजूद रहे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, जयपुर पर प्रहलाद गुंजल के साथ कोटा से आये सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, इसमें प्रमुख रूप से बृजेश शर्मा, बलविन्दर सिंह, दीपक चौधरी, जतिन लोधा, विकास तँवर, सत्तु लोधा, किशन प्रजापति, नवल सिंह हाड़ा, ओम गुंजल, संदीप प्रजापति, मोहन सैनी, राजेन्द्र केवट, योगेन्द्र सुमान, मनीष गुर्जर, राकेश सपेला, घनश्याम कुमावत, बीरबल लोधा, मुरलीधर लोधा शामिल हैं।


**NAME CHANGE** I Shipra Singh D/o Mr. Kushal Pal Singh, resident of LL/3 Purusharth Nagar A, Mahal Road, Jagatura, Jaipur, my original supportive documents, excluding Patta, (Original Patta, I have) of "Plot No. 100 Radhika Vihar, Agra Road Bharatpur, UIT Panjiyan 06.02.2014 book number 01, vol.no. 900 serial no. 2014001272 has lost, lodged FIR no. 278770022400411 For Loan purpose. Founder Pls call: +91 9928073423

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती माया देवी पत्नी स्व. श्री मदन लाल दहिया, निवासी-ग्राम बुडीबावल, तहसील कोटकासिम, जिला खैरथल तिजारा। हाल निवासी-95 टैगोर नगर करतारपुरा, जयपुर के पुत्र-पुत्रवधू अजय कुमार दहिया-ललिता, पुत्र-पुत्रवधु संजय कुमार दहिया-अनुराधा मेरी अभिभाष्या के कहने में नहीं है तथा उनका आचरण व व्यवहार मेरी अभिभाष्या व परिवारजन के विपरीत है, इसलिए मेरी अभिभाष्या अपने उक्त पुत्र-पुत्रवधू व पौत्र-पौत्री अरविन्द हर्षिता, रौनक व चिंकी को अपने स्वामित्व की समस्त चल-अचल सम्पत्ति के अधिकारों से बेदखल करती है उनसे अब कोई सम्बन्ध नहीं रहा। आज के पश्चात कोई भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि मेरी अभिभाष्या के उक्त पुत्र-पुत्रवधू से कोई लेन देन एवं सम्बन्ध रखता है तो उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। सूचित रहे।
जयपुर (दिनेश शर्मा) एडवोकेट
दिनांक- 21.03.2024 मो.9875056943

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-18066 दिनांक-21.03.2024
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 81/95(LIG) का आवंटन श्री सुरेश कुमार तिवाडी पुत्र श्री कृष्ण तिवाडी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1492 दिनांक 19.08.1989 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 639/2511 दिनांक 07.09.2007 के द्वारा श्रीमती प्रेमलता पत्नी श्री ओम प्रकाश राजपूत के पक्ष में किया गया। इनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 26.06.2009 को उप पंजीयक (प्रथम) जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती प्रेमलता की मृत्यु दिनांक 17.02.2015 को हो जाने के कारण उनके पति श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री रामस्वरूप आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री रामस्वरूप का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य हीरालाल यादव पुत्र श्री गोदूराम जाति यादव(अहीर) निवासी गुमानपुरा तहसील फुलेरा जिला जयपुर का रहने वाला है। जिसके पुत्र अर्जुन यादव व मनोज यादव मेरे अभिभाष्य के अनुशासन व नियंत्रण में नही रहते तथा सामाजिक व पारिवारिक मर्यादा के अनुसार कृत्य व व्यवहार नही कर रहे है तथा अपनी मनमानी करते है तथा मेरे अभिभाष्य का किसी प्रकार से भरण पोषण इत्यादि नहीं करते है। इसलिए अर्जुन यादव व मनोज यादव को मेरा अभिभाष्य अपनी चल व अचल सम्पत्ति से वंचित/ बेदखल करता है। सूचनार्थ - लक्ष्मीनारायण कलवानिया एडवोकेट, सांभरलेक जिला जयपुर। मोबाईल नंबर 9928321254

**आम सूचना:**
सूचित किया जाता है कि आवासीय सम्पत्ति आबादी प्लाट पट्टा नम्बर 32 में से 1/3 हिस्सा में स्थित, ग्राम पंचायत खोरा बीसल, पंचायत समिति आमेर, जयपुर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 533.33 वर्गगज है। यह कि प्लाट पट्टा नम्बर 32, कुल क्षेत्रफल 4800 वर्गगज ग्राम पंचायत खोरा बीसल द्वारा जरिये पट्टा दिनांक 09.02.1970 के द्वारा श्री मदनलाल, श्री सुखदेव एवं श्री बाछू लाल शर्मा को आवंटित किया गया था। तत्पश्चात श्री मदन लाल शर्मा ने उक्त वर्णित प्लाट में से अपने 1/3 हिस्से में से एक प्लाट कुल क्षेत्रफल 533.33 वर्गगज को जरिये पंजीबद्ध विक्रय पत्र लिखा हुआ दिनांक 06.05.2010 के द्वारा श्री पुरुषोत्तम शर्मा को विक्रय करदिया। तत्पश्चात श्री पुरुषोत्तम शर्मा ने उक्त वर्णित प्लाट को जरिये पंजीबद्ध विक्रय पत्र लिखा हुआ दिनांक 21.10.2020 के द्वारा श्री राजेश अग्रवाल को विक्रय कर दिया। उक्त वर्णित सम्पत्ति को श्रीमती सपना शर्मा द्वारा श्री राजेश अग्रवाल से क्रय करने हेतु मेरी अभिभाष्या चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त ऋण के बाबत किसी भी व्यक्ति, वारिसान, संस्था, बैंक या अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस मय साक्ष्य सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधिनुसार शून्य होगी। गिर्राज शर्मा एडवोकेट, 204, सैकिण्ड फ्लोर, जवाहर टावर, गायत्री मार्ग, बनीपार्क, जयपुर, मो. 9828126100

**खोया पाया**

भू. सं. ए-9, योजना हीरा लाल शास्त्री नगर का मूल निलामी की पुष्टि एवं मांग पत्र दिनांक 10.06.2022 कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। केशव कुमार मो. 9958539522

प्लाट नं. सी-4-ए, योजना गोविन्दपुरी-सी रामनगर जयपुर की समिति द्वारा जारी रसीद कहीं गुम हो गई है मिलने पर सम्पर्क करें-भैरूलाल शर्मा एवं गीता देवी मो. 9314938989

हमारे मकान संख्या बी-150 मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर के कुछ मूल दस्तावेज जयपुर सिटी में कहीं गिर गए है मिलने पर सूचित करें-त्रिशला काला-9828241289

मेरे आवास संख्या 101/37 मानसरोवर, जयपुर के समस्त प्रपत्र कहीं खो गये हैं। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो.8769463049

**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री के दस्तावेजों में माता पिता का नाम ओमप्रकाश मीणा एवं शांतिदेवी दर्ज है जो कि गलत है सही रामनिवास मीणा एवं हीरादेवी है। भविष्य में मेरी पुत्री को अवन्ती मीणा पुत्री रामनिवास मीणा एवं हीरादेवी के नाम से जाना जावें। निवासी तलाईवाली ढाणी, डोडाचोड, नायला, जिला जयपुर।

I Sunil Kaur is legally wedded spouse of army no. 2991440F Ex Hav Pradeep singh R/o plot no. 26 hanuwant nagar gokulpura jhotwara Jaipur that have changed my name From Sunii Kaur is wrong entered in service record to Sunil Kanwar vide affidavit dated 19 may 2024 before district notary Jaipur.

I have changed my name from Chander Bhaga to Chandra Bhaga for all purpose R/o 2/278 Vidhyadhar nagar Jaipur (Raj.)

I have changed my name from Ashok Kumar Badhalia to Ashok Jindal for all purpose. R/o 2/278 Vidhyadhar nagar Jaipur (Raj.)

**आम सूचना** यह कि मेरे व्यवहारी Bandhan Bank Limited जयपुर (राज.) से श्री बृजेश सिंह पिता श्री रणवीर सिंह निवासी खांद का पुरा, ग्राम तूतावास, मुरैना, मध्यप्रदेश-476111 हाल निवासी मकान नम्बर 13/118, मालवीय नगर जिला जयपुर (राज.) यह कि मकान/फ्लैट संख्या- 13/244 (जी.एफ.) योजना मालवीय नगर जिला जयपुर (राज.) में स्थित है जिसके मकान/फ्लैट का कुलिया क्षेत्रफल 46.87 वर्गमीटर है उक्त मकान फ्लैट संख्या- 13/244 (जी.एफ.) को Bandhan Bank Limited जयपुर (राज.) में बंधक रखकर ऋण सुविधा प्राप्त करना चाहते है। इस बाबत (वर्तमान स्वामी) श्रीमती पदमा जैन पत्नी स्व. श्री प्रवीण चन्द जैन से श्री बृजेश सिंह पिता श्री रणवीर सिंह ने मकान को क्रय करने बाबत विक्रय ईकरार किया हुआ है। उक्त मकान/फ्लैट संख्या- 13/244 (जी.एफ.) से सम्बन्धित आवंटन एवं कब्जा पत्र क्रमांक- 338 दिनांक 15.09.1990 एवं हैण्डिंग ओवर सर्टिफिकेट दिनांक 09.07.1990 को कार्यालय राजस्थान आवासन मण्डल, जिला जयपुर (राज.) द्वारा श्री टीकमचन्द जैन के नाम जारी किये गये। यह दोनों असल आवंटन एवं कब्जा पत्र एवं हैण्डिंग ओवर सर्टिफिकेट कहीं गुम हो गये है। उक्त गुमे हुए असल दस्तावेजो के मुताबिक Online प्रथम सूचना गुमशुदगी रिपोर्ट Station House officer cyber Crime Police Station Rajasthan L.R. No. 20113002/2024 Dated 18.03.2024 मे दर्ज कराई जा चुकी है। यदि किसी भी शख्स, बैंक, सरकारी, गैर सरकारी संस्था, वित्तीय संस्थान को इन खोये हुए दस्तावेजो एवं सम्पत्ति के टाईटल, स्वामित्व सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर मय दस्तावेज मेरे व्यवहारी या मुझसे सम्पर्क करे अन्यथा बाद गुजरने मयाद किसी भी शख्स की आपत्ति आयी तो वह मेरे व्यवहारी के मुकाबले बेजां, बेअसर व शून्य समझी जावेगी।
दिनांक 20.03.2024, मो.नं. 7737556500 वास्ते- गिरिराज सोनी एण्ड एसोसिएटस गिरिराज सोनी एडवोकेट

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाके ग्राम टेकचन्दपुरा तहसील तूंगा जिला जयपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 143/1 रकबा 4.2234 है. 74 रकबा 1.5048 है. कुल किता 2 कुल रकबा 5.7282 है. के हिस्सा 1/7 (0.8183 है.) के खातेदार काश्तकार सूज्या पुत्र जगन्नाथ से उसके हिस्से की भूमि को मेरे अभिभाष्य सुरेश चन्द शर्मा पुत्र श्री मूलचन्द जाति हरियाणा ब्राह्मण निवासी ग्राम तिलपट्टी तहसील बस्सी जिला जयपुर ने दिनांक 06.03.2024 को जरिये इकरारनामा खरीद लिया है एवं जल्द ही मेरा अभिभाष्य खातेदार से अपने हक में विक्रय पत्र पंजीबद्ध करवायेगा इसलिए किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के भीतर-भीतर मेरे अभिभाष्य को सूचित करें अन्यथा उसके पश्चात की समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की व्यक्तिगत होगी।
दिनांक (राजेश कुमार शर्मा) एडवोकेट
मो.नं. 9928305990

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय**
व्यवहार मिश्रित (मुल्फरिक वाद संख्या 2407/2024
विषय-वास्ते नियुक्त किये जाने मैनेजर/संरक्षक
1. शिवा कुमावत पुत्र श्री चेतन कुमावत आयु 13 वर्ष नाबालिग, निवासी प्लाट नंबर ई-512 लालकोठी योजना जयपुर राजस्थान जरिये प्राकृतिक संरक्षक पिता चेतन कुमावत
2. कन्हैया कुमावत पुत्र श्री चेतन कुमावत आयु 10 वर्ष नाबालिग, निवासी प्लाट नंबर ई-512 लालकोठी योजना जयपुर राजस्थान जरिये प्राकृतिक संरक्षक पिता चेतन कुमावत
प्रार्थी का नाम- चेतन कुमावत पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह कुमावत आयु 35 वर्ष, जाति कुमावत, निवासी प्लाट नंबर-ई-512 लाल कोठी योजना जयपुर।
विवाद स्थल- फार्म हाउस नंबर 01, योजना "यदुपति फार्मस", स्थित ग्राम मुहाना तहसील सांगानेर जिला जयपुर राजस्थान [illegible]

**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 118/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री पियूष दूबे पुत्र श्री आलोक दुबे निवासी 52 रूप नगर 9 दुकान कालवाड रोड जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रेम भागवत जन सेवा ट्रस्ट प्रयास पता फ्लैट नम्बर एस-1, द्वितीय फ्लोर, प्लॉट संख्या 75, महादेव रेजीडेन्सी द्वितीय, आनन्दम कालवाड रोड हाथौज जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 20.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 24.05.2024
मोहर अदालत
आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 76/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्रीमती संगीता यादव पत्नी श्री जयप्रकाश यादव निवासी प्लॉट नं. सी-413, वैशाली नगर जयपुर राज. ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत अमेरिकन किड्स फाउण्डेशन प्लॉट नं. सी-413, ग्राउण्ड फ्लोर वैशाली नगर जयपुर राज. के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 20.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 01.05.2024
मोहर अदालत
आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 01/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
[illegible]
आज दिनांक 11.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 12.04.2024
मोहर अदालत
आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

# साफ-सुथरी सड़कों की रि-कारपेंटिंग करने पर जे.डी.सी. ने रिपोर्ट मांगी

## बताया जा रहा है कि निदेशक इंजीनियरिंग अजय गर्ग द्वारा गठित जांच कमेटी ने सिफारिश की है कि पुलिस कमिश्नरेट से अजमेर रोड तक डामर नहीं की जाएगी

**जयपुर** (कासं)। अजमेर रोड पर सोडाला से पुरानी चुंगी तक सही और साफ सुथरी सड़क पर नए सिरे से रि-कारपेंटिंग कर जे.डी.ए. को 7 करोड़ का नुकसान पहुंचाने की कोशिशों की पोल खुल चुकी है। इस प्रकरण में जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने भी रिपोर्ट मांग ली है।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट से 200 फीट बाईपास तक साफ-सुथरी सड़क पर नए सिरे से रि-कारपेंटिंग करवाने के मामले की भनक लगते ही पिछले दिनों जैसे ही जेडीए के निदेशक इंजीनियरिंग अजय कुमार गर्ग को लगी तो उन्होंने जांच के लिए एडिशनल चीफ इंजीनियर संजय शर्मा के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया था, जिसकी जांच में शिकायत सही पाई गई। इसके बाद तय हुआ कि पुलिस कमिश्नरेट से अजमेर रोड तक डामर नहीं की जाए और अजमेर रोड से सोडाला 200 फुट बाईपास पर डामर कर दी जाए। बताया जा रहा है कि अब सिर्फ सोडाला से अजमेर रोड पर पुरानी चुंगी तक, जिस सड़क की रि-कारपेंटिंग की जायेगी।

सूत्रों की मानें तो इस सड़क पर ठेकेदार आर.एम. कंस्ट्रक्शन एक साल से काम नहीं कर रहा था। उसे नोटिस भी दिए थे लेकिन उसके बाद भी काम शुरु नहीं हुआ। इसका टेंडर भी बाजार दर से 30 प्रतिशत अधिक दर पर है। चर्चाएं है कि आर.एम. कंस्ट्रशन ने अपनी 5 करोड़ की मार्जिन मनी लेकर यह काम लटाला कंस्ट्रशन को सौंप दिया है। जेडीसी मंजू राजपाल ने इसकी विस्तृत रिपोर्ट बना कर देने को कहा था। उन्होंने पहले भी जेडीए में करोड़ों रुपये के गैर जरूरी कामों पर कटौती की थी।




कालवाड़ रोड पर करधनी थाने के पीछे जिस मुख्य सड़क पर डामर की जा रही है, वह सड़क फिलहाल अच्छी-खासी स्थिति में है।

- **जे.डी.ए. के इंजीनियर्स ने क्वींस रोड पर दो माह पहले पेचवर्क कराया, अब 3 करोड़ रुपये खर्च करके सड़क बनाने की तैयारी शुरू कर दी**
- **कालवाड़ रोड पर करधनी थाने के आसपास की कॉलोनियों में डामर की पतली सड़क बिछाकर भुगतान उठाने की तैयारी में जुटा ठेकेदार**

वहीं दूसरी ओर क्वींस रोड पर किया गया पेचवर्क भी बर्बाद कर दिया गया है। यहां दो माह पहले ही सड़कों पर पेचवर्क भर कर गड्ढे भरे थे। पेचवर्क की गुणवत्ता भी अच्छी थी। बाकी सड़क भी आराम से 2 साल तक चल जाती लेकिन इंजीनियर्स को यह पसंद नहीं आया। उन्होंने इस काम का भी 3 करोड़ का टैंडर कर दिया और लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से से पहले ही मंजूर भी करवा लिया।

इसी प्रकार कालवाड़ रोड पर करधनी थाने से डी-मार्ट की ओर जाने वाली सड़क तथा उसके आसपास की कॉलोनियों में भी डामर की पतली सड़क बिछाने का काम चल रहा है। यहां पर ठेकेदार फर्म गोकुलनाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी, टैंडर लेकर भी दो वर्ष तक सड़क बनाने का काम शुरू नहीं कर रही थी। गत दिनों जोन सात में एक्सईएन और एईएन की नई पोस्टिंग होने के बाद ठेकेदार पर जुर्माना करने की बजाय उसे पुरस्कार देने की तैयारी कर ली। साथ ही उसे दो साल पुराना वर्क आर्डर पर काम शुरू करने के निर्देश दे दिए। इसके बाद ठेकेदार ने सड़क बनानी शुरू की है। हालात ऐसे है कि जो सड़क बनाई जा रही है, उसकी गुणवत्ता भी सही नहीं है। डामर की मोटाई भी कम है। डामर की मोटाई कम होने से सड़क फिर से बिखरने का खतरा बना हुआ है। सड़क निर्माण के समय जे.डी.ए. के अधिकारी भी मौके पर नहीं जा रहे हैं।

# एस.आई. भर्ती पेपर लीक मामले के चार आरोपियों को जेल भेजा

## अब दो दर्जन लेक्चरर भी एस.ओ.जी. की रडार पर

**जयपुर** ( कासं )। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में पेपर लीक कर और डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले राजेंद्र उर्फ राजू, राजेद यादव शिक्षक, हर्षवर्धन पटवारी और शिवरतन को गुरुवार कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अब इस मामले में एसओजी अन्य संदिग्ध सब इंस्पेक्टरों पर कार्रवाई की तैयारी में है।

- **एस.ओ.जी. की जांच में करीब 200 सब इंस्पेक्टरों की पेपर लीक सहित अन्य माध्यमों की गड़बड़ी सामने आ रही है। जांच पूरी होने के बाद इन पर भी शिकंजा कसा जाएगा।**

इस मामले में करीब दौ सौ से अधिक सब इंस्पेक्टर एसओजी की राडार पर है जिनके नम्बर सहित अन्य मामलों में गड़बडी की बात सामने आई है। परीक्षा रिक्रिएशन के माध्यम से एसओजी ने पेपर लीक और डमी केंडिडेंट बैठाने की बात को सहीं साबित करने के लिए साक्ष्य जुटाए है जो कि आगामी समय में जरुरत पड़ने पर कोर्ट में पेश किए जा सकते है।

एसओजी एडीजी वीके सिंह ने कहा कि पेपर लीक होने से कई योग्य अभ्यर्थी चयन से बाहर हो गए। वह पेपर लीक से जुड़े हर संदिग्ध तक पहुंच रहे हैं, लेकिन जो मेहनत से भर्ती हुए हैं, उनके साथ भी न्याय होना चाहिए। जांच पूरी होने पर ही निर्णय हो पाएगा कि परीक्षा निरस्त हो या नहीं।

उधर एसआई परीक्षा में छानबीन के साथ अब एसओजी की नजर स्कूल लेक्चरर परीक्षा के फर्जीवाड़े पर है। बुधवार को दो महिला लेक्चरर के पकड़े जाने के बाद अब करीब दो दर्जन लेक्चरर एसओजी की राडार पर है। एसओजी इन लेक्चरर के दस्तावेज सहित परीक्षा से जुड़े विभिन्न तथ्यों की जांच कर रही है। अब तक की जांच में सामने आया कि स्कूल लेक्चरर परीक्षा में भी डमी कंडिडेट और पेपर लीक सहित अन्य गड़बड़ियां सामने आ रही है। इनकी जांच के बाद कार्रवाई आगे बढ़ेगी। फिलहाल बुधवार को अरेस्ट दो महिला लेक्चरर की जांच ही पूरी हो पाई थी, जिसके बाद अरेस्ट करने के बाद इनसे पूछताछ की जा रही है।

उधर, एसआई पेपर लीक और डमी कैंडिडेट मामले की जांच अभी खत्म नहीं हुई है। अभी तो बड़ी संख्या में सब इंस्पेक्टर जांच के दायरे में है। एसओजी की जांच में करीब 200 सब इंस्पेक्टरों की पेपर लीक सहित अन्य माध्यमों की गड़बडी सामने आ रही है। जांच पूरी होने के बाद इन पर भी शिंकजा कसा जाएगा। एसओजी ने इस परीक्षा में पूरी तरह से पेपर लीक सहित अन्य बातों की जांच में सही पाया है। राजस्थान पुलिस अकादमी और पुलिस ट्रेनिंग सेंटर किशनगढ़ में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षुओं में से 55 एसआई भी एसओजी के रडार पर हैं।

# 73 चिकित्सा प्रभारियों को नोटिस

## निरीक्षण के बाद भी साफ-सफाई में सुधार नहीं करने का मामला

**जयपुर** । प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में लापरवाही बतरने वाले अधिकारियों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है।

प्रदेशभर के चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से चलाए जा रहे औचक निरीक्षण अभियान के तहत अपेक्षा अनुरूप सुधार नहीं लाने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने 73 चिकित्सा संस्थानों के प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर, अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा चिकित्सा संस्थानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण अभियान के तहत 4 विजिट के बाद भी 73 चिकित्सा संस्थानों में शौचालय एवं साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। इसे गंभीरता से लेते हुए चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 17 मार्च तक चिकित्सा संस्थानों के 9 हजार से अधिक निरीक्षण किए गए हैं। इसके बाद मानव संसाधन, चिकित्सा संस्थानों के भवन एवं परिसर की स्थिति, लेबर रूम एवं वार्ड्स की स्थिति, सफाई, दवा एवं उपचार की स्थितियां सुधरी।

# सारस्वत समाज की 100 महिलाओं का सम्मान किया



**जयपुर** । सारस्वत ब्राह्मण समाज और सारस्वत महिला मंडल, जिला जयपुर की ओर से यहां आयोजित एक समारोह में समाज की 100 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सारस्वत ब्राह्मण समाज केअध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, महामंत्री सुरेश सारस्वत और महिला अध्यक्ष कुलदीप शर्मा की ओर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से महिला दिवस कार्यक्रम में भागीदारी देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। महिला मंडल उपाध्यक्ष राखी शुक्ला ने बताया कि बाहर से आने वाली महिलाओं को समाज की परिवार परिचायिका भेंट की गई।

# 'एफ.एस.एल. निदेशक बताए कि रिपोर्ट आने में क्यों हो रही है देरी'

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने पॉक्सो से जुड़े एक मामले में एफएसएल की रिपोर्ट आए बिना ही चालान पेश होने व केस की ट्रायल शुरू होने पर एफएसएल निदेशक को शुक्रवार को अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उनसे पूछा है कि एफएसएल रिपोर्ट आने में देरी क्यों हो रही है और इसमें एफएसएल गाइडलाइन की पालना क्यों नहीं की जा रही है। जस्टिस समीर जैन ने यह निर्देश आरोपी विनोद की जमानत अर्जी पर दिया।

आरोपी के अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने अदालत को बताया कि उसके खिलाफ सवाईमाधोपुर के खंडार पुलिस थाने में अगस्त 2023 में पॉक्सो का मामला दर्ज हुआ था। इस केस में ना तो एफएसएल रिपोर्ट आई है और ना ही मेडिकल बोर्ड ने अपना अंतिम नतीजा दिया है। इसके बावजूद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चालान पेश कर दिया है और केस की ट्रायल शुरू हो चुकी है। ट्रायल के दौरान पीड़िता ने उसके साथ दुष्कर्म नहीं होने की बात कही है।

ऐसे में आरोपी को जमानत दी जाए। अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए घटना के छह महीने बाद भी एफएसएल रिपोर्ट नहीं आने को गंभीर माना और एफएसएल निदेशक को रिपोर्ट में हो रही देरी पर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है। गौरतलब है कि हत्या और दुष्कर्म जैसे गंभीर मामलों में एफएसएल रिपोर्ट अभियोजन पक्ष का अहम साक्ष्य होता है।

# होली और धुलंडी पर्व के लिए अफसरों को सौंपी जिम्मेदारियां

**जयपुर**, (का.सं.)। आगामी 24 मार्च को होली और 24 मार्च को धुलण्डी पर्व उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इन पर्वों पर सतर्कता एवं संवेदनशीलता बनाये रखने के साथ-साथ जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर जयपुर जिले के सभी पुलिस उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण को सांप्रदायिक सौहार्द, कानून व्यवस्था, यातायात सहित सभी माकूल व्यवस्था करने के अलावा अतिसंवेदनशील इलाकों में सतत निगरानी रखने के भी निर्देश दिये हैं। जयपुर नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज को होली और धुलण्डी के बाद अतिरिक्त स्टाफ तैनात कर सफाई के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन वाहन मय उपकरण और स्टाफ तैनात करने के लिए निर्देशित किया गया है।

साथ ही उपायुक्त नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज को 24 मार्च एवं 25 मार्च को थाना रामगंज, माणक चौक ब्रह्मपुरी, शास्त्री नगर, कोतवाली, मालवीय नगर, लालकोठी, आदर्श नगर, मानसरोवर, सांगानेर, वैशाली नगर एवं पुलिस कंट्रोल रूम यादगार जयपुर पर अग्निशमन वाहन मय आवश्यक उपकरण एवं स्टाफ तैनात करने के लिए निर्देशित किया गया है। अधीक्षण अभियन्ता, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी को 25 मार्च को दोपहर 12 बजे से सांय 6 बजे तक पानी की अतिरिक्त आपूर्ति करने की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को थाना रामगंज, माणक चौक ब्रह्मपुरी, शास्त्री नगर, कोतवाली, मालवीय नगर, लालकोठी, आदर्श नगर, मानसरोवर, सांगानेर, वैशाली नगर एवं पुलिस कंट्रोल रूम जयपुर पर एंबुलेंस वाहन मय चिकित्साधिकारी, नर्सिंग स्टाफ एवं जरूरी दवाएं तैनात करने के निर्देश दिये गए हैं। होली के पर्व पर मिलावटी मिठाइयों की बिक्री की संभावना को देखते हुए खाद्य निरीक्षकों को जयपुर जिले की मिठाईयों, दूध, मावा, पनीर की दुकानों का औचक निरीक्षण कर जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है।

# आयकर सेवाओं के बारे में जानकारी दी

**जयपुर**, (का.सं.)। आयकर विभाग की ओर से आउटरीच वर्कशॉप का आयोजन सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के मुख्यालय पर किया गया। वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य ई-मित्र, स्थनीय सेवा प्रदाताओं एवं बीटूसी सेवा प्रदाताओं की ओर से ई-मित्र पोर्टल के माध्यम से आमजन को प्रदान की जा रही आयकर विभाग से संबंधित सेवाओं के बारे में जागरूक करना था। वर्कशॉप में लगभग 70 से अधिक स्थानीय सेवा प्रदाता, 15 बीटूसी सेवा प्रदाता तथा 500 से अधिक ई-मित्र कियोस्क धारक ने ऑनलाइल एवं ऑफलाइल मोड में भाग लिया।

पैन कार्ड से संबंधित सेवाएं जैसे नये पैन कार्ड हेतु आवेदन, पैन कार्ड में संशोधन इत्यादि के लिये एनएसडीएल और यूटीआईआईटीएसएल इनकम टैक्स विभाग की ओर से अधिकृत सेवा प्रदाता है। ई-मित्र की ग्राम स्तर तक पहुंच को देखते हुए ई-मित्र के साथ एनएसडीएल का इंटीग्रेशन किया गया है। साथ ही कुछ बीटूसी पार्टनर्स के माध्यम से भी पैन से संबंधित सेवाएं 80 हजार ई-मित्र द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में प्रदान की जा रही है।

इनकम टैक्स विभाग की इनकम टैक्स रिटर्न भरने की सेवा भी ई-मित्र के माध्यम से आमजन को दी जा रही है। इस संबंध में प्रशिक्षण का अभाव होने के कारण पैनकार्ड जारी करने तथा पैन कार्ड को अपडेट करने, पैन आधार की लिंकिंग, आईटीआर भरने इत्यादि से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याएं विभाग द्वारा फील्ड स्तर से रिपोर्ट की गई। इसे ध्यान में रखते हुए आयकर विभाग की ओर से इस प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

## सार-समाचार

### जैन बैंकर्स फोरम का गोद भराई कार्यक्रम



**जयपुर** । वैशालीनगर में 27 मार्च से 1 अप्रैल तक आचार्य सुनील सागर संघ के पावन सानिध्य में आयोजित पंच कल्याणक में जैन बैंकर्स परिवार की संतोष जैन एवं अशोक पाटनी पूर्व सहायक महा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक को तीर्थंकर के माता-पिता के रूप में क्रियाएं संपन्न कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा इस प्रक्रिया में पुण्यार्जक परिवार का अभिवादन करने का निश्चय किया गया, इसके लिए वैशालीनगर जैन मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत ओमप्रकाश काला, मंत्री दिगंबर जैन मुनि संघ ने पंचकल्याणक के सौधर्म इंद्र इंद्राणी प्रवीण व प्रिया बड़जात्या एवं तीर्थंकर माता पिता अशोक व संतोष पाटनी का तिलक लगाकर स्वागत किया । इन दोनो पात्रों का जैन बैंकर्स फोरम के सदस्यों ने माला, दुपट्टा, शाल, साफा, साड़ी आदि के द्वारा सम्मान प्रकट किया । गोला मिश्री आदि अष्ट मेवों सहित तीर्थंकर की माता संतोष पाटनी की सभी जैन बैंकर्स ने एक साथ मिलकर आनंद की अभिव्यक्ति के साथ गोद भराई का धार्मिक संस्कार पूर्ण किया । तीर्थंकर के पिता बने अशोक पाटनी का फलों की टोकरी से अभिनंदन किया। तीर्थंकर माता ने सभी उपस्थित जन की मेवों एवं फल के साथ झोली भरी । दोनों दंपत्तियों को तीर्थंकर मुनिसुव्रत भगवान की तस्वीर भेट की गई । कार्यक्रम में धनपति कुबेर धनश्री नमन- रिचा जैन, ईशान इंद्र विक्रांत-रेशु जैन सिंघई एवं माहेंद्र विकास-मेनका बडजात्या का भी प्रफुल्लित मन से सत्कार कर बधाई दी ।इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा मन की आवाज के साथ विनतियों का कार्यक्रम जारी रखकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया । भक्तिनृत्य के साथ सभी उपस्थित जन झूम उठे, इस तरह खचाखच भरे मंदिर परिसर को अष्टांहिका पर्व में स्वर्गलोक के इंद्रों द्वारा नंदीश्वर द्वीप में की जानेवाली भक्ति, पूजा का परिवेश निर्मित कर दिया।

### अशिमत कॉर्पोरेशन ने बांटी सामग्री




**जयपुर** (कासं)। डिजिटल मार्केटिंग कंपनी अशिमत कॉर्पोरेशन प्रा. लि. ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए 18-19 मार्च को जयपुर के कई संस्थानों और स्कूलों में कपड़े, खाद्य सामग्री, फल-मिठाईयां और वाटर कूलर भेंट किए। कंपनी के निदेशक अमित माथुर ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी करीब 11 लाख रुपये की विभिन्न वस्तुओं को जरूरत के मुताबिक स्कूलों और संस्थानों में वितरित किया गया है। कंपनी की तरफ से जयपुर ग्रामीण के दो सरकारी स्कूलों रामनगरिया और जगतपुरा में 500 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पानी की बोटल, टिफिन बॉक्स व इंस्ट्रूमेंट्स बॉक्स प्रदान किए। स्कूल के अध्यापकों ने इस मदद के लिए अमित माथुर और सौरभ भट्नागर का मार्ल्यापण कर स्वागत किया। अमित माथुर ने बताया कि अगले माह सरकारी स्कूलों में 100 पंखे और 5 वाटर कूलर देने का निश्चय किया है। प्रताप नगर स्थित मदर टेरेसा होम में भी 111 किलो सूखा राशन और 150 डायपर भेंट किए गए है।

### युवक पर किया जानलेवा हमला

**जयपुर** । कोतवाली थाना इलाके में दिनदहाड़े एक बदमाश ने छात्र पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। भीड़ जमा होता देखकर बदमाश गाडी लेकर भाग निकला। घायल युवक का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार ब्रह्मपुरी निवासी हितेश सैनी ने मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से गोविंद देव जी गया था। मंदिर गेट के बाहर खड़ा रहने के दौरान एक युवक ने उसके पैर पर गाड़ी चढ़ा दी। विरोध किया तो कार से रविंद्र सिंह बाहर निकला और उसकी पीट पर चाकू से 4-5 वार कर दिया। इससे उसकी पीठ से खून बहने लगा। घायल हितेश सैनी पूर्णिमा कॉलेज में बी टेक प्रथम ईयर का छात्र है।

# पिंकसिटी प्रेस क्लब चुनाव के लिए नामांकन आज से

**जयपुर** । पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर की प्रबन्ध कार्यकारिणी 2024-25 के होने वाले वार्षिक चुनाव के लिए 22 मार्च से नामांकन पत्र स्वीकार होंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल.एल.शर्मा ने बताया कि नामांकन पत्र 22 और 23 मार्च को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक लिए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 26 मार्च को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक होगी। उन्होनें बताया कि 27 मार्च को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 30 मार्च को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। मतों की गिनती 31 मार्च को सुबह 10 बजे से की जाएगी। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष के एक-एक पद, उपाध्यक्ष के लिए दो पदों और प्रबन्ध कार्यकारिणी के दस पदों के लिए चुनाव होंगे।मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल.एल. शर्मा ने बताया कि चुनाव सम्पन्न करने के लिए निर्वाचन मण्डल का गठन कर दिया गया है। इसमें सुरेश योगी को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

# नि:शुल्क जांच शिविर आयोजित

**जयपुर**। एस.एस. जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय रामबाग सर्किल में एन एस एस इकाइयों द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सक परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें "ए एस जी आई हॉस्पिटल" जयपुर, के चिकित्सकों द्वारा छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों की निशुल्क नेत्र जांच की गई तथा परामर्श दिए गये। महाविद्यालय की प्राचार्य ने स्वयंसेविकाओं को नेत्र जांच के लिए प्रोत्साहित किया, जिसमें 200 छात्राओं एवं स्टाफ ने नेत्र परीक्षण करवाया।

# मुख स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया

**जयपुर** । विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर आईडीए जयपुर ग्रेटर द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता पखवाड़े के तहत गुरूवार को जवाहर सर्किल पर सदस्यों ने मालवीय नगर, सांगानेर, जगतपुरा व आस पास की कॉलोनियों के लोगों को दांतों की साफ़-सफ़ाई के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर आईडीए के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. हरीश भारद्वाज ने आईडीए जयपुर ग्रेटर के द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की व अध्यक्ष डॉ प्रशांत भारद्वाज व सचिव डॉ सुनील राघव को बधाई दी । आईडीए जयपुर ग्रेटर की डॉ रमा पांडे ने बताया कि दो भोजन के बीच में मीठा दांत की सड़न को बढ़ता है। मीठा कम खायें स्वस्थ दांत के लिये रेशेदार फल-सब्ज़ी का सेवन बढ़ाएं। आईडीए राजस्थान के सचिव डॉ. जे.एस. वालिया ने बताया कि राजस्थान में विशेष रूप से दंत रोग से बचाव एवं निदान का कार्य जारी है।



महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने "घूमो जयपुर" अभियान के तहत गुरूवार प्रात: 6:30 बजे प्रताप नगर सेक्टर-16 के गार्डन में आमजनता के साथ बैडमिंटन खेलकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। महापौर ने कहा कि हम 'घूमो जैपुर-खेलो जैपुर' के माध्यम से लोगों को फिट रहने का संदेश देंगे। उन्होंने पार्क में लोगों के साथ सफाई की और उन्हें एक-एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण की शपथ दिलाई।

# पुलिसकर्मी बनकर एक लाख रु.ठगे

**जयपुर** । "मैं पुलिसकर्मी बोल रहा है और आपकी बेटी को एक मामले हमने हिरासत में लिया है। अगर आप अपनी बेटी को छुड़ाना चाहते हो तो एक लाख रुपये डाल दो। आपकी बेटी सकुशल वापस पहुंच जाएगी।" डर के चलते एक पिता ने आरोपित के नंबरों पर दो बार में एक लाख रुपये डाल दिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने एसएमएस थाना मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गोविंद मार्ग राजापार्क निवासी कोस्तुब नवलखा ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। आरोपित ने स्वयं को पुलिसकर्मी बताया और कहा कि आपकी बेटी जोधपुर में पढ़ती है ना। हांमी भरने पर फोनकर्ता ने कहा कि उसे एक मामले में हमने हिरासत में ले लिया है। अभी तक उसका नाम रिकॉर्ड में नहीं चढ़ाया है। उसकी जिंदगी बर्बाद होने से बचाना चाहते हो तो एक लाख रुपये इस नम्बर पर डाल तो। इस पर पीडित ने बिना कुछ सोचे समझे आरोपित के मोबाइल पर ऑनलाइन दो बार में एक लाख रुपये डाल दिए। पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने बिना कुछ सोचे-जांचे बिना आरोपित के बताए नम्बरों पर पैसे भेज दिए।


# शिवदासपुरा थाने में पुलिस आयुक्त ने की जनसुनवाई

**जयपुर** । जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरूवार को शिवदासपुरा थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र विश्नोई, पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद, सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू सुरेंद्र सिंह सहित संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे।

बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस सकारात्मक पहल से आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए सभी थानों में भी प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। यही नहीं जनसुनवाई के बारे में औचक निरीक्षण कर जानकारी भी ली जा रही है। आयुक्त ने इससे पहले जयपुर (दक्षिण) शिप्रापथ, जयपुर (पूर्व) कानोता, जयपुर (पश्चिम) करधनी एवं जयपुर (उत्तर) विद्याधरनगर थाने में जनसुनवाई कर आयुक्त ने सैकड़ों परिवादियों को राहत दी थी। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध रूप से रहे किरायेदार, जमीन के डबल पट्टे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट, धमकी सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जयपुर (दक्षिण) पुलिस थाना चाकसू, शिवदासपुरा, सांगानेर सदर एवं कोटखावदा क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताकर समाधान पाया।




## World Water Day


Water Day is an annual event that looks at the global issues surrounding access to clean, safe drinking water and sanitation. This year's *Water Day* is focusing on the link between water and climate change, and how the two are linked. The UN has said, "Adapting to the water effects of climate change will protect health and save lives." Water is such a precious commodity that many take for granted. *World Water Day* is a chance to think about those people and places where water needs are still 'paramount,' and seek to work together to find a 'solution.'

#BREAKTHROUGH

## Brain Stimulation Therapies

This technique can increase or decrease brain activity, but is most powerful when it targets specific brain functions that affect behaviours. This way, long-term memory as well as learning can be improved. The long-term goal is to use this technique in the treatment of psychiatric and neurological disorders.





For the first time, researchers show how the brain can precisely 'adapt to external stimulation.' Those at the University of Minnesota showed that non-invasive brain stimulation can change a specific 'brain mechanism' that is directly related to human behaviour. This is a major step forward for discovering new therapies to treat brain disorders such as schizophrenia, depression, Alzheimer's disease, and Parkinson's disease.

The study was recently published in *Nature Communications*, a peer-reviewed, open access, scientific journal.

Researchers used what is called 'Transcranial Alternating Current Stimulation' to modulate brain activity. This technique is also known as 'Neuromodulation.' By applying a small electrical current to the brain, the timing of 'when brain cells are active' is shifted. This modulation of neural timing is related to neuroplasticity, which is a change in the connections between brain cells, that is needed for human behaviour, learning, and cognition.

"Previous research showed that brain activity was time-locked to stimulation. What we found in this new study is that this relationship slowly changed and the brain adapted over time as we added in external stimulation," said Alexander Opitz, University of Minnesota Biomedical Engineering associate professor. "This showed brain activity shifting in a way we didn't expect."


This result is called 'neural phase precession.' This is when the brain activity gradually changes over time in relation to a repeating pattern, like an external event or in this case non-invasive stimulation. In this research, all three investigated methods (computational models, humans, and animals) showed that the external stimulation could shift brain activity over time.

"The timing of this repeating pattern has a direct impact on brain processes, for example, how we navigate space, learn, and remember," Opitz said. The discovery of this new technique shows how the brain adapts to external stimulation. This technique can increase or decrease brain activity, but is most powerful when it targets specific brain functions that affect behaviours. This way, long-term memory as well as learning can be improved. The long-term goal is to use this technique in the treatment of psychiatric and neurological disorders.

Opitz hopes that this discovery will help bring improved knowledge and technology to clinical applications, which could lead to more personalized therapies for schizophrenia, depression, Alzheimer's disease, and Parkinson's disease.

In addition to Opitz, the research team included co-first authors Miles Wischnewski and Harry Tran. Other team members from the University of Minnesota Biomedical Engineering Department include Zhihe Zhao, Zachary Haigh, Nipun Perera, Ivan Alekseichuk, Sina Shirinpour and Jonna Rotteveel. This study was in collaboration with Dr. Jan Zimmermann, associate professor in the University of Minnesota Medical School.


This work was supported primarily by the National Institute of Health (NIH), along with the Brain and Behaviour Research Foundation and the University of Minnesota's Minnesota's Discovery, Research, and InnoVation Economy (MnDRIVE) initiative. Computational resources were provided by the Minnesota Supercomputing Institute (MSI).













He selflessly spent the five-six months in his last year of life, when he was not well, compiling and producing the *'directory'* of his batchmates of school for the batches' golden jubilee. '*Directory*' probably is a misnomer. It was a pensketch, very lovingly written, about his sixty odd batchmates and supplemented by old and new photographs. The pensketches were a stroll down the memory lane. He was so disarming while talking to them that they bared their soul like never before or ever since.

One such friend's self-confession was from a batchmate, who shedding all inhibitions, asked in one of these revealing chats, "Why does everyone in the class dislike me so much?" Nihal candidly answered, "Because you were too good, best and stood shoulders above us all, mundane people like me, whether it be science, humanities or sports, you made us look so small and ordinary."





# The fragrance of Nihal




Rajesh Sharma
*Writing for ARBIT*

But Nihal was different, right from the beginning, from the other friends of Rakesh. Being humorous and witty, he had a huge repertoire of stories to tell, rendered with a twinkle in the eye but venom towards none. He would come like a gust of fresh air, refreshing and intellectually stimulating. Never boring or mundane! He would come and go at will, not bound by the strangulating rituals.

I had returned home after IIT and XLRI and joined the newspaper. It was a challenge and a back-breaking job, unlearning whatever one was taught in the college and adjusting to an almost three-decade old institution, which was very *high*, (almost puritan) on principles, integrity and courage but in *infancy*, as far as technology and other aspects of journalism like marketing and editorial innovations were concerned.

Nihal was a classmate and a friend of my younger brother, Rakesh. Rakesh's friends followed the old *Rajasthani* tradition which probably had its roots in the *Rajput culture* of the younger brother's friends, being very respectful to the friend's *Bhai Sahib* but at the same time always maintaining a formal distance.



But Nihal was different, right from the beginning, from the other friends of Rakesh. Being humorous and witty, he had a huge repertoire of stories to tell, rendered with a twinkle in the eye but venom towards none. He would come like a gust of fresh air, refreshing and intellectually stimulating. Never boring or mundane!

But like the welcome invigorating gust of wind, he would come and go at will, not bound by the strangulating rituals or commitments probably because he had so many friends, and all of them thought he had a 'special bond' only with them. Whether they be classmates like Raman Gupta, the basketball player, who went on to become the captain of the Indian Basketball team, Pawan Shorey, the ophthalmologist and sensitive writer, or Ajay Jain, the IITian, Aditi and Ajay Mehta of Mohan Singh Mehta's family, who ran the well-known NGO *Seva Mandal* in Udaipur or Fatt ji of Ranthambore Tiger Sanctuary or the people of Todgarh village. He stayed at these places and with these people, for months and sometimes years, regaling their lives with laughter and mirth, and being there with them, with child-like innocence and sincerity, when they needed solace in untangling the emotional, professional or any other challenges and difficulties that life threw at them. They needed the hand-holding and emotional support that Nihal provided. His sincerity and genuine caring gave them the strength and courage to re-examine and re-assess their own values and perceptions and redefine their approach. And all this was not 'preachy' but rendered with 'smile and humour.'

Shorey remembers how inadequate he was feeling when he joined SMS medical college after St. Xavier's School. To put it mildly, the approach and the environment were different. Nihal had seen Shorey in school in the English classes.

There was a flair for 'writing' and 'sensitivity' to observe and understand people and environment. The Father, who was teaching English, had also noticed this and had publicly praised him before the classmates. Nihal bought a lot of books and gave them to Shorey to read and get along with life, without compromising one's originality. An adventurous lifestyle which refused to cast in a mould. A keen wildlifer, an ace photographer, with literary bent of mind and comfortable in both rural or urban or *jungle* setting, documentary-maker Nihal was aptly suitable to be associated with *Granada* television production like *The Jewel in the Crown* and others, as a sort of Indian 'producer' and expert. A go-to-man for their film units, BBC was apparently so satisfied with his role as a go-to-man for Indian settings that they again hired him for a new series on the state of British Institution in India after the Brits left the Indian subcontinent.

The two institutions chosen were Indian Judiciary System and the Indian Railways. During the making of the BBC documentary, Nihal would come often to discuss these projects. His historical research and documentation were painstakingly done, which had Nihal's stamp on it. Sharp intellect and capable of in-depth analysis, he was supposed to be ideally suitable for civil services. But being too 'creatively inclined' and having difficulty in being cast in any pre-decided mould probably disqualified him to be an IAS, as many of his contemporaries at St. Stephen's opted for. He just could not be a 'careerist,' whether IAS or acquire any conventional role which required conformity all the time. That doesn't mean Nihal was a boorish, unpolished and uncouth simpleton. He had a fine taste for the good things in life like *campari*, *kebabs*, sharkskin trousers, reading and music.

But what distinguished him from the usual urban 'elite' was his generous nature, where he felt happiest in sharing these 'goodies' in life with all his friends. He selflessly spent the five-six months in his last year of life, when he was not well, compiling and producing the '*directory*' of his batchmates of school for the batches' golden jubilee.

'*Directory*' probably is a misnomer. It was a pensketch, very lovingly written, about his sixty odd batchmates and supplemented by old and new photographs. The pensketches were a stroll down the memory lane. He was so disarming while talking to them that they bared their soul like never before or ever since.

#GOOD-BYE

His last words to me, four days before he went, were, "*Bhai Sahib*, it does not matter to me whether I stay or go. I am at peace with my self. I have had a good life, a wonderful loving and caring family, bunch of great friends and had an enlightened and enlightening *guru*, who was always loving, patient and explaining complexities of life." What a happy life and what a happy ending!

One such friend's self-confession was from a batchmate, who shedding all inhibitions, asked in one of these revealing chats, "Why does everyone in the class dislike me so much?" Nihal candidly answered, "Because you were too good, best and stood shoulders above us all, mundane people like me, whether it be science, humanities or sports, you made us look so small and ordinary." The great irony of the whole episode was that Nihal couldn't attend the golden jubilee celebrations of the batch, which was organized at Pushkar as an 'overnight' picnic.



Strange as it may seem, Nihal knew when he was compiling the matter for the *directory* as he shared with me, "I will not go to Pushkar. It is health reasons, though I know everyone will insist." Then, he added with a twinkle in his eye, "I will not be able to stand these bums for three nights and I have left drunken boisterous revelry far behind, long back."

His last words to me, four days before he went, were, "*Bhai Sahib*, it does not matter to me whether I stay or go. I am at peace with my self. I have had a good life, a wonderful loving and caring family, bunch of great friends and had an enlightened and enlightening *guru*, who was always loving, patient and explaining complexities of life."


Minutes before he was to pass away, he told his sister, "Don't hold me back. Let me 'free' and let me 'go.' My *guru* awaits me. My destination is awesome, beautiful and happy."

What a happy life and what a happy ending!

Farewell Nihal, your fragrance will linger for long, in every one you touched in life with your presence.


rajeshsharma1049@gmail.com


## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# 24.50 लाख रुपये की लूट का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूटी गई राशि में से 16 लाख रुपये बरामद किये

**बाड़मेर,** (निसं)। पुलिस थाना बाडमेर ग्रामीण अंतर्गत गत दो मार्च को उतरलाई सरहद में एक व्यापारी के साथ में घटित हुई 24.50 लाख रुपये लूट की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गई राशि में से 16 लाख रुपये बरामद किये।

पुलिस अधिक्षक नरेंद्र सिंह मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी सुरेश बारासा पुत्र सोनाराम वाल्मीकी निवासी जसवंत सराय जोधपुर ने थाने पर रिपोर्ट दी थी कि एक मार्च को अज्ञात विदेशी मोबाईल नम्बर से मेरे पास फोन आया और बताया मेरे पास में डॉलर्स है जो भारतीय मूद्रा में एक्सचेंज करवाना है। उसने अपने पास में डालर्स की भारतीय मुद्रा में किमत 24.50 लाख रुपये होना बताया, जिस पर वह 2 मार्च को रुपये लेकर उतरलाई बाड़मेर पहुंचा, जहां पर एक स्वीफ्ट कार में तीन युवक मिले तथा एक युवक प्रार्थी की कार में बैठा और दो पीछे-पीछे आये, बांदरा जाने वाली सड़क पर सुनसान जगह पर ले जाकर 24.50 लाख रुपये लूट लिये तथा प्रार्थी द्वारा डॉलर्स मांगने पर जान से मारने की धमकियां दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसन्धान शुरू कर दिया।

वारदात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा दिनेश लखावत, थानाधिकारी पुलिस थाना बाड़मेर ग्रामीण के नेतृत्व में टीम का गठन कर निर्देश दिये जिस पर थाना स्तर पर गठीत टीम द्वारा प्रकरण में मुखबिरों से निरन्तर सम्पर्क करते हुऐ तकनीकी संसाधनों की सहायता से खेताराम पुत्र भारुराम जाट निवासी बलाउ, हरदेव पुत्र सुखाराम जाट निवासी नॉद व ओमाराम पुत्र रामाराम निवासी बलाउ पुलिस थाना सदर बाड़मेर को दस्तयाब कर पूछताछ की। आरोपियों द्वारा अपने अन्य साथी उगराराम पुत्र हनुमानराम जाट निवासी राजबेरा उण्डु पुलिस थाना शिव के साथ में मिलकर उक्त वारदात को कारित करना स्वीकार करने पर तीनों को गिरफ्तार कर लूट की गई राशि में से 16 लाख रुपये बरामद किये गए।

पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि मुलजिम खेताराम व उगराराम दोनों अफ्रीका में काम करते हैं जहां पर इनको डॉलर्स में मजदूरी मिलती है। खेताराम ने पूर्व में भी प्रार्थी से डॉलर्स को भारतीय मूद्रा में एक्सचेंज करवाये थे। प्रार्थी द्वारा डॉलर्स एक्सचेंज की सर्विस देने की मुलजिमान को जानकारी होने पर मुलजिमान ने षड़यंत्र के तहत विदेशी मोबाईल नम्बर से प्रार्थी को कॉल करके बाड़मेर बुलाकर डॉलर्स देने के बहाने साढे चौबीस लाख रुपये लूट कर खेताराम, हरदेव व उगराराम तीनों ने 8-8 लाख रुपये आपस में बांट लिये।

# कार पलटने से मरीज की मौत, तीन घायल

## कुछ दिन पहले डाक विभाग से हुआ था रिटायर

**मकराना,** (निसं)। मरीज को जयपुर दिखने के लिए जा रही एक कार जयपुर-नागौर मेगा हाईवे पर पलट गई। कार में सवार एक जने की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग घायल हो गए। इसके बाद 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को बुडसु के सरकारी अस्पताल पहुंचाया

**■ मरीज को जयपुर दिखने के लिए जा रहे थे कार सवार**

गया, जहां घायलों को उपचार देकर जयपुर रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक के शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है।



हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।


जानकारी अनुसार छोटी खाटू निवासी रघुनाथराम (29) पुत्र नारायण राम अपने पिता नारायणराम (55) पुत्र पूर्णाराम को दिखाने के लिए सुखदेवाराम (35) पुत्र दुलाराम व रुघाराम (45) पुत्र मूलाराम के साथ कार से जयपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान रास्ते में हाईवे पर दोपहर करीब तीन बजे सफ़ेड छोटी गांव आसरवा की सरहद के पास कार बेकाबू होकर पलट गई। इससे कार में सवार में नारायणराम (55) पुत्र पूर्णाराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार मृतक के बेटे रघुनाथराम, सुखदेवाराम और रुघाराम घायल हो गए। घटना के बाद लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस ने घायलों को बूडसू पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को कुचामन रेफर कर दिया गया। वहीं अहव को मॉर्च्यूरी में रखवाया गया, जिसका गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

सूचना मिलने पर मकराना थाना की हैड कॉन्स्टेबल राजकुमारी मीणा मय जाब्ता अस्पताल पहुंच गई और घायलों के बयान लिए। मामले को लेकर फिलहाल पुलिस को किसी प्रकार की रिपोर्ट नहीं दी गई हैं। मृतक नारायण राम डाक विभाग से कुछ दिन पहले ही रिटायर हुए थे। घायल मृतक नारायणराम को जयपुर दिखाने के लिए ले जा रहे थे और दुर्घटना में उनकी की मौत हो गई।

# ऑनलाइन ओ.पी.डी. पर्ची नहीं कटने से बी.डी.एम. अस्पताल में मरीजों की भीड़

## सर्वर डाउन हो जाने से मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी

**कोटपूतली,** (निसं)। राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में मरीजों को सहूलीयत देने के हिसाब से मरीजों की ओपीडी पर्ची ऑनलाइन कटने लगी। जैसे ही अस्पताल में तकनीकी का इस्तेमाल आमजन के लिए होने लगा तो लोगों को लगा था कि अब लाइन में लगने से पीछा छूट जायेगा किन्तु ये किसे पता था कि लाइन में भी लगना पड़ेगा और यदि पर्ची नहीं कटी तो बिना इलाज उल्टे पांव भी लौटना पड़ेगा।



कोटपूतली के बीडीएम अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़।

ऐसा ही कुछ नजारा गुरूवार को जयपुर-दिल्ली राजमार्ग स्थित जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में देखने को मिला। जहाँ तकनीकी समस्या के चलते ओपीडी में आये मरीजों की ऑनलाईन पर्ची नहीं कट पाने के कारण जहाँ एक ओर मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं ओपीडी में सैकड़ों की संख्या में मरीजों की भीड़ एकत्रित हो गई। जिसका निराकरण कर पाना भी अस्पताल प्रशासन के लिए बेहद मुश्किल हो गया। बताया जा रहा है कि एचएमआईएस सॉफ्टवेयर की साईट डाउन हो जाने से मरीजों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई।

जानकारी के मुताबिक आधार कार्ड से ओपीडी में दिखाने आने वाले मरीजों की पर्ची काटी जाती है। इसके लिए अस्पताल में दस काउन्टर लगाये गये हैं। किन्तु सर्वर डाउन हो जाने से यह परेशानी का सबब झेलना पड़ा। विशेष रूप से मेडिसिन में दिखाने आने वाले मरीजों का भारी जमावड़ा एकत्रित हो गया। अस्पताल

**■ ओपीडी में खड़े मरीजों की बिगड़ी तबीयत**

में मेडीसिन विभाग केवल एक विशेषज्ञ डॉ. देवेन्द्र शर्मा के भरोसे चल रहा है। मरीजों की लम्बी कतार लग जाने के कारण दिखाने वाले मरीजों को घण्टों का इंतजार करना पड़ा। इससे सुन्दरपुरा निवासी मरीज किरण (30) व ग्राम शुक्लावास निवासी रामकुमार यादव (60) की तबीयत भी बिगड़ गई। कुछ देर बाद साईट के दुरूस्त होने के बाद पर्ची फिर से कटना शुरू हो गई किन्तु इस दौरान बडी संख्या में मरीज बिना ईलाज लिए वापस लौटते भी नजर आए। तकनीकी सहायकों का कहना था कि एक साथ प्रदेशभर में ही विभाग का सर्वर डाउन हो गया था लेकिन फिर भी इस व्यवस्था को लेकर आवश्यक सुधार की जरूरत है।

# गुमशुदा मां-बेटी को पाक बॉर्डर से दस्तयाब किया

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव से गुमशुदा हुई मां-बेटी को मालपुरा थाना पुलिस की विशेष टीम ने दस दिन में पाकिस्तान बॉर्डर जैसलमेर से दस्तयाब किया। थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि एक जने ने मालपुरा थाने में दिये परिवाद मे बताया कि 8 मार्च को उसकी पत्नी व बेटी गुम हो गई। गहन तलाश के बावजूद भी कोई सुराग नहीं लगा। थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुये गुमशुदगी का मामला दर्ज कर एएसआई रामनारायण गुर्जर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर तलाश शुरू की गई। अत्याधुनिक संसाधनों का उपयोग करते हुये पुलिस टीम ने गुम हुई मां-बेटी की लॉकेशन के आधार पर पाकिस्तान बॉर्डर जैसलमेर से दोनों मां-बेटी को दस्तयाब कर मालपुरा थाने में लाया गया। विवाहिता से की गई पूछताछ में विवाहिता ने बताया कि छीतरलाल उसे बहला-फुसलाकर घर से ले गया। उसके साथ उसकी नाबालिग बेटी को भी साथ ले गया। एक स्थान पर रात्रि में उसके साथ जबरन दुष्कर्म भी किया गया।

# दाह संस्कार में मधुमक्खियों का हमला, 50 लोग घायल

## चिकित्सकों ने मौके पर जाकर घायलों का उपचार किया

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के हनुतिया गांव में गुरुवार को एक किशोरी के दाह संस्कार में गए करीब 100 लोगों में से 50 ग्रामीणों को मधुमक्खी ने हमला कर घायल कर दिया।

मधुमक्खी के हमले की जानकारी जब बौंली चिकित्सालय को मिली तो चिकित्सकों की टीम ने मौके पर जाकर घायलों का उपचार शुरू किया एवं ज्यादा घायलों को बौंली चिकित्सालय लाया गया

**■ ज्यादा घायलों को बौंली चिकित्सालय लाया, दो गंभीर**

जिनमें से दो की हालत गंभीर है। डॉ. हेमंत मीणा ने बताया कि मधुमक्खियां ने करीब 10-10 डंक उनके शरीर में छोड़ दिए जिन्हें निकाला गया। दो लोग काफी गंभीर रूप से घायल हो गए। हनुतिया गांव के ग्रामीण बाबूलाल मीणा ने बताया कि गुरुवार को मेरी भतीजी का आकस्मिक निधन हो गया था। इस कारण करीब 100 लोग उसके दाह संस्कार में शामिल होने शमशान घाट गए हुए थे वहां पर अचानक मधुमक्खियां ने हमला कर दिया एवं लोग भागने लगे तो मधुमक्खियों के झुंड ने उनका पीछा कर करीब 50 लोगों को घायल कर दिया। घायलों को बौंली चिकित्सालय में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# आबादी के पास किये जा रहे खनन को रूकवाने की मांग



ग्रामीणों ने शाहपुरा कलेक्ट्रेट के सामने आक्रोश जताया।

**शाहपुरा,** (नि.सं.)। सुलतानगढ़ ग्राम में ग्रामीण आबादी के नजदीक किये जा रहे खनन को रूकवाने, दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने ग्रामीणों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति/मुआवजा राशि दिलाये जाने की शाहपुरा जिला कलेक्टर राजेंद्र कुमार से मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने शाहपुरा कलेक्ट्रेट के सामने आक्रोश जताया।

जानकारी के अनुसार ग्राम सुलतानगढ़ तहसील बनेड़ा की आराजी संख्या 356 बिलानाम भूमि पर चल रहे अवैध खनन कार्य की रिपोर्ट गत 29 जनवरी को दी थी। उसके आधार पर उपखण्ड अधिकारी बनेड़ा ने जांच करवाई जिसमें जांच अधिकारी ने निष्पक्ष जांच रिपोर्ट बनाने का दावा करके ग्रामीणों से खाली पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिये और अपनी मनमर्जी से खननकर्ताओं के पक्ष में जांच रिपोर्ट तैयार करके उपखण्ड अधिकारी बनेड़ा को गलत सूचना दी, इससे समस्त ग्रामवासी नाराज है। जिला कलेक्टर से मांग की है कि मामले की सही जांच करवा कर अवैध खनन को तुरन्त प्रभाव से रूकवाया जावे ग्राम सुल्तानगढ़ आबादी से 100 मीटर की दूरी पर ब्लास्टिंग की जा रही है जिससे ग्रामीणों के मकानों पर पत्थर उछल-उछल कर आ रहे हैं व मकानों में दरारें आ रही है।

दिन व रात्रि दोनों समय ब्लास्टिंग की जा रही है व विस्फोट खनन किया जा रहा है। आराजी नम्बर 356 में पशुओं के पानी पीने के लिए नाडी बनी हुई है उसको मलबे से पूरी तरह भर दिया गया है। ग्रामीणों ने अवैध खननकर्ताओं के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही, तुरन्त उक्त अवैध खनन को रूकवाने व माईनिंग लीज को खारिज करने, अवैध खनन कार्य से ग्रामीणों के मकानों में आई दरारें व अन्य पशु पक्षियो के मर जाने से ग्रामीणो को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलवाने की मांग की।

# पुलिस चौकी प्रभारी और कांस्टेबल पर हमला

**करौली,** (निसं)। मारपीट की सूचना पर मेला दरवाजा क्षेत्र पहुंचे करौली शहर चौकी प्रभारी एएसआई और एक कांस्टेबल पर झगड़ा कर रहे बदमाशों ने हमला कर दिया। बदमाशों के हमले में एएसआई और कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे करौली अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उपचार जारी है। मामले में एक आरोपी का पुलिस हिरासत में उपचार चल रहा है और अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।




घायल पुलिसकर्मी।

करौली शहर टाउन चौकी प्रभारी महेश शर्मा पुत्र मगन लाल ने बताया कि बुधवार देर रात मेला दरवाजा से रणगमा तालाब को जाने वाले कच्चे रास्ते पर कार में तीन युवकों द्वारा एक महिला से गाली-गलौच, मारपीट और झगड़ा करने की सूचना मिली थी। सूचना पर वो कांस्टेबल समंदर के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सुनसान क्षेत्र में कार के खड़े होने का कारण पूछा तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस दौरान गाड़ी की तलाशी में दो पेटी सादा देशी शराब मिली। शराब के संबंध में पूछा तो गाड़ी में बैठे भूरा गुर्जर ने सिर पर पीछे से डंडा मारा, जबकि तीन दरवाजा निवासी दीपक ने हाथ में डंडा मारा। इस दौरान कांस्टेबल समंदर के साथ भी महिला सहित आरोपियों ने मारपीट की। हमले में एएसआई और कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल एएसआई और कांस्टेबल को करौली अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उपचार जारी है। इस दौरान एक घायल बदमाश दीपक भी भागने के प्रयास में चोटिल हो गया। घायल को पुलिस हिरासत में उपचार के लिए भर्ती कराया है। वहीं महिला आरोपी को भी पुलिस हिरासत में लिया है एवं पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। मामले में पुलिस द्वारा तीन आरोपी युवकों और एक महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, कोतवाली थानाधिकारी सुनील, अस्पताल चौकी प्रभारी बृजराज शर्मा सहित पुलिस के जवान अस्पताल पहुंचे जहां रात्रि को ही अस्पताल की चिकित्सा टीम ने घायल चौकी प्रभारी व कांस्टेबल का एक्स-रे, सिटी स्कैन, विभिन्न जांचें कराकर उपचार किया।

# ढाई लाख की शराब बरामद, एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी थाना पुलिस ने एक कार से ढाई लाख रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद की है। कार की सीट के नीचे बॉक्स बनाकर अवैध अंग्रेजी शराब की गुजरात तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका साथी फरार हो गया है।



पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के मामले में एक को गिरफ्तार किया।

चौरासी थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया कि लोकसभा चुनावों को लेकर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मुखबिर के जरिये अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना पर थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान के साथ कॉन्स्टेबल विपेंद्र सिंह,अनिल कुमार और उज्ज्वल की टीम ने गोरादा घाटा के पास नाकेबंदी कर दी। इस दौरान एक स्विफ्ट कार आते हुए देखकर रोकने का इशारा किया। कार को रोककर ड्राइवर से पूछताछ की। कार में दो लोग सवार थे, जिसमें से कार सवार एक व्यक्ति मौके से भागने लगा। उसका पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन पकड़ में नहीं आया। कार की तलाशी ली गई तो कार में सीटों के नीचे बॉक्स बनाकर शराब की बोतल छुपाकर रखी थी। जिस पर पुलिस ने कार से अवैध शराब की 257 बोतल जब्त कर ली है। वहीं झुंझुनूं निवासी कार ड्राइवर तस्कर विक्रम पुत्र मोतीलाल गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया है। जब्त शराब की कीमत करीब 2.50 लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

**देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार :-** डूंगरपुर की दोवड़ा थाना पुलिस ने अवैध देशी महुआ शराब बनाने के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने लीलवासा गांव में अलग-अलग जगह छापेमार कार्रवाई करते हुए एक हजार लीटर महुआ वॉश को नष्ट किया। वहीं, देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब तस्करी और अवैध शराब बनाने के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत दोवड़ा थानाधिकारी मदनलाल के साथ पुलिस टीम ने लीलवासा गांव में दबिश दी। इस दौरान मौके पर अवैध शराब की भट्टियां बनी हुई थी। मौके पर मटकों, ड्रम में महुआ वॉश बनी हुई थी। पुलिस ने शराब बनाने वाली तीन भट्टियों को तहस- नहस कर दिया। पुलिस ने एक हजार लीटर महुआ वाश को नष्ट किया। वहीं, 25 लीटर देशी शराब के साथ लीलवासा निवासी विरमल पुत्र खेमजी अहारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अस्पताल में भर्ती घायल युवक आधी रात को फरार

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में बौखला के पास बाइक हादसे में दो युवक घायल हो गए। दोनों युवकों को पहले खेरवाड़ा और फिर डूंगरपुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान दोनों युवकों की जेब से चाकू और दूसरे हथियार मिले हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि गंभीर घायल होने के बाद भी दोनों युवक आधी रात को अस्पताल से लापता हो गए। वहीं, घटना को लेकर पुलिस को भी कोई जानकारी नहीं है।

प्राप्त जानकारी में सामने आया है कि बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में बौखला के पास आधी रात के समय बाइक दुर्घटना में दो युवक गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद एक युवक नेशनल हाईवे के डिवाइडर पर तो दूसरा सड़क पर पड़ा था। दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आई थी। हाथ, पैर और शरीर पर कई जगह चोट लगने से वे लहूलुहान हो गए थे। दोनों को गंभीर हालत में पहले खेरवाड़ा और फिर डूंगरपुर अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान दोनों घायलों की जेब से रामपुरी चाकू और फेट, हाथों की अंगुलियों में पहनकर प्रहार करने वाला हथियार मिला। ये देख सभी चौंक गए।

वहीं, दोनों को पहले इमरजेंसी में एडमिट कर इलाज किया गया। इसके बाद दोनों को सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर दिया गया, लेकिन रात करीब 2 बजे बाद दोनों गंभीर घायल अचानक अस्पताल से लापता हो गए। इसकी जानकारी वार्ड के स्टाफ को भी नहीं दी गई। जबकि एक्सीडेंट की घटना को लेकर बिछीवाडा थाना पुलिस या अस्पताल चौकी पुलिस के पास भी कोई सूचना नहीं है। वार्ड में भर्ती हुए दोनों ही युवकों के नाम जीवन और हरीश लिखवाया गया है। अब दोनों ही युवक अचानक कहां गायब हुए और उनके पास ये हथियार क्यों रखे गए थे, इसकी कोई जानकारी नहीं है।

# स्वास्थ्य विभाग की हॉस्पिटल पर दबिश, भारी मात्रा में नशे की गोलियां मिली

## बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर, 1500 नशे की गोलियां, इंजेक्शन एवं हजारों गोलियों का रिकॉर्ड मिला

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिले में नशा बेचान करने वालों के खिलाफ मुहिम छेड़ी है, जिसके तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार-गुरूवार देर रात तक जिला मुख्यालय पर चली एक कार्रवाई में टीम को भारी मात्रा में नशे की दवाओं का बेचान करने का मामला पकड़ में आया है।

साथ ही मौके पर बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर, करीब 1500 नशे की गोलियां, इंजेक्शन एवं हजारों गोलियों का रिकॉर्ड हॉस्पिटल परिसर से मिला है। इस मामले में विभागीय कार्रवाई के बाद अब कोतवाली पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी आदि की कार्रवाई कर रही है। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में डीआई गौरीशंकर, अमनदीप कौर, सुखदीप कौर एवं पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम शामिल रही।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि विभाग को शिकायत मिल रही थी कि जिला मुख्यालय पर एक हॉस्पिटल में नशीली दवाओं का अवैध रूप से बेचान किया जा रहा है। इस पर टीम गठित कर जी ब्लॉक स्थित श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया, जहां एक

**■ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी आदि की कार्रवाई कर रही है पुलिस**

जोगाराम पुत्र लालाराम निवासी सांचौर द्वारा बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर का संचालन करने के साथ ही एक एमबीबीएस डॉ. राजीब कुमार और एक साइकेट्रिक डॉ. रवि वर्मा मौके पर मिले। पूछताछ में सामने आया कि मेडिकल स्टोर का लाइसेंस नहीं है, इसके बावजूद वहां दवाओं का रख-रखाव व बेचान किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर पर काफी संख्या में सामग्री सहित एनडीपीएस घटक के इंजेक्शन मिले, जिन्हें मौके पर ही जब्त किया गया। यहां नशीली दवाओं यथा कलोजाप्स, ट्रामाडोल, लोराजेपाम व इंटोजोलाम के साथ ही अन्य दवाओं के करीब 22000 से बिलों का रिकॉर्ड भी जांच किया जा रहा है। इसी तरह डॉ. राजीब कुमार का अवैध रूप से नशीली दवाओं का आम लोगों को बेचान किए जाने की पुष्टि हुई। डॉ. राजीब कुमार के कक्ष के निरीक्षण करने पर यहां 1500 से अधिक अवैध रूप से रखी गई नशीली दवाएं मिली, जिन्हें जब्त कर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। एनडीपीएस घटक की इन दवाओं का डॉ. राजीब के पास कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। वहीं टीम ने डॉ. रवि वर्मा के कक्ष का निरीक्षण किया, जहां बड़ी संख्या में नशीली दवाएं रिकॉर्ड सहित मिली। हालांकि उक्त दवाओं की खरीदने के संबंध में रिकॉर्ड मिला, लेकिन बेचान या मरीजों का दवा देने के संबंध में रिकॉर्ड मौके पर नहीं मिला। यहां कई अन्य चिकित्सकों के भी ऑन कॉल आने की जानकारी मिली है, जिसकी विभाग व पुलिस जांच कर रहा है। उल्लेखनीय है कि विभाग ने दो दिन पूर्व ही साधुवाली स्थित श्रीराम हॉस्पिटल एवं दिशा साइकेट्रिक हॉस्पिटल पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बंद करवाया है।

सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने जिलेवासियों से अपील की है कि जहां भी नशीली दवाओं के बेचे जाने की जानकारी मिले, उसकी स्वास्थ्य विभाग या पुलिस को सूचना अवश्य दें। जिले में नशे की वजह से जहां अनेक घर उजड़ रहे हैं, वहां अनेक युवा बर्बाद हो रहे हैं, जिनके प्रति हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि मिलकर नशे का नाश करें। पुलिस विभाग के साथ ही स्वास्थ्य विभाग भी लगातार नशे के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

# राजस्थान में बड़े मार्जिन से जीतकर नरेंद्र मोदी को सभी 25 सीटें समर्पित करेंगे : सी.एम.

## मात्र 90 दिन के कार्यकाल में राजस्थान सरकार ने अपने घोषणा पत्र की 45 प्रतिशत से अधिक घोषणाओं को पूरा कर दिया है : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा




भाजपा के कोटा कलस्टर की तीनों लोकसभा सीटों के कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी आदि मौजूद रहे।

**जयपुर/कोटा/भरतपुर।** भाजपा के कोटा कलस्टर की तीनों लोकसभा सीटों यथा कोटा, झालावाड़ एवं भीलवाड़ा के सूचीबद्ध कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान से तीसरी बार सभी 25 लोकसभा सीटें भारतीय जनता पार्टी बड़े मार्जिन से जीताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि मात्र 90 दिन के कार्यकाल में राजस्थान सरकार ने अपने घोषणा पत्र की 45 प्रतिशत से अधिक घोषणाओं को पूरा कर दिया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्वी राजस्थान कैनाल परियोजना और यमुना नदी समझौता से राजस्थान के बड़े क्षेत्र की जल आपूर्ति संबंधी समस्याओं का समाधान हो जायेगा, इन पर एमओयू हो चुका है डीपीआर बनाकर के बहुत शीघ्र ही तेज गति से कार्य होगा। यह इसलिए संभव हुआ की डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। शर्मा ने कहा कि हमने चुनाव से पहले पेपर लीक संबंधी मामले पर राजस्थान के युवाओं से वायदा किया था उसे पूरा करते हुए एसआईटी का गठन कर दिया है और 63 लोग अभी तक गिरफ्तार किया जा चुका हैं। पेपरलीक से जुड़ा हुआ कोई व्यक्ति कितना भी बड़ा क्यों ना हो उसे बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा राजस्थान में दहशतगर्दी पर पूरी तरह नकेल कसी गई है, 10 हजार से ज्यादा चिन्हित गिरफ्तारियां हुई है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कि राष्ट्रवाद की राजनीति को आगे बढ़ाने में हाडोती का बहुत बड़ा योगदान रहा है, पहले जनसंघ के रूप में और अब भाजपा के रूप में हाडोती से बड़ी जीत मिलती है और उससे राजस्थान में सरकार बनती है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने 2014 से पहले के भारत और 2014 से बाद के भारत के बारे में स्पष्ट अंतरों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले के भारत में गुलामी के आईकॉनों को सम्मान पूर्वक रखा जाता था। वही 2014 के बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद गुलामी के सभी आईकॉनों को हटाकर के भारतीय स्वाभिमान और सम्मान को प्रतिष्ठित करना प्रारंभ कर दिया है, अब भारत में ब्रिटिश जॉर्ज पंचम की प्रतिमा हटाकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगाई जाती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की कल्याणकारी योजना एवं उपलब्धियां बताते हुए कहा कि जो राष्ट्र को प्रथम मानकर चलती है उस भाजपा सरकार को प्रत्येक सीट पर अधिकतम वोटों से जीतानें में जुट जाएँ।

लोकसभा अध्यक्ष और कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश पूरे विश्व में अग्रणी बन रहा है और वे इसके लिए घोर परिश्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा तीन तलाक को समाप्त कर देश में न्याय की व्यवस्था लागू की गईं। देश में कल्याणकारी कार्यों से जहां जहां राहत दी जा रही है वहीं आर्थिक मोर्चे और तेजगती से विकास हो रहा है।

भाजपा प्रत्याशी बिरला नें कहा कि कांग्रेस में कोई चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं है, उन्हें चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी नहीं मिल रहे, कांग्रेस में चुनाव के डर से किसी को कोरोना हो जाता है तो किसी को कुछ हो जाता, जो कांग्रेस से चुनाव लड़ने से बचने में सफल हो जाता है वह खुशी मनाता हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में अपने बलबूते पर 400 पार की और बढ़ रही है। कार्यक्रम को झालावाड़ सांसद दुष्यन्त सिंह, भीलवाड़ा सांसद सुभाष बहेड़िया, शिक्षा मंत्री मदन दिलावार, ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर, प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, क्लस्टर प्रभारी नारायण पंचारिया, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी सहित मौजूद विधायक, जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारियों नें संबोधित किया एवं संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने किया। स्वागत जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने किया।

वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोकसभा क्षेत्र भरतपुर, करौली धौलपुर एवं टोंक सवाईमाधोपुर लोकसभा के भरतपुर क्लस्टर कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों में जुट जाने की अपील करते हुए कहा कि इस बार भाजपा के सभी उम्मीदवार कम कम से पांच लाख मतों के अंतर से जीतने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी के लिए कार्य नहीं करती है। भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य कर रही है। ऐसे में सबको इस कार्य में जुट जाना चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का 51 किलो की फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

■ मुख्यमंत्री ने लोकसभा क्षेत्र भरतपुर, करौली धौलपुर एवं टोंक सवाईमाधोपुर लोकसभा के भरतपुर क्लस्टर कार्यकर्ताओं की भी बैठक ली

कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जवाहर सिंह बेढम, विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं क्लस्टर प्रभारी राजेन्द्र सिंह राठौड़, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, सांसद रंजीता कोली, कामां विधायक नौक्षम चौधरी, डीग कुम्हेर विधायक डॉ शैलेष सिंह, लोकसभा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, सवाई माधोपुर के सांसद सुखबीर सिंह, प्रभारी हेम सिंह, जिला प्रभारी गोरधन सिंह सहित धौलपुर करौली के जिला अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# आठवीं तक के विद्यार्थियों को दो-दो सौ रुपये देगी सरकार

**बीकानेर, (निसं)।** माध्यमिक शिक्षा विभाग ने बुधवार को प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के बैंक खातों में दो-दो सौ रुपए ट्रांसफर करने के आदेश जारी किए हैं। एक अरब 18 करोड़ 53 लाख रुपए स्टूडेंट्स को वर्तमान सेशन की यूनिफॉर्म सिलाई के लिए दिए जा रहे हैं, जो सीधे स्टूडेंट के बैंक खाते में जमा होगा।

शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए सेशन की शुरुआत में ही कपड़ा दे दिया था। ये कपड़ा स्कूल से वितरित किया गया। तब सिलाई के रुपए देने का वादा किया गया था। ये राशि राज्य के पांच करोड़ 59 लाख 26 हजार 620 विद्यार्थियों को दी जाएगी। ये भुगतान (डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर) के रूप में स्वीकृत की गई है। किसी भी स्टूडेंट या उसके अभिभावक को नकद राशि नहीं दी जाएगी। विद्यार्थियों का बैंक खाता होने पर राशि सीधे खाते में जमा होगी।

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय ने बजट जारी करते हुए सख्त हिदायत दी है कि डायरेक्ट बैंक में ही रुपए जमा होने चाहिए। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने तो राशि जारी कर दी, लेकिन सभी स्टूडेंट्स को यूनिफॉर्म सिलाई के रुपए नहीं मिलेंगे। दरअसल, डीबीटी योजना के तहत उन्हीं विद्यार्थियों के खाते में दो सौ रुपए जमा होंगे, जिनके खाते जन आधार कार्ड से लिंक हैं। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के खाते लिंक नहीं हैं। यहां तक कि जन आधार कार्ड ही नहीं बने हुए हैं। ऐसे में ये राशि बैंक खाते में नहीं जाएगी।

# पांचवीं बोर्ड के टाइम टेबल में बदलाव

**बीकानेर, (निसं)।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पांचवीं बोर्ड परीक्षा के टाइम टेबल में बदलाव किया गया है। पहले यह परीक्षा 15 अप्रैल से शुरू होने वाली थी, लेकिन इसी बीच लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गइ।

अब शिक्षा विभागीय परीक्षाएं पंजीयक ने टाइम टेबल में संशोधन किया है. अब यह परीक्षा 30 अप्रैल से शुरू होगी और 4 मई को समाप्त होगी। परीक्षा में प्रदेश के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के 14 लाख 60 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। प्रदेश में 18954 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

■ पहले यह परीक्षा 15 अप्रैल से शुरू होने वाली थी, अब यह परीक्षा 30 अप्रैल से शुरू होगी

समय सारिणी के साथ ही समय में भी बदलाव किया गया है। अब यह परीक्षा सुबह 8 बजे से 10.30 बजे तक होगी। यह समय गर्मी को देखते हुए निर्धारित किया गया है। पहले इसका समय 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित किया गया था।

# मोबाइल इयरबड्स में ब्लास्ट से बालक घायल



घायल बालक का हॉस्पिटल में इलाज कराया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मोबाइल इयरबड्स पर गाने सुनना एक 12 साल के बच्चे को उस समय भारी पड़ गया जब गाना सुनने के बाद इयरबड्स में ब्लास्ट हो गया। हादसे में बच्चा ज़ख्मी हो गया। उसके हाथ की उंगलियों, पैर और सिर पर चोटें आई हैं। गनीमत यह रही कि ब्लास्ट से पहले बच्चे ने अपने कान से इयरबड्स को बाहर निकाल लिया था और इयरबड्स उसके हाथों में थे और ये अचानक से फट गए। बच्चे के हाथ, पैर और सिर इस हादसे में जख्मी हुए हैं।

मामला बड़लियास थाना क्षेत्र के भकलिया गांव का है। लादू माली का 12 साल का बेटा अपने परिजनों के साथ खेत पर गया था। परिजन खेत पर फसल काटने में बिजी थे और राहुल खेत पर पहले इयरबड्स से गाने सुन रहा था और बाद में उन्हें डिब्बी में डालकर झूला झूलने लग गया। इसी दौरान इयरबड्स में अचानक से ब्लास्ट हो गया। हादसे में राहुल के हाथ जख्मी हुए हैं। पैर पर भी चोट आई है। गनीमत रही कि इयरबड्स राहुल के कान में नहीं लगे थे वरना गंभीर हादसा हो सकता था। फिलहाल राहुल का भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में इलाज जारी है।

# सौंफ की फसल के बीच में की जा रही अफीम की खेती पकड़ी

## 35 किलो अफीम के पौधे जब्त, अंधेरे का फायदा उठाकर एक जना फरार

**बामनवास, (निसं)।** बामनवास थाना पुलिस ने कुआं गांव बिचपुरी के खेतों में की जा रही अवैध रूप से अफीम की खेती का भंडाफोड़ करते हुए फसल को नष्ट कर खुद के कब्जे में लिया है। इसी जगह पर दो साल पहले नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा भी कार्रवाई की गई थी।

थाना अधिकारी बामनवास हेमेंद्र चौधरी ने बताया कि पुलिस प्रशासन की ओर से उपखंड क्षेत्र के कुआं गांव में एक जने की ओर से सौंफ की फसल के बीच की जा रही अफीम की अवैध खेती के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 35 किलो 650 ग्राम अफीम के पौधे जब्त किए। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से एक जना इस दौरान भागने में कामयाब हो गया। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से बुधवार को आंतरी क्षेत्र के गांवों में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान सूचना पर पुलिस के अधिकारी कुआं गांव में एक खेत पर पहुंचे। जहां सौंफ की फसल के बीच में अफीम के पौधे लगा रखे थे। हल्का पटवारी एवं तहसीलदार बनवारी लाल शर्मा द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच कर यह खेत छुट्टन लाल पुत्र चिरंजीलाल मीणा का होना बताया गया। जिस पर पुलिस ने अफीम के हरे पौधों को उखाड़ कर मौके पर ही इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तुलाया। जिनका वजन 35 किलो 650 ग्राम होना पाया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच बाटोदा पुलिस थाना प्रभारी भरत सिंह को सौंपी है।



बामनवास के कुआं गांव में सौंफ की फसल के बीच एक खेत में अवैध तौर पर उगाए गए अफीम के पौधे मिले।

■ हल्का पटवारी एवं तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच की

■ इसी जगह पर दो साल पहले नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा भी कार्रवाई की गई थी

इस दौरान कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में बामनवास थाना प्रभारी हेमेंद्र सिंह चौधरी, अमावरा पुलिस चौकी प्रभारी रामावतार, हैड कांस्टेबल हनुमान सिंह, कांस्टेबल रणधीर सिंह, मानसिंह, हरि गोपाल एवं ओमवीर सिंह शामिल रहे। वहीं इस अवैध अफीम की खेती की फसल में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज भी किया गया है एवं इस पूरे मामले का अनुसंधान बाटोदा थाना प्रभारी भरत सिंह को सौंपा है जो पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं।

# 20 हजार का इनामी गिरफ्तार

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** एनडीपीएस एक्ट के तहत फरार चल रहे एक 20 हजार रुपए के इनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सत्येन्द्रपाल सिंह ने बताया कि थानाधिकारी हरलाल के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में दो साल से फरार वांछित इनामी बदमाश और शातिर वाहन चोर को बाइक सहित गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में कांस्टेबल पालवेंद्र, रवि कुमार, पुरषोत्तम, अमीर सिंह ने श्रीमहावीरजी थाना में दर्ज एनडीपीएस एक्ट में फरार महेश दास पुत्र परमानन्द बैरागी, निवासी भमेसर, थाना रामपुरा, जिला नीमच, मध्य प्रदेश को उसके गांव से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ हिंडौन सदर थाना में भी अवैध मादक पदार्थो की तस्करी का मामला दर्ज है। इसी प्रकार कोतवाली थाना के एएसआई दिनेशचंद ने बाइक चोर सुनील जाट, निवासी पाली, थाना सूरौठ को गिरफ्तार किया है।

# रिश्वत लेते महिला कांस्टेबल गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** यहां एसीबी ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला कांस्टेबल को ट्रैप किया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एक मुकदमे में नाम हटाने की एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत इस महिला कांस्टेबल ने ली थी। एसीबी ने 20 हजार की रिश्वत के साथ महिला कांस्टेबल को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एसीबी ने यह कार्रवाई महिला पुलिस थाने में की है। जहां एसीबी के एडिशनल एसपी महावीर शर्मा के निर्देशन तथा एसीबी सीआई पिंकी गंगवाल ने की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रिश्वत लेते हुए महिला पुलिस थाने की महिला कांस्टेबल अनिता विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है।

# सूने मकान से 50 लाख की चोरी

**चिड़ावा, (निसं)।** अरडावतिया कॉलोनी स्थित अग्रसेन भवन वाली गली में सूने मकान में चोरों ने देर रात में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया और लाखों के गहने और नगदी चुरा ले गए।

मिली जानकारी के अनुसार सुलतानिया की बाड़ी निवासी रामावतार पुत्र गुलाबचंद अग्रवाल बुधवार को दोपहर करीब ढाई बजे परिवार सहित वृंदावन धाम में एकादशी के मौके पर दर्शन को गए थे। रात करीब 12 बजे वे वापस लौटे तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। वहीं घर के अंदर कमरों के लॉक भी टूटे हुए मिले। कमरे में आलमारी में रखे 40 लाख रुपए के जेवरात गायब मिले। वहीं करीब 10 लाख नगदी रुपए भी चोरी हो गए।

परिवार के सौरभ सुल्तानिया ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद एसआई विक्रमसिंह मौके पर पहुंचे। उसके बाद सीआई विनोद सामरिया ने भी मौका मुआयना किया। फिलहाल पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। सीआई सामरिया ने कहा कि गली में कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं है। वहीं मैन रोड पर लगे एक कमरे में दो युवक बाइक पर चक्कर लगाते नजर आए है। चोरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खदान में काम करते समय बारूद फटा, दो मजदूर घायल

## दोनों मजदूरों को गंभीर हालत में जयपुर रैफर किया

**खेतड़ी, ( निसं )।** खेतड़ी उपखंड के धीरजपुरा गांव में गुरुवार को खदान के पत्थर तोड़ते समय बारूद फटने से हादसा हो गया। इस दौरान पत्थर तोड़ रहे दो मजदूर घायल हो गए, जिनकी हालत गंभीर होने पर जयपुर रैफर कर दिया गया। हादसा इतना भयंकर हुआ कि खदान में कार्य कर रहे दोनों मजदूरों के एक-एक पैर बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गए।

जानकारी के अनुसार धीरजपुरा के बालाजी स्टोन क्रैसर पर खदानों में पत्थर निकालकर पिसाई करने का काम किया जाता है। खदानों से पत्थर निकालने के लिए पहाड़ी में हॉल बनाकर बारूद भर दिया जाता है। इसके बाद ब्लास्टिंग होने के पत्थर को तोड़ने के लिए मशीन से ड्रिलिंग की जाती है। गुरुवार दोपहर को त्यौंदा निवासी बसंत शर्मा (44) पुत्र सत्यनारायण शर्मा व नालपुर निवासी जसवंत सिंह (45) पुत्र जयराम मशीन से खदान में पत्थर तोड़ने के लिए ड्रिलिंग कर कर रहे थे। इस दौरान अचानक पत्थरों में चिंगारी उठने से पहले से मौजूद बारूद के गुल्ले में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्टिंग के सम्पर्क में आने से बसंत शर्मा व जसवंत घायल हो गए। इस दौरान ब्लास्टिंग होने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा दोनों घायलों को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में लाया गया। इस दौरान दोनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जयपुर रैफर कर दिया गया।

हादसे की सूचना पर मेहाड़ा थानाधिकारी राजवीर सिंह शेखावत व खेतड़ी एसआई बनवारीलाल यादव मौके पर पहुंचे तथा घटना के बारे में जानकारी जुटाई। थानाधिकारी राजवीरसिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया से खदान में पत्थर तोड़ते समय हादसा होने की बात सामने आई है। खदान में कार्य करने वाले अन्य लोगों से मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे में दोनों घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जयपुर रैफर किया गया है।

# 22 लाख के गांजे के साथ महिला सहित पांच गिरफ्तार

## जिला स्पेशल और पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 44 किलो गांजा बरामद किया

**अजमेर, (कासं)।** जिला स्पेशल और क्लॉक टावर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक महिला सहित पांच व्यक्तियों को अवैध मादक पदार्थ तस्करी करते पकड़ा। टीम ने आरोपियों के कब्जे से 44 किलो गांजा बरामद किया गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 22 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी दरगाह क्षेत्र में बेचने की फिराक में थे और रेलवे स्टेशन से उतरे थे। मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच आदर्श नगर थाना प्रभारी को सौंपी गई है।

क्लॉक टावर थाना पुलिस ने एक महिला सहित पांच व्यक्तियों को मादक पदार्थ तस्करी करते पकड़ा। उनके कब्जे से 44 किलो गांजा बरामद किया गया। आरोपी दरगाह क्षेत्र में इसे बेचने की फिराक में थे और रेलवे स्टेशन से उतरे थे। मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच आदर्श नगर थाना प्रभारी को सौंपी गई है।

एसपी देवेन्द्र कुमार विश्नोई गुरुवार को खुलासा करते हुए बताया कि जिला स्पेशल टीम के कॉन्स्टेबल सुरेश चौधरी व संतराम मीणा ने क्लॉक टावर थाना प्रभारी दिनेश कुमार को सूचना कि अजमेर-सियालदाह ट्रेन से चार व्यक्ति व एक औरत जिसके साथ एक सात-आठ साल की बच्ची भी है, जो अपने पास बैग में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर आए हैं और बेचने की फिराक में है, जो दरगाह क्षेत्र की तरफ जा सकते हैं। इस पर पुलिस टीम रवाना हुई और संदिग्धों की कवण्डसपुरा, मदारगेट, न्यु कवण्डसपुरा, डिग्गी चौक, ठठेरा चौक से होते हुए पदमा डेयरी पहुंचे। यहां चार व्यक्ति व एक बच्ची सहित महिला अलग-अलग बैग लिए आते हुए मिले। इनको रोका व बैग में भरे सामान के बारे में पूछा तो अपने कपड़े व घरेलू सामान होना बताया। सभी घबराने लगे और जाने देने की प्रार्थना करने लगे।



जिला स्पेशल और क्लॉक टावर थाना पुलिस की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

■ आरोपी गांजे को दरगाह क्षेत्र में बेचने की फिराक में थे और रेलवे स्टेशन से उतरे थे

एसपी विश्नोई ने बताया कि पुलिस ने जब नूर आलम के बैग के अन्दर प्लास्टिक की खाकी टेप से लिपटे हुए कुल 4 पैकिट मिले। इनमें मादक पदार्थ गांजा भरा था। वजन किया तो टेप सहित कुल वजन 8.280 किलोग्राम होना पाया गया। इसी प्रकार शेख फरीद के थैले के अन्दर कुल 5 पैकेट टेप सहित कुल वजन 10.392 किलोग्राम, मोयुद्दीन अखान के बैग से 5 पैकेट जिनका कुल वजन 8.250 किलोग्राम, याजुद्दीन शेख के बैग के अन्दर कुल 4 पैकेट जिनका टेप सहित कुल वजन 8.250 किलोग्राम व पारूल बेगम के ट्रॉली बैग से कुल 5 पैकिट मिले कुल वजन 10.350 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आदर्श नगर थाना प्रभारी दिनेश कुमावत को सौंपी है।

पुलिस ने नूर आलम पुत्र उस्मान पठान निवासी बांग्ला वैदपुरा आकोला पुलिस थाना रामदास पैठ जिला आकोला महाराष्ट्र, शेख फरीद पुत्र बादशाह शेख निवासी अन्दरकोट बड़ाभाव अकबरी मस्जिद के पास आमा बावड़ी पुलिस थाना दरगाह जिला अजमेर, मोयुद्दीन अखान पुत्र सुकरा अखान निवासी माखल तला बासड़ा साऊथ 24 परगना पुलिस थाना जीवन तला पश्चिम बंगाल, याजुद्दीन शेख पुत्र मुजम्मिल शेख निवासी ग्राम बड़ा नालदाह पोस्ट छोटा नालदाह पुलिस थाना पलासीबड़ा जिला नदिया पश्चिम बंगाल, पारूल बेगम पत्नी शेख फरीद निवासी अन्दरकोट बड़ाभाव अकबरी मस्जिद के पास आमा बावड़ी पुलिस थाना दरगाह जिला अजमेर को गिरफ्तार किया है।

# ‘हवाई यात्रा तो दूर, हमारे नेता रेल का टिकट भी नहीं खरीद सकते’

## राहुल गांधी ने यह कहते हुए प्रधानमंत्री पर कांग्रेस को आर्थिक रूप से लाचार बनाने का आरोप लगाया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

**नई दिल्ली**, 21 मार्च। आयकर विभाग द्वारा बैंक खातें सीज़ किए जाने से पूर्णतया अक्षम हो चुकी कांग्रेस के तीन शीर्ष नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ भाजपा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आज आरोप लगाया कि उन्होंने लोकसभा चुनावों के पूर्व कांग्रेस को वित्तीय रूप से लाचार बना दिया है।

पार्टी के शीर्ष तीन नेताओं द्वारा संबोधित की गई एक असाधारण प्रैस कॉन्फ्रैंस में राहुल गांधी ने कहा कि मुख्य विपक्षी दल के खिलाफ की गई सरकार की यह प्रतिशोधी कार्यवाही दर्शाती है कि भारत अब एक लोकतांत्रिक देश नहीं रहा।

सोनिया गांधी ने कहा कि “प्रधानमंत्री इण्डियन नैशनल कांग्रेस को वित्तीय रूप से अक्षम बनाने का एक सुनियोजित प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि “जनता से एकत्रित किए गए फण्ड्स फ्रीज़ किए जा रहे हैं तथा हमारे बैंक खातों से जबरन धन निकाला जा रहा है, फिर भी हम इन सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने चुनाव प्रचार अभियान को अच्छे से अच्छा करने का प्रयास कर रहे हैं।”

हालांकि, कांग्रेस वर्ष 2018-18 के लिए आयकर पुनर्आकलन प्रक्रिया शुरु करने के खिलाफ दायर की गई अपनी याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले का इंतज़ार कर रही है। पार्टी ने बताया कि उसे वर्ष 1993-94 के वित्त वर्ष के लिए आयकर विभाग का नोटिस प्राप्त हुआ है।

राहुल गांधी ने कहा कि “हमारे सभी बैंक खाते सीज़ कर दिए गए हैं। हम कैसा भी चुनाव प्रचार नहीं कर सकते। हम हमारे कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों को सहयोग नहीं दे सकते। हमारे नेता देश में एक भाग से दूसरे भाग की हवाई यात्रा नहीं कर सकते। हवाई यात्रा की बात तो छोड़िए व कोई ट्रेन यात्रा भी नहीं कर सकते और यह सब कुछ चुनावों के दो माह पूर्व किया जा रहा है। ऐसा क्यों किया जा रहा है? एक नोटिस स्व. सीताराम केसरी के जमाने का 90 के दशक का प्राप्त होता है तथा 6-7 साल पुराना एक दूसरा नोटिस आता है।”

कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने दावा किया कि चार बैंकों में पार्टी के 11 खाते सीज़ कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि “वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए आए एक नोटिस में चार बैंकों के हमारे 11 खातों पर 210 करोड़ रूपयों की पैनल्टी लगाई गई है, जिसका कारण यह बताया गया कि कुल प्राप्त 199 करोड़ रूपयों में से 14.49 लाख नकद प्राप्त किए गए (हमारे सांसदों द्वारा कांग्रेस पार्टी को दिया गया डोनेशन) कुल डोनेशन्स में नकदी का हिस्सा महज 0.07 प्रतिशत है, लेकिन इसका दण्ड 106 प्रतिशत लगाया गया है।”

उन्होंने कहा कि हमारे खातों को फ्रीज़ करने

■ **कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने प्रैस कॉन्फ्रैंस कर आरोप लगाया कि, सरकार ने जानबूझकर लोकसभा चुनावों से पहले पार्टी के बैंक खाते फ्रीज़ करवाएं हैं, यही नहीं, सरकार इन खातों से जबरन पैसा निकाल रही है।**

के समय को देखिए। हमें वर्ष 2017-18 में 199 करोड़ रूपया डोनेशन मिला, लेकिन 7 साल बाद 13 फरवरी 2024 को आयकर विभाग ने 210.25 का जुर्माना दावा पेश कर हमारे बैंक खाते सील कर दिए और बाद में सरकार ने 115.32 करोड़ रूपए जबरन जब्त कर लिए। आयकर विभाग के दावे की गणना इस प्रकार से की गई कि उसने ना केवल 210 करोड़ रूपए सीज़ कर दिए, बल्कि कांग्रेस को उसके जमा 285 करोड़ रूपयों का उपयोग करने से भी वंचित कर दिया। इससे प्रमुख विपक्षी पार्टी की वित्त व्यवस्था एक तरह से पंगु हो गई।”

राहुल गांधी ने कहा कि अदालतों और चुनाव आयोग जैसे हमारे देश के संस्थान, जिनसे हमारे लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करने की उम्मीद की जाती है, भी मूक दर्शक बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि “चुनाव लड़ने की हमारी क्षमता को नुकसान पहुँचाया गया है। हम एक माह गवाँ चुके हैं। हम विज्ञापन के स्लॉट्स नहीं बुक करा सकते। हम अखबारों में भी विज्ञापन नहीं दे सकते। अत: यह किस तरह का लोकतंत्र है? यह प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा कांग्रेस पार्टी पर की गई आपराधिक कार्यवाही है। आज के भारत में इन लोगों के बिना ऐसा काम नहीं हो सकता।”

राहुल गांधी ने कहा कि “यह मानना कि भारत एक लोकतंत्र है, झूठ है। आज भारत में लोकतंत्र नाम की कोई चीज़ नहीं है। यह मत कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, भी झूठ है। यह पूर्णतया झूठ है। भारत के 20 प्रतिशत लोग हमें वोट देते है और हम किसी चीज़ के लिए 2 रूपए देने की भी सामर्थ्य नहीं रखते और यह सब कुछ किया जा रहा है चुनावों में हमें पंगु बनाने के लिए।” “आज हमारे बैंक खातों पर से यदि पाबंदी हटा भी ली जाए तो भी भारतीय लोकतंत्र का भारी क्षति पहुंच चुकी है। कोई भी कोर्ट कुछ नहीं कह रही है, चुनाव आयोग भी कुछ नहीं कह रहा है, कोई भी संस्थान कुछ नहीं कह रहा है, मीडिया कुछ नहीं कह रहा है। यह हास्यास्पद है।” राहुल ने कहा कि “यह इस देश के सभी संस्थानों का कर्त्तव्य है, इस देश के सभी लोगों का कर्त्तव्य है। आपको आपकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण सम्पत्ति से वंचित किया जा रहा है, आपको आपके संविधान से, लोकतांत्रिक ताने-बाने से और सारे सिस्टम से वंचित किया जा रहा है और हर कोई सिर्फ चुप है।”

माकन ने कहा कि पार्टी को वित्तीय वर्ष 1993-94 के लिए आयकर विभाग का एक नया नोटिस पिछले सप्ताह प्राप्त हुआ। उस वक्त सीताराम केसरी पार्टी के कोषाध्यक्ष थे। हमसे कहा जा रहा है कि हम वित्तीय वर्ष 1993-94 के आकलन से जुर्माना शुल्क की गणना करें।”

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि राजनीतिक पार्टियां इनकम टैक्स के दायरे में नहीं आती। उन्होंने पूछा कि क्या भाजपा या किसी अन्य राजनीतिक पार्टी ने कभी इनकम टैक्स दिया है।

सोनिया ने कहा कि एक तरफ तो इलैक्टोरल बॉण्ड का मुद्दा है, जिसे सुप्रीम कोर्ट असंवैधानिक ठहरा चुका है। इलैक्टोरल बॉण्ड्स ने भाजपा का बहुत लाभान्वित किया है और दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी दल, कांग्रेस के फण्ड्स पर दृढ़ संकल्पित प्रहार हो रहा है।”

खड़गे ने कहा कि देश में चुनाव लड़ने के लिए समान संसाधन नहीं है। उन्होंने मांग कि “समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए हमारे बैंक खातों को डीफ्रीज़ किया जाए।”

## सार-समाचार

### दो बच्चियों ने रखा पहला रोजा



**निवाई,** (निसं)। मुस्लिम समुदाय के पवित्र महीने रमजान में जयपुर रोड स्थित ईदगाह मस्जिद के पास दो छोटी बच्चियों ने पहला रोजा रखा। पिता मोहम्मद अजीम ने बताया कि उनकी पुत्री मेहरीन 11 वर्ष व कशफ 9 वर्ष ने रमजान के पवित्र माह में पहला रोजा रखा। वही दोनों बच्चियों ने मुस्लिम धर्म ग्रंथ कुरान पढ़कर भी पूरा किया है। बच्चियों को दुआओं से नवाजने के लिए दूर-दूर से काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने बच्चियों को फूलों की माला सहित तोहफे भेंट किये। वही कुरान पूरा करने पर मौलवियों द्वारा बच्चियों से कुरान की तिलावत सुनी गई। बुधवार की देर शाम 6:40 पर दोनों बच्चियों ने अपना पहला रोजा परिवार व मौलवियों के साथ खोलेंगी।

### भाजपा लोकसभा प्रत्याशी का स्वागत

**अलवर,** (निसं)। अलवर लोकसभा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव को जिले भर में विभिन्न समाजों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। गुरूवार को भी विभिन्न समाजों के नेताओं ने विभिन्न स्थानों पर समाज की तरफ से भूपेन्द्र यादव का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें अपने समाज द्वारा समर्थन दिए जाने का ऐलान भी किया है। अलवर जिला में भाजपा लोकसभा सीट के उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का गुर्जर और ओड समाज द्वारा स्वागत और अभिनंदन सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर ओड और गुर्जर समाज के सम्मानित सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव का फूलो और 51 किलो की माला व 51 मीटर का साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री संजय शर्मा, पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना, विधायक रामहित यादव पूर्व सांसद डॉक्टर जसवंत यादव जी ने भी दोनों समाज के लोगों को संबोधित किया।

### फ्रांसीसी पर्यटक दल का भ्रमण

**टोंक,** (निसं)। मोलाना आजाद अरबी फारसी शोध संस्थान में फ्रांसीसी पर्यटक दल के 12 सदस्य भ्रमण करने आये। उन्होंने संस्थान में रखे आर्ट गैलेरी में विश्व के सबसे बडा कुरान शरीफ को देखकर अभिभूत हुऐ तथा उसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। एपीआरआई के डिस्प्ले हाल के शोकैस में रखे दुर्लभ मैन्यूस्क्रिप्ट्स रामायण, महाभारत एवं भगवत् गीता भी देखी जिसे देखकर खुशी का इज़हार किया। संस्थान के जमील अहमद एवं बदर अहमद द्वारा फ्रांसीसी दल को विजिट कराया गया।

# नकबजनी का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। जिला स्पेशल टीम व पुरानी टोंक थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर नकबजनी का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जानकारी अनुसार वृत्ताधिकारी राजेश विधार्थी ने बताया कि परिवादी शांति कुमार निवासी प्लाट नं. 1/139 हाउसिंग बोर्ड कालोनी टोंक ने 19 मार्च को रात्री के समय स्वयं के सूने मकान के ताले तोडकर सोने चांदी के आभूषण व नकदी चोरी हो जाने की रिपोर्ट पुरानी टोंक थाने में दर्ज कराई गई। इसी प्रकार परिवादी मोहसीन खान पुत्र रसीद मिया निवासी गोकुल धाम कालोनी टोंक ने भी 16 मार्च की रात्री को प्रार्थी के सूने मकान के ताले तोडकर नकदी व सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

इस पर गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए डाटा एकत्रित कर घटनास्थल व रूट चिन्हीत किया। घटना करने का समय व तरीके का विश्लेषण किया तथा उपलब्ध सीसीटीवी फुटेजों का विश्लेषण किया। दोराने तलाश व आसूचना के आधार पर आरोपी शानू उर्फ बबलू पुत्र रामकिशन सैनी जाति माली 22 साल निवासी होली का कूट देई जिला बून्दी एवं सुरज पुत्र लीलाधर जोशी जाति ब्राह्मण 28 साल निवासी हल्दवानी लाम्बाचोड चारधाम मन्दिर के पास जयपुर, पाडली थाना मुखानी जिला अल्मोडा उत्तराखण्ड को कार्यवाही करते हुये पुरानी टोंक थाना व डीएसटी



**जिला स्पेशल टीम व पुरानी टोंक थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।**

टीम द्वारा हाउसिंग बोर्ड पीडब्ल्युडी ऑफिस के पास से मय वाहन स्वीफ्ट कार के साथ डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। वाहन स्वीफ्ट कार से नकबजनी के काम में लेने वाला सामान बरामद किया गया। दोनों आरोपियों ने नकबजनी की वारदात करना स्वीकार किया।

आरोपी सूरज जोशी ने पूछताछ में बताया कि हम दोनों जयपुर से स्वीफ्ट कार लेकर टोंक आ गये, जहा पर हमने किराये का कमरा ले लिया व दिन में व शाम के समय आसपास घुमकर सूने मकानों की रेकी कर लेते थे व रात्री में सूने मकानों के ताले तोडकर नकबजनी करते थे। आरोपियों से गहनता से पूछताछ जारी है, जिससे अन्य नकबजनी की वारदातों के खुलासा होने की सम्भावना है। आरोपियों से चोरी हुए माल बरामदगी को लेकर रिकवरी की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ अन्य थानों में भी कई मामले दर्ज है, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड मंगवाया जा रहा है।

# नशीली दवा के साथ एक गिरफ्तार

**पावटा,** (निसं)। एसपी कोटपूतली बहरोड वंदिता राणा ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के आदेश अनुसार संपूर्ण राज्य में अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं अवैध हथकढ़ शराब, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट एवं वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्य स्तरीय विशेष अभियान की पालना में एएसपी कोटपूतली नेम सिंह के निर्देशन, वृत्तधिकारी विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन एवं विराटनगर थाना प्रभारी मनोहर लाल के नेतृत्व में टीम का गठन कर भीलवाडा बस स्टैंड के पास नवरंगपुरा रोड पर एक युवक महेंद्र सैनी निवासी मालियों की ढाणी बियावास के पास अवैध नशीले 1584 कैप्सूल एवं 2 लाख 16 हजार नगद राशि बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# ‘राज्यपाल के आचरण पर हम क्षुब्ध हैं वो सुप्रीम कोर्ट की अवमानना कर रहे हैं’

## तमिलनाडू के राज्यपाल को सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

**नई दिल्ली**, 21 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडू राज्य के राज्यपाल के प्रति कड़ा रुख इस बात को लेकर अपनाया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा मंत्री की सजा पर स्थगन आदेश जारी करने के बाद भी मंत्री को बहाल नहीं किया।

के. पोन्मुडी, मंत्री परिषद में राज्य मंत्री थे जिन्हें एक केस में दोषी करार दिए जाने के बाद उन्हें अपना मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने उक्त मंत्री को उनके मंत्रिमण्डल में वापस बहाल करने की राज्यपाल से सिफारिश की थी।

राज्यपाल ने, सुप्रीम कोर्ट द्वारा दोषसिद्धि पर स्थगन आदेश जारी करने के बाद भी, पोन्मुडी को पुन: मंत्रिमण्डल में शामिल करने इजाजत नहीं दी, इसलिए तमिलनाडू सरकार इस मामले को लेकर पुन: सुप्रीम कोर्ट चली गई।

गुरुवार को, सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल आर.एन. रवि के व्यवहार और उनके आचरण पर नाराजगी जाहिर की क्योंकि वो किसी भी मुद्दे पर एक चुनी हुई सरकार के साथ तकरार करते रहते हैं और बखेड़ा खड़ा कर देते हैं।

संयोगश, सुप्रीम कोर्ट पहले ही उन्हें इस बात को लेकर फटकार लगा चुका है कि, राज्य विधानसभा व सरकार द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने में वे असाधारण विलम्ब करके सरकार को परेशान कर रहे थे और कामकाज में बाधा डाल रहे थे।

यह महज संयोग है कि तमिलनाडू की सरकार को चलाने वाली पार्टी डी.एम.के. (द्रमुक) द्वारा राज्य में राज्यपाल के पद को समाप्त करने का तक और संघीय ढांचे को मजबूती देने के आव्हान करने के बाद अगले ही दिन सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल रवि को फटकार लगाई थी। इस खेंचतान के चलते डी.एम.के ने अपने लोकसभा के चुनाव घोषणा पत्र में यह मुद्दा रखा है और उसमें प्रतिज्ञा ली है कि वह राज्यपाल के पद को समाप्त करने की दिशा में काम करेगी।

■ **सुप्रीम कोर्ट द्वारा तमिलनाडू के मंत्री पोन्मुडी की दोषसिद्धी पर स्टे लगाने के बावजूद भी राज्यपाल ने उन्हें मंत्री पद पर बहाल करने से इन्कार कर दिया। राज्य सरकार ने पुनः सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल पर गंभीर नाराज़गी जताई।**

संयोगवश, एक वाकया पहले भी हुआ है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को पहले भी सलाह दी थी कि वे विधेयकों को लम्बित रख पारित करने में देरी नहीं कर सकते और उन्हें उन पर एक यथोचित अवधि में निर्णय लेना ही पड़ेगा।

परंतु इसके बावजूद उनकी राज्य सरकार के साथ तकरार जारी है जबकि मुख्यमंत्री द्वारा शांत व एक समझदारी भरा दृष्टिकोण अपनाया गया, जो नियमावली की पुस्तक के अनुसार चले और पद की मर्यादा और गरिमा बनाए रखी।

शीर्ष कोर्ट ने राज्यपाल रवि को गुरुवार को फटकार लगाते हुए कहा, “हम राज्यपाल के आचरण को गंभीर गंभीरता से ले रहे हैं हम इस बात को ऊंची आवाज में कोर्ट में नहीं कहना चाहते हैं परंतु वे भारत के उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं।”

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बैंच जिसमें न्यायाधीश जे.बी. पारदीवाला व मनोज मिश्रा भी थे, वह राज्यपाल द्वारा पोनमुदिन को मंत्री के रुप में बहाल करने से इंकार करने के खिलाफ तमिलनाडू सरकार के आवेदन पर सुनवाई कर रही थी।

पोनमुदिन की जेल की सजा को निलम्बित कर देने व सजा पर स्थगन आदेश जारी करने के बाद भी राज्यपाल ने सरकार की पोनमुदि को मंत्री पद पर पुन: बहार किए जाने अनुशंषा को स्वीकार करने से मना कर दिया।

सी.जे.आई. चन्द्रचूड ने अटॉर्नी जनरल इंडिया आर. वेंकट रमानी से कहा, “मिस्टर अटॉर्नी जनरल, आपके राज्यपाल यह क्या कर रहे है? सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है और राज्यपाल कहते है कि वे उन्हें शपथ नहीं दिलवाएंगे। हमें विवश होकर गंभीर रुख अपनाना पड़ेगा। कृपया अपने राज्यपाल को कहें कि हम इस पर गंभीर दृष्टिकोण अपनाएंगे। यदि हम कल तक कोई सकारात्मक कार्रवाई की बात नहीं सुनते हैं और संवैधानिक स्थिति सही नहीं होती है तो हमें इसको लेकर आदेश पारित करना पड़ेगा और तब हम एक आदेश पारित कर ही देंगे।”

न्यायमूर्ति ने यह भी कहा कि, यदि “एक राज्यपाल को यह सूचित कर दिया कि जब भारत का उच्चतम न्यायालय एक सजा को स्थगित कर देता है तो सज स्थगित हो ही जाती है।” जब दो न्यायाधीशों वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ सजा को स्थगित कर देती है तो राज्यपाल के पास हमें यह बताने का कोई काम नहीं है कि इससे सजा नहीं खत्म होती है और यह अस्तित्व रहित है। इसका मतलब यह है कि जिन लोगों ने उनको सलाह दी है कानून के अनुसार सही सलाह नहीं दी है।” सी.जे.आई. ने कहा।

अटॉर्नी जनरल ने यह कहते हुए आवेदन पर तकनीकी आपत्तियां प्रकट की और कहा कि एक याचिका जो पहले से अलग मुद्दे पर विचाराधीन है उसमें इंटरलोक्यूटरी आवेदन किया गया है इस पर प्रश्न है कि एक राज्य के मूल अधिकारों का कैसे उल्लंघन हुआ है हालांकि, सी.जे.आई. ने उनसे प्रश्न किया, कि मिस्टर, अटॉनी यदि राज्यपाल संविधान का पालन नहीं करते हैं तो सरकार क्या करेगी।”

सी.जे.आई. ने यह भी कहा कि एक मुख्यमंत्री एक व्यक्ति को मंत्री पद पर नियुक्त करना चाहता है तो राज्यपाल को यह कार्य एक संसदीय लोकतंत्र के हिस्से के रुप में करना चाहिए क्योंकि वह राज्य का एक औपचारिक प्रमुख है। एक राज्यपाल कैसे कह सकता है कि मंत्री को शपथ दिलाना संवैधानिक नैतिकता के विरुद्ध होगा? क्या राज्यपाल का यह सर्वश्रेष्ठ तर्क है कि वे सरकार पर उंगली उठाकर संवैधानिक बचाव करते हुए अवैध आचरण को रोकेंगे?”

राजभवन से भेजी गई एक अधिकारिक सूचना में मुख्यमंत्री के उस अनुरोध को खारिज कर दिया। जिसमें उन्होंने पोनमुदि को बहाल करने का अनुरोध किया था और आगे राज्यपाल ने कहा कि, पोनमुदि पर भ्रष्टाचार के आरोपों के दाग लगे है अत: “उन्होंने पुन: मंत्रिमंडल में मंत्री बहाल करना एक प्रकार से संवैधानिक नैतिकता के विरुद्ध है।” तमिलनाडू सरकार इस मामले को लेकर देश की शीर्ष अदालत में इंटरलोक्यूटरी आवेदन के माध्यम से पहुंची थी जबकि एक रिट पिटीशन पहले से सरकार के खिलाफ राज्यपाल पर विधेयकों को पारित करने में अनावश्यक विलम्ब से मंजूरी देने को लेकर थी। सरकार तर्क दिया कि रवि इस तरीके से कार्य कर रहे थे मानों वे सर्वोच्च अपील अदिकारी ओर उनका कोर्ट के आदेश को मानने से इंकार करना “एक घोर उल्लंघन” है।

पूर्व मंत्री पोन्मुडी व उनकी पत्नी विशालाक्षी को मद्रास हाईकोर्ट ने दिसम्बर 2023 में एक आय से अधिक सम्पत्ति के मामले दोषी करार दिया था और उन्हें 3 वर्ष की सजा सुनाई गई थी। उन्हें विधायक के रुप अयोग्य घोषित कर दिया गया था और जनप्रतिनिधि अधिनियम 195 1 की धारा 8 (3) के तहत एक मंत्री को, जिसे अनेक अपराधों में सजा दी गई हो इसमें भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के प्रावधान भी शामिल है, के तहत व्यक्ति या मंत्री को छ- वर्षों की अवधि के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा। इसके तहत उन्हें तत्काल विधायकी तथा मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके चलते, पोनमुदि मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट चले गए। जहां पर कोर्ट ने सजा को निलंबित कर दिया और दोषसिद्धि पर रोक लगा दी।

सरकार ने उनकी विधायकी को अयोग्य घोषित करने वाले निर्णय वापस ले लिया और राज्यपाल से अनुरोध किया था पोनमुदि को पुन: मंत्री नियुक्त किया जाए।

# सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही : एस.डी.एम.

**मालपुरा,** (निसं)। आगामी दिनों में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 सहित होली, धुलंडी, रंगपंचमी, हिन्दू नववर्ष, ईद व ओसवाल तीर्थ दादाबाडी में आयोजित होली मेले के दौरान शहर व उपखण्ड क्षेंत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने को लेकर गुरूवार को मालपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में हिन्दु व मुस्लिम दोनो ही समुदायों के प्रबुद्धजन मौजूद रहे। त्यौहारों पर अमन चैन व आपसी भाईचारा बनाये रखने को लेकर चर्चा के दौरान एसडीएम अमित कुमार चौधरी ने दो टूक शब्दों में कहा कि क्षेत्र में आमजन की सुरक्षा एंव कानून व्यवस्था बनाया रखना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। आज से पूर्व मालपुरा में हुई साम्प्रदायिक घटनाओं से उपजे हालात तथा दोनो ही समुदायों के लोगों को हुई परेशानी के साथ-साथ साम्प्रदायिकत्ता की आग में झुलसे शहर पर अतिसंवेदनशील कस्बे के लगे



**मालपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में हिन्दु व मुस्लिम समुदायों के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।**

बदनुमा दाग को हटाने के लिये प्रशासन के साथ-साथ शांति समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका व जिम्मेदारी है। एसडीएम ने कहा कि यदि मालपुरा का साम्प्रदायिक सौहार्द अब किसी ने बिगाडने की कोशिश की तो उन शरारती तत्वों व असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रशासन सख्त कार्यवाही करेगा। एएसपी रामकुमार कस्वा ने कहा कि सोशल मिडिया पर भ्रामक व भडकाऊ पोस्ट करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है। अभिभावक अपने बच्चों को सोशल मिडिया के दुरूपयोग से बचने की शिक्षा दे साथ ही दोनों समुदाय एक-दूजे के त्यौहारों में शरीक होकर पुन: शहर में साम्प्रदायिक सौहार्द की मिशाल कायम करते हुये दो समुदायों में हुई दूरियों की खाई को पार्ट कर आने वाली युवा पीढी के लिये एक मिशाल पेश करे।

■ **लोकसभा चुनाव सहित होली व ईद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक**

थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने कहा कि शहर के हालातों व आमजन की सुरक्षा को देखते हुये प्रशासन द्वारा तय किये गये रास्तों में किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं होगा और जूलूस व यात्राओं में डीजे बजाने की स्वीकृति भी नहीं होगी। शांति समिति सदस्य बशीर अहमद, मुंशी खां बेलिम, रामलाल फोजी, एडवोकेट हमीद, कृष्णकांत जैन आदि ने त्यौहारों पर होने वाले आयोजनों की प्रशासन को जानकारी दी साथ ही अवैध सट्टा व्यापार व धडल्ले से बिक रहे मादक पदार्थो की बिक्री पर रोक लगा युवा पीढी को नशे की लत से बचाने के लिये प्रशासन से ऐसे लोगों पर कार्यवाही की मांग की।

# अवनी का आविष्कार अभियान में चयन

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सत्र 2023-24 में कक्षा 9 से 12 में अध्यनरत विद्यार्थियों में गणित एवं विज्ञान विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का अविष्कार अभियान के तहत चयन किया गया है। सुश्री अवनी शर्मा पुत्री गिरिराज शर्मा जो की कक्षा 10 में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम श्रीमाधोपुर की छात्रा थी इन्होंने विज्ञान एवं गणित विषय में ब्लॉक में सबसे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को राज्य के बाहर भ्रमण गतिविधि में इनका चयन हुआ है एवं इन्हें राज्य के बाहर ले जाया जाकर गणित एवं विज्ञान विषय से जुड़े संस्थाओं का भ्रमण करवाया जाएगा। इस अवसर पर बालिका सुश्री अवनी शर्मा का विद्यालय में अभिनंदन किया गया और उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर बालिका के परिजन और विद्यालय स्टाफ भी उपस्थित था।



# बास कृपाल नगर के श्याम मंदिर पर महिला चोर गिरोह सक्रिय

**किशनगढ़बास,** (निसं)। किशनगढ़बास निवासी मीडिया कर्मी मुकेश सोनी अपनी पत्नी के साथ बुधवार को बास कृपाल नगर में श्याम मंदिर में बाबा के दर्शनों के लिए गए थे। इस दौरान मंदिर में उनकी पत्नी के पीछे खड़ी एक अज्ञात महिला चेन तोड़कर भाग गई। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे देखना चाहा तो खराब होने की बात कही।

बताया गया की हर माह की ग्यारस पर किशनगढ़बास सहित आसपास के गांव से सैकड़ों की संख्या में श्याम प्रेमी जत्थे के रूप में एकत्रित होकर तीर का निशान लेकर बाबा के चढ़ाने के लिए पहुंचते हैं। मंदिर में दर्शनों के लिए पहुंची किशनगढ़बास विद्युत विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारी ने बताया कि करीब 4 माह पहले वह ग्यारस पर बाबा के दर्शन करने के लिए आई तब उस दौरान भीड़ में गले से कोई चेन तोड़कर ले गया। इसी प्रकार अनेक महिलाओं ने दर्शनों के दौरान अन्य हुई घटनाओं की जानकारी दी। मंदिर कमेटी के लोगों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पहले भी महिलाओं के गले से चैन चोरी की घटनाएं होने की बात सामने आने पर कैमरे के फुटेज दिखाए गए है। मंदिर के कैमरे पिछले दिनों शॉर्ट सर्किट से खराब हुए हैं। कैमरे बदलने के लिए मंदिर कमेटी की ओर से प्रस्ताव लिया जा चुका है जल्दी ही कमरे बदले जाएंगे। लोगों ने बताया कि महिला चोर गिरोह पहले मंदिर के बाहर खड़े रहकर महिला को टारगेट करते हैं और आगे पीछे से घेराबंदी कर चेन तोड़ लेते हैं। आसपास खड़े भक्तों का ध्यान भटकाने के लिए चोर गिरोह के सदस्य एक छोटे बच्चे को भी अपने साथ रखते हैं।

# कचरे का ढेर हटवाने की मांग

**सांभरझील,** (निसं)। कायस्थ मौहल्ला में चणक्या भेरूजी मंदिर के रास्ते के दोनों और खाली भूखंडों पर कचरे का ढेर एक मंजिल जितना ऊपर हो गया है। उस पर बबूल की झाड़ियां है जो रास्ते में आने से आवागमन संकीर्ण हो गया है। धुलंडी के दिन नंदीकेश्वर की सवारी इस मार्ग से निकलती है। कई दफा यहां के लोगों ने कचरा हटवाने के लिए अनुरोध किया लेकिन कई सालों से यह कचरे का ढेर इसी प्रकार लगा हआ है।



रोहित ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कहा, "व्यक्तिगत रूप से मुझे इनके साथ काम करके बहुत मजा आया। जितने भी युवा लड़के थे, सब काफी चुलबुले थे।" उन्होंने कहा, "इनमें से अधिकतर को मैं अच्छी तरह से जानता था तथा मुझे उनके मजबूत पक्षों के बारे में पता था। मैं जानता था कि वह किस तरह से खेलना चाहते हैं। -रोहित शर्मा

युवाओं के व्यक्तित्व पर रोहित शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी: पावरलिफ्टर अशोक



**अशोक** और परमजीत कुमार ने मिस्र में चल रहे पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में रजत पदक जीतकर पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर लिया। मनप्रीत कौर ने 41 किलो वर्ग में 86 किलो वजन ठाकर कांस्य पदक जीता। अशोक ने 192 और 196 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अशोक और परमजीत कुमार ने मिस्र में चल रहे पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में रजत पदक जीतकर पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर लिया। मनप्रीत कौर ने 41 किलो वर्ग में 86 किलो वजन ठाकर कांस्य पदक जीता।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैण्ड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

## पाकिस्तान के मुख्य कोच के लिये लैंगर

नई दिल्ली, 21 मार्च। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि वह आगामी टी20 विश्व कप और चैम्पियंस ट्रॉफी को देखते हुए टीम के लिये विदेशी कोच और सहयोगी स्टाफ चाहते हैं। शेन वाटसन के इनकार करने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिये जस्टिन लैंगर और गैरी कर्स्टन समेत कई विदेशी कोचों के संपर्क में है। 'जंग' अखबार के अनुसार पीसीबी ने लैंगर, कर्स्टन, माइक हेसन, मैथ्यू हेडन, इयोन मोर्गन और फिल सिमंस से संपर्क किया है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि वह आगामी टी20 विश्व कप और चैम्पियंस ट्रॉफी को देखते हुए टीम के लिये विदेशी कोच और सहयोगी स्टाफ चाहते हैं। पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ ने देशी कोचों को तरजीह दी थी। उनके रहते विदेशी कोचों को तीन महीने की तनख्वाह देकर पदमुक्त कर दिया गया था।

## आईपीएल 2024 के पहले मैच में मशहूर लगाएंगे एंटरटेनमेंट का तड़का

बैगलुरु, 21 मार्च। आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है। पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा। चेन्नई में होने वाले इस मैच के लिए मैदान में दर्शकों के एंटरनेटमेंट का भी पूरा इंतजाम किया गया है। ओपनिंग मैच में इनिंग्स ब्रेक के दौरान डीजे एक्सवेल परफॉर्म करेंगे। सोशल मीडिया एक्स पर इंडियन प्रीमियर लीग ने पोस्ट करके इस बारे में जानकारी दी। इसको लेकर फैंस में भी काफी ज्यादा उत्साह है। एक्सवेल स्वीडन के मशहूर डीजे हैं। रिकॉर्ड प्रोड्यूसर और रिमिक्सर भी हैं। डीजे एक्सवेल ओपनिंग सेरेमनी के दौरान भी परफॉर्म करेंगे। इस दौरान अक्षय कुमार से लेकर टाइगर श्रॉफ और एआर रहमान व सोनू निगम जैसे बॉलीवुड के सितारे भी अपनी चमक बिखेरेंगे। आईपीएल ओपनिंग सेरेमनी शुक्रवार को शाम 6 बजकर तीसर मिनट से शुरू होगी। बता दें कि, आईपीएल के 17वें सीजन का पहला मैच कल खेला जाएगा। आईपीएल को लेकर फैंस का रोमांच भी चरम पर है। डीजे एक्सवेल के मैच की पारियों के दौरान परफॉर्म करने को लेकर बेहद रोचक कमेंट्स आए। एक यूजर ने लिखा कि, मैच में मैक्सवेल धूम मचाएगा और इनिंग्स के बीच में एक्सवेल। गौरतलब है सीएसके और आरसीबी के बीच होने वाले इस मैच को लेकर फैंस पहले से ही बहुत ज्यादा उत्साहित हैं। ऐसे में यहां मिलने वाली एंटरटेनमेंट का डोज, उनके उत्साह में और ज्यादा इजाफा करेगी।

## बीसीसीआई चयनकर्ता बनने की दौड़ में मिथुन मन्हास

नई दिल्ली, 21 मार्च। निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे । भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं। उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है। पंजाब के पूर्व क्रिकेटर और सितंबर 2021 से जूनियर चयन समिति के सदस्य कृष्ण मोहन ने भी सीनियर चयन समिति का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है। भारत के पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है।

# क्रिकेट का महाकुंभ आज से

## चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु से होगा



चैन्नई, 21 मार्च। आईपीएल 2024 की शुरुआत चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु से होगा दोनों टीमों ने इस मैच के लिए कमर कस ली है। सीएसके और आरसीबी की टीम में दिग्गज खिलाड़ी मौजूद हैं। वहीं दोनों के ही पास विदेशी खिलाड़ियों का अच्छा विकल्प है। जहां चेन्नई अपने नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में छठी बार खिताब अपने नाम करना चाहेगी तो दूसरी तरफ 16 साल से खिताब के लिए तरस रही आरसीबी इस बार अपनी ख्वाहिश पूरी करना चाहेगी।

चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी के बीच आईपीएल में अब तक कुल 31 मैच खेले गए हैं। जिसमें गत चैंपियन सीएसके ने 20 मैच जीते हैं। जबकि आरसीबी की टीम 10 मैच ही जीत सकी है। दोनों टीमों के बीच एक मुकाबला बेनतीजा रहा है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में भी सीएसके का पलड़ा भारी है। हालांकि, टी20 क्रिकेट में एक गेंद से बाजी पलट सकती है, इसलिए इस फॉर्मेट में ये कहना कठिन होता है कि कौन सी टीम मुकाबले को जीत सकती है। आरसीबी के पास दिग्गज बल्लेबाज मौजूद हैं ऐसे में ये जानना दिलचस्प होगा कि पूर्व कप्तान विराट कोहली क्या इस सीजन में भी फाफ डुप्लेसिस के साथ ओपनिंग करने आएंगे। पिछले सीजन इनकी ओपनिंग जोड़ी काफी हिट रही थी और इसकी संभावना प्रबल है कि कोली और डुप्लेसिस की जोड़ी ही आरसीबी के लिए पारी का आगाज करेगी। मध्यक्रम में टीम के पास ग्लेन मैक्सवेल, सुयश प्रभुदेसाई, रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक जैसे बल्लेबाज मौजूद हैं। इसके अलावा आरसीबी ने मुंबई इंडियंस से कैमरून ग्रीन को भी ट्रेड किया था। सीएसके टीम इस बार अपने चोटिल खिलाड़ियों से परेशान है। टीम के ओपनिंग बल्लेबाज डेवॉन कॉन्वे चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। लेकिन चेन्नई ने आईपीएल 2024 नीलामी में न्यूजीलैंड के युवा खिलाड़ी रचिन रविंद्र को टीम में शामिल किया है। जिससे उम्मीद है कि टीम कॉन्वे की जगह रचिन से ओपनिंग कराएगी। वहीं श्रीलंका के मथीशा पथिराना भी चोटिल हैं जिस कारण मुस्ताफिजुर रहमान को मौका मिल सकता है।

**चेन्नई सुपर किंग्स:-** रचिन रविंद्र, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अंजिक्य रहाणे, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, डेरिल मिशेल, महेंद्र सिंह धोनी, मिशेल सैंटनर, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, मुस्ताफिजुर रहमान।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु :-** विराट कोहली, फाफ डुप्लेसिस (कप्तान), रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, सुयश प्रभुदेसाई, दिनेश कार्तिक, कैमरून ग्रीन, महिपाल लोमरोर, रीस टॉप्ली, मोहम्मद सिराज, करन शर्मा।

# आईपीएल से एडम जंपा ने वापस लिया नाम



नई दिल्ली, 21 मार्च। आईपीएल 2024 के आगाज से एक दिन पहले राजस्थान रॉयल को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जम्पा ने व्यक्तिगत कारणों से आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया। जम्पा को पिछले साल दुबई में हुई आईपीएल नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स ने 1.5 करोड़ रुपये के अनुबंध पर रीटेन किया था। लेकिन उनके मैनेजर ने गुरुवार को ईएसपीएनक्रिकइन्फो से पुष्टि करते हुए कहा कि वो आईपीएल 2024 में हिस्सा नहीं लेंगे।

वहीं पिछले साल एडम जम्पा वनडे वर्ल्ड कप के बाद से ही लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज के बाद वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी सीरीज केली थी। वो परिवार के साथ रहना चाहते हैं। जाम्पा के हटने से राजस्थान रॉयल्स की स्पिन गेंदबाजी जरूर कमजोर होगी।

हालांकि,रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल के साथ जंपा राजस्थान रॉयल्स के तीन शीर्ष स्पिनरों में शामिल थे। उन्होंने पिछले साल इस फ्रेंचाइजी की तरफ से 6 मैच खेले थे जिनमें 23.50 की औसत से 8 विकेट लिए थे। जंपा के हटने से राजस्थान रॉयल्स का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर होगा। उसके तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा चोटिल होने के कारण पहले ही आईपीएल से बाहर हो गए थे।

फिलहाल, राजस्थान रॉयल्स अपना पहला मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 24 मार्च को जयपुर में खेलेगी। दूसरे मैच में उसे दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ना है जो कि 28 मार्च को जयपुर में ही खेला जाएगा।

# नया अध्याय लिखने के लिए भारतीय फुटबॉल टीम अफगानिस्तान से भिड़ेगी

आभा (सऊदी अरब), 20 मार्च। जैकसन सिंह और अनवर अली की वापसी से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम शुक्रवार को फीफा विश्व कप क्वालीफायर के मुकाबले में एक नया अध्याय लिखने के लिए अफगानिस्तान से भिड़ेगी। एएफसी एशियन कप कतर 2023 में निराशाजनक अभियान के बाद भारतीय टीम इस विश्वकप क्वालीफायर से अपने अंकों की संख्या को बढ़ाने की उम्मीद से उतरेगा। तीन अंक भारत को फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने के कभी न हासिल हुए और दूरगामी सपने के करीब ले जा सकते हैं।

शुक्रवार के मैच के बाद भारत 26 मार्च को गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में चौथे मैच के दिन फिर से अफगानिस्तान से भिड़ेगा। अफगानिस्तान अब तक अपने दोनों मैच कतर से 1-8 से और कुवैत से 0-4 से बड़े अंतर से हार चुका है। भारत इन मुकाबलों से सभी छह अंक हासिल करने का प्रयास करेगा।

मुकाबले को लेकर सुनील छेत्री ने कहा कि हम यहां सऊदी अरब के ठीक कोने में हैं और हम वास्तव में हैं एशियाई कप में जो हुआ उसके बाद वापसी करनी होगी। यह आसान नहीं होगा। हमें आगे बढ़ना होगा।

# ऋतुराज गायकवाड बने कप्तान

## एमएस धोनी ने कमान छोड़ी; आज से पहला मैच खेलेगी टीम



चेन्नई, 21 मार्च। चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (-2024) की शुरुआत से एक दिन पहले कप्तान बदलने की घोषणा की है। टीम को 5 बार चैंपियन बना चुके महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है।

उनकी जगह 27 साल के युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड टीम की कमान संभालेंगे। वे फ्रेंचाइजी के चौथे कप्तान बने हैं। इससे पहले, एमएस धोनी, सुरेश रैना और रवींद्र जडेजा टीम की कमान संभाल चुके हैं। सीएसके ने बयान जारी कर कहा- एमएस धोनी ने 2024 की शुरुआत से पहले चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड को सौंप दी है। गायकवाड 2019 से चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं और उन्होंने इस दौरान में 52 मैच खेले हैं। टीम आगामी सीजन का इंतजार कर रही है। इस सीजन का ओपनिंग मैच चेन्नई और बेंगलुरु के बीच एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुक्रवार को खेला जाएगा।

टीम के 16 में से 14 सीजन का हिस्सा रही। इन सभी सीजन में धोनी कप्तान रहे। 2016 और 2017 में बैन झेलने के बाद धोनी ने दोबारा बागडोर संभाली और 2018 और 2021 के खिताब दिलाए। 2022 में रवींद्र जडेजा को कप्तान बनाया गया था, लेकिन जडेजा ने बीच सीजन में कप्तानी छोड़ दी और धोनी को फिर कमान संभालनी पड़ी। इसके बाद 2023 सीजन में धोनी ने चेन्नई को अपनी लीडरशिप में 5वीं बार चैंपियन बनाया। रैना भी कुछ मैचों में टीम को लीड कर चुके हैं।

# सिंधु, लक्ष्य और किदांबी पहुंचे स्विस ओपन के दूसरे दौर में

बासेल, 21 मार्च। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर स्विस ओपन 2024 के दूसरे दौर में पहुंच गये है। बुधवार को स्विट्जरलैंड के बासेल में सेंट जैकबशाले एरिना में खेले गये मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज और चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने 34 मिनट तक चले इस मुकाबले में वर्ल्ड बैडमिंटन रैंकिंग में 43वें स्थान पर मौजूद थाईलैंड की पोर्नपिचा चोएकीवोंग को सीधे गेम में 21-12, 21-13 से हराया।

पीवी सिंधु ने पहले गेम में अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए आसान जीत हासिल की। गेम की शुरुआत से ही उन्होंने थाईलैंड की खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी। 15-8 की बढ़त बनाने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने अपना शानदार खेल जारी रखा और 21-12 से पहला गेम अपने नाम कर लिया।

सिंधु दूसरे गेम में भी पोर्नपिचा पर हावी रहीं और बढ़त बना ली, लेकिन पोर्नपिचा चोएकीवोंग ने जल्द ही वापसी की और 9-9 से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद सिंधु ने 16-11 की बढ़त बनाई और थाईलैंड की खिलाड़ी को मैच निर्णायक तक पहुंचाने का कोई मौका नहीं दिया और उन्होंने 21-13 से दूसरा गेम जीत लिया। इसके अलावा पुरुष एकल मुकाबले में वर्ल्ड रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज़ लक्ष्य सेन ने मलेशियाई बैडमिंटन खिलाड़ी लियोंग जून हाओ को 21-19, 15-21, 21-11 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई को सीधे गेम में हराया। उन्होंने चीनी ताइपे शटलर को 21-17, 21-18 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। वहीं महिला युगल मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा ने इंडोनेशिया की मीलीसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज को 21-18, 12-21, 21-19 से शिकस्त देकर अगले राउंड में अपनी जगह बनाई।

महिला युगल के अन्य मैच में प्रिया कोन्जेंगबम और श्रुति मिश्रा ने चीनी ताइपे की जोड़ी हुआंग यू-हसुन-लियांग टिंग यू को सीधे गेम में शिकस्त दी। भारतीय जोड़ी ने इस मुकाबले में 21-13, 21-19 के स्कोर से जीत हासिल कर अगले राउंड में जगह बनाई। पुरुष युगल जोड़ी हरिहरन एम्सकरुणन और रुबन कुमार रेथिनसाबपति को पहले राउंड में जापान के केन्या मित्सुहाशी हिरोकी ओकामुरा से 21-19, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा।

### क्रिकेट लीड महिला बंगलादेश ऑस्ट्रेलिया

# ऑस्ट्रेलिया ने बंगलादेश को 118 रनों के विशाल अंतर से हराया

मीरपुर, 21 मार्च। एनाबेल सदरलैंड के नाबाद 58 रनों की अर्धशतकीय और अलाना किंग की 46 रनों की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार को एकदिवीय मुकाबले में बंगलादेश की महिला टीम को 118 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया है।

214 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में मेगन शूट ने फरजाना हक को शून्य पर पवेलियन भेजकर बंगलादेश को पहला झटका दिया। इसके बाद शोबना मोस्तारी और मुर्शीदा खातून ने पारी को संभालने का प्रयास किया। मोस्तारी 17 रन को किंग ने बोल्ड आउट किया। मुर्शीदा 10 रन बनाकर आउट हुई। कप्तान निगार सुल्ताना ने टीम के सर्वाधिक 27 रनों की पारी खेली। वह लगातार दो और बल्लेबाजों फाहिमा खातून और ऋतु मोनी के रनआउट होने के बाद रनआउट हुई। इसके बाद बंगलादेश की स्थिति बेहद नाजुक हो गई और उसका कोई भी बल्लेबाज छह रन से अधिक नहीं बना सका। बंगलादेश की पूरी टीम 36 ओवर में 95 रन पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से एश्ली गार्डनर ने तीन विकेट लिये। किम गार्थ ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। किम गार्थ, अलाना किंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**ऋण वसूली प्राधीकरण**

पहली मंजिल, सुधर्मा ।।, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015

केस नं. ओए/1050/2023

एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन

ईएक्सएच.नं. 11448

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
बनाम
मै. जयपुर एक्सरे एण्ड सोनोग्राफी रिसर्च सेन्टर

प्रेषित,
1. मै. जयपुर एक्सरे एण्ड सोनोग्राफी रिसर्च सेन्टर द्वारा प्रोपराइटर श्री रविशंकर शर्मा कार्यालय पीतल फैक्ट्री के पास, ताम्बी पेट्रोल पम्प के सामने, झोटवाडा रोड, शास्त्री नगर, जयपुर, राजस्थान
2. श्री रवि शंकर शर्मा पुत्र श्री राम सहाय शर्मा ए-106 अशोक मार्ग, नेहरू नगर, पानीपे, जयपुर, राजस्थान-312016
3. श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री रवि शंकर शर्मा ए-106 अशोक मार्ग, नेहरू नगर, पानीपेच, जयपुर, राजस्थान-312016

सम्मन

जैसा कि, ओए/1050/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 15.02.2024 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 2037641/- (आवेदन तथा दस्तावेजों की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन / नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(ii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राधीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(v) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 14.05.2024 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
**इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 17.02.2024 को जारी किया गया।**

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर

**ऋण वसूली प्राधीकरण**

पहली मंजिल, सुधर्मा ।।, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015

केस नं. ओए/225/2023

एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन

ईएक्सएच.नं. 11527

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
बनाम
श्री सालासर बालाजी आयरन एण्ड एग्रो इण्डस्ट्रीज

प्रेषित,
1. श्री सालासर बालाजी आयरन एण्ड एग्रो इण्डस्ट्रीज डी/डब्लू/एस/ओ-96, गंगा विहार कॉलोनी, डाकबेल बगरू, जयपुर, राजस्थान-303007
2. सुशीला देवी अग्रवाल 96, गंगा विहार कॉलोनी, डाकबेल बगरू, जयपुर, राजस्थान-303007
3. ओम प्रकाश अग्रवाल 96, गंगा विहार कॉलोनी, डाकबेल बगरू, जयपुर, राजस्थान-303007

सम्मन

जैसा कि, ओए/225/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 02.03.2024 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 2794479/- (आवेदन तथा दस्तावेजों की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन / नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(ii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राधीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(v) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 16.05.2024 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
**इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 02.03.2024 को जारी किया गया।**

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर

**ऋण वसूली प्राधीकरण**

पहली मंजिल, सुधर्मा ।।, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015

केस नं. ओए/1303/2023

एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन

ईएक्सएच.नं. 11081

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
बनाम
भूपेन्द्र सिंह

प्रेषित,
1. भूपेन्द्र सिंह डी/डब्ल्यू/एस/ओ - आनन्द सिंह निवासी 102, ग्राउन्ड फ्लोर, डी-73 तारा नगर-डी, झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान-302012
2. श्रीमती किरण सिंह पत्नी श्री भूपेन्द्र सिंह निवासी 102, ग्राउन्ड फ्लोर, डी-73 तारा नगर-डी, झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान-302012

सम्मन

जैसा कि, ओए/1303/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 19.10.2023 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 2649016.03/- (आवेदन तथा दस्तावेजों की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन / नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(ii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राधीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(v) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 11.04.2024 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
**इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 15.12.2023 को जारी किया गया।**

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर

**ऋण वसूली प्राधीकरण**

पहली मंजिल, सुधर्मा ।।, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015

केस नं. ओए/1309/2023

एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन

ईएक्सएच.नं. 11067

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
बनाम
अर्चना जौहरी

प्रेषित,
1. अर्चना जौहरी, डी/डब्ल्यू/एस/ओ-सुशील कुमार जौहरी, एफ.जी.-1, फ्लैट नं. ई-180, राम नगर विस्तार, सोडाला, जयपुर, राजस्थान-302019 साथ ही मै. स्मार्ट शूज शौपी, दुकान नं. 1-2, शर्मा कॉलोनी, नन्दपुरी 22 गोदाम, जयपुर, राजस्थान-302012 साथ ही प्लाट नं. 70-ए, विवेकानन्द मार्ग, लक्ष्मीनगर, निवारू रोड, झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान-302012
2. श्री सुशील कुमार जौहरी, निवासी एफ.जी.-1 फ्लैट नं. ई-180 राम नगर विस्तार, सोडाला, जयपुर, राजस्थान-302019
साथ ही
मै. जयपुर ट्रेडिंग कम्पनी, दुकान नं. 1-2, शर्मा कॉलोनी एक्सटेन्शन, हवा सडक, जयपुर राजस्थान-302006
साथ ही
प्लाट नं. 70-ए, विवेकानन्द मार्ग, लक्ष्मी नगर, निवारू रोड, झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान-302012

सम्मन

जैसा कि, ओए/1309/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 19.10.2023 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 2221687.64/- (आवेदन तथा दस्तावेजों की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन / नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(ii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राधीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(v) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 11.04.2024 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुचना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
**इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 14.12.2023 को जारी किया गया।**

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर

# 'दस लाख मृत्यु एक आंकडा है, पर एक मृत्यु ट्रैजिडी है'

## रूसी मार्क्सवादी स्टालिन के कथन के अनुसरण में तृणमूल पार्टी की सरकार की राजनीति अब व्यक्तिगत ट्रैजिडियों का आधार बन रही है

- अंजन रॉय -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो

नई दिल्ली, 21 मार्च। स्टालिन ने एक बार कहा था, दस लाख मौतें "आंकड़ा" होती हैं और एक मौत, त्रासदी।

बंगाल की राजनीति अब निजी त्रासदियों पर आगे बढ़ रही है। शुभाशीष सेन गुप्ता, सैंतीस वर्षीय एक युवा ने आत्महत्या कर ली क्योंकि, उसको डर था कि सिटिज़नशिप एमेंडमेंट एक्ट (सी.ए.ए.) लागू होने के बाद वह देश की नागरिकता खो देगी। वह अपने चाचा के घर गया था, जहां उसने खुदकुशी कर ली।

यह उसके परिवार के लिए निश्चय ही एक दु:खद घटना है लेकिन, सत्तारुढ़ पार्टी, तृणमूल कांग्रेस ने, इस मौत पर, बहुत आक्रमण अंदाज में प्रतिक्रिया देते हुए, सी.ए.ए. लागू करने के लिए, भाजपा पर इसका आरोप मढ़ दिया है।

तृणमूल कांग्रेस इस कानून को विशेषकर बंगाली लोगों के विरूद्ध दिखाने का प्रयास कर रही है। उनके अनुसार इस कानून के कारण लाखों लोगों का हिरासत शिविरों में जाना पड़ेगा। इसमें कोई शक नहीं है कि, ममता बनर्जी, मुद्दों को चुनावी रुप में इस्तेमाल करने में माहिर हैं।

ममता बनर्जी, यद्यपि, आत्महत्या मसले पर स्वयं सक्रिय रूप से सामने नहीं आयी हैं, पर उन्होंने अपने सारे नेताओं और मंत्रियों को सी.ए.ए. के विरूद्ध और जनमानस पर पड़ने वाले इसके प्रभावों के बारे में प्रचार करने के लिए बोला दिया है।

वह अभी तक सी.ए.ए. के मसले का ज्यादा लाभ नहीं उठा पायी थीं क्योंकि, इससे पहले ही उन पर राज्य के संदेशखाली इलाके में सत्ता और शक्ति के दुरूपयोग के ढ़ेरों आरोप लग चुके थे। अगर संदेशखाली ममता बनर्जी की प्रतिष्ठा पर एक धब्बा था तो कोलकाता उपनगर में, निर्माणाधीन भवन के गिरने से उनकी बची-खुची प्रतिष्ठा, भी ख्त्म हो गयी थी।

सत्तारूढ़ पार्टी इतनी मायूस और आतुर हो गयी है कि वह इस स्थिति से निकलने के लिए हर किसी मुद्दे का फायदा उठाने की कोशिश कर रही है।

- **युवा शुभाशीष सेन गुप्ता ने अपने चाचा के घर जाकर आत्म हत्या कर ली। तृणमूल अब प्रचार कर रही है कि, आत्म हत्या का कारण था, शुभाशीष का भय कि, उसकी नागरिकता उससे छीन ली जायेगी "सी.ए.ए." कानून की अनुपालना में।**
- **ममता बनर्जी खुद तो आगे नहीं आयीं, पर उनका पूरा पार्टी तंत्र झोंक दिया गया है, इस अभियान को मूर्त रूप देने के लिए कि, सी.ए.ए. बंगाली जनता के खिलाफ साजिश है, उन्हें जेल भेजने के लिये।**
- **ममता स्वयं अब तक चुप इसलिए थीं, क्योंकि सी.ए.ए. अगर सत्ता के दुरुपयोग की कहानी है, तो, उस से ज्यादा संदेशखाली प्रकरण इस प्रवृत्ति का और बड़ा और विकराल रूप है।**
- **गार्डन रीच क्षेत्र में एक बहुमंजिला इमारत के गिरने से, दस लोगों की मृत्यु होने के प्रकरण से भी तृणमूल कांग्रेस सरकार की एक अन्य बड़े भ्रष्टाचार का कारनामा उजागर होता है जैसे अनाधिकृत भवनों को बिना कायदे-कानून की परवाह करे, पैसा देकर खड़ा करना। मगर ममता जी जोरों से सी.ए.ए. के खिलाफ अभियान चला रही हैं।**

कई लोग कह रहे हैं कि, तृणमूल कांग्रेस ने इस मुद्दे को उछाला है क्योंकि वह सत्तारूढ़ पार्टी निगम के अधिकारियों तथा शहरी मामलों के मंत्री, फिराद हकीम की गंभीर असफलताओं से ध्यान भटकाना चाहती हैं। सत्तारूढ़ पार्टी अनधिकृत निर्माणों को रोक पाने में असफल रही है।

कोलकाता के "गार्डन रीच इलाके" में एक बहुमंजिला इमारत के गिरने से दस लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य की अभी भी मलबे में दबे होन का संदेह है।

सत्तारुढ़ पार्टी बड़ी आतुरता से इस छोर पर मिली विफलता से पार पाने का प्रयास कर रही है यद्यपि, अंदरुनी तौर पर कई तृणमूल नेताओं ने, नगरपालिका के अधिकारियों और शहरी मामलों के मंत्री पर निर्माण कार्यों में अनियमितताओं के लिए आलोचना की है।

सम्पूर्ण "गार्डन रीच इलाके" में बिना किसी स्वीकृति या अनुमति के बनायी गयी इमारतों की भरमार है। लोग इन भवनों में रह रहे हैं।

अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही दिखाने के लिए, निगम अधिकारी, अनियमित भवनों को गिराने का प्रयास कर रहे हैं।

भवन गिरने और उसके कारण हुई मौतों के घाव पर मरहम लगाने के खातिर, निगम अधिकारी बचाव कार्यों को जारी रखने का वादा कर रहे हैं और मलबे में दबे हुए लोगों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं।

## फार्मा कंपनियों ने हजार करोड़ का चंदा दिया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 मार्च। कांग्रेस महासचिव (संचार), जयराम रमेश ने गुरूवार को कहा कि, चुनाव आयोग ने चौदह मार्च को जो डेटा प्रकाशित किया था,उसके अनुसार भारत की 35 दवा निर्माता कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड के जरिए, राजनीतिक पार्टियों को लगभग 1000 करोड़ रू का चंदा दिया है।

इनमें से कम से कम सात कंपनियों के खिलाफ खराब गुणवत्ता वाली दवाएं बनाने के आरोप से संबंधित जांच तब चल रही थी, जब उन्होंने बॉण्ड खरीदे थे। जिन दवाओं की गुणवत्ता पर प्रश्न उठा था उनमें कफ सीरप, ब्लड प्रेशर नियमित करने वाली दवाईयां और कोविड-19 के उपचार में काम आने वाली"रेमडेसिविर" दवाएं आदि शामिल थीं।

- **कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि, 35 फार्मा कम्पनियों ने राजनैतिक दलों को हजार करोड़ रूपए का चंदा दिया। इनमें से 7 कम्पनियों के विरूद्ध खराब दवाएँ बनाने के लिए जाँच चल रही थी।**

जयराम ने कहा कि, इस बात का सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है कि, सरकार और खराब गुणवत्ता की दवाईयां बना रही इन दवा निर्माता कंपनियो के बीच, गुपचुप तरीक से क्या "डील","चंदा दो,धंधा लो" हुयी होगी। इसकी सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है कि, उपयोत्ताओं और नागरिकों का इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ी होगी, विश्वास करते हैं कि वो सरकार पर, दवा अयोग पर इमानदारी और निष्ठा से नजर रख रही होगी।

## भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया हरियाणा के चुनावी प्रभारी बनाए गए

### भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विनय सहस्त्रबुधे राजस्थान के चुनाव प्रभारी नियुक्त

जयपुर, 21 मार्च (का.सं.)। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य डॉ. विनय सहस्त्रबुधे को प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। राष्ट्रीय मंत्री विजया रहाटकर और सांसद प्रवेश वर्मा को राजस्थान में सह-प्रभारी बताया गया है। इसके साथ ही राजस्थान भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को पार्टी ने हरियाणा में चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है।

ज्ञातव्य है कि, विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया था। अब प्रहलाद जोशी खुद कर्नाटक की धारवाड़ सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इसलिए भाजपा ने संगठन का लंबा अनुभव रखने वाले डॉ. विनय सहस्त्रबुधे को राजस्थान में चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। मूलत: महाराष्ट्र से आने वाले डॉ. विनय सहस्त्रबुधे वर्तमान में भाजपा की राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य हैं। इससे पहले वे महाराष्ट्र से राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं और पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर भी काम किया है। राजस्थान में पहले से प्रदेश सह-प्रभारी के पद पर काम कर रही राष्ट्रीय मंत्री विजया रहाटकर को पार्टी ने चुनाव सह-प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी है। विजया भी महाराष्ट्र मूल की नेता हैं और लंबे समय से राजस्थान में प्रदेश सह-प्रभारी के पद पर काम कर रही हैं।

दूसरे सह-प्रभारी के रूप में प्रवेश वर्मा को राजस्थान भेजा गया है। प्रवेश वर्मा पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद हैं। वे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। युवा और जाट नेता के रूप में उनकी पहचान है। इस बार पार्टी ने उनका टिकट काट दिया और उनकी जगह कंवलजीत शेरावत को पश्चिमी दिल्ली से टिकट दिया गया है।

- **राष्ट्रीय मंत्री विजय रहाटकर और सांसद प्रवेश वर्मा राजस्थान में सहप्रभारी होंगे।**
- **राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह को आंध्र प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया है।**

राजस्थान भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूंनिया को पार्टी ने हरियाणा में प्रदेश चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। अभी तक चर्चा थी कि, पार्टी पूनिया को अजमेर लोकसभा सीट से टिकट दे सकती है। लेकिन पार्टी ने उन्हें नई जिम्मेदारी देकर इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया है।

सतीश पूनिया को पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी ने आमेर विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया था, लेकिन, वो चुनाव हार गए थे। उसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि पूनिया को पार्टी कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है।

लंबे समय से राजस्थान के प्रदेश प्रभारी रहे राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह को पार्टी ने राजस्थान से दूर कर दिया है। उन्हें आंध्र प्रदेश में प्रदेश चुनाव प्रभारी की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधानसभा चुनावों के बाद से ही अरूण सिंह राजस्थान में कम सक्रिय थे। संगठन महामंत्री चंद्रशेखर की राजस्थान से विदाई के बाद से ही लगातार यह कयास लगाए जा रहे थे कि अरूण सिंह को भी जल्द ही राजस्थान से हटाया जाएगा। हालांकि अभी तक राजस्थान के प्रदेश प्रभारी के पद पर भाजपा ने किसी और की नियुक्ति नहीं की है।

## अन्ततोगत्वा यूनीक नम्बर जारी कर ही दिए एस.बी.आई. ने

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 मार्च। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (एस.बी.आई.) ने इलैक्टोरल बॉण्ड्स का संपूर्ण विवरण गुरुवार को चुनाव आयोग को जमा करवा दिया है।

शीर्ष अदालत में प्रस्तुत शपथ पत्र में एस.बी.आई. चेयरमैन ने कहा कि दिनांक 21.03.2024 को स्टेट बैंक ने इलैक्टोरल बॉण्ड्स से संबंधित सारा ब्यौरा दे दिया है जो अब चुनाव आयोग के पास है।"

शपथ पत्र के अनुसार दी गई जानकारी में क्रेता का विवरण, जैसे कि सीरियल नम्बर, यू.आर.एन. नम्बर, जर्नल डेट, क्रय की तिथि, बॉण्ड नम्बर, स्टेट्स, एक्सपायरी डेट, क्रेता का नाम, जारी करने वाली ब्रांच का कोड, प्रीफिक्स इश्यू टैलर व स्टेट्स हैं।

- **सुप्रीम कोर्ट की सोमवार को बड़ी फटकार के बाद एस. बी. आई. ने इलैक्टोरल बॉण्ड की यूनीक नम्बर सहित सारी जानकारी जारी कर दी।**

जानकारी में इलैक्टोरल बॉण्ड से डोनेशन प्राप्त करने वाली राजनीतिक पार्टियों का विवरण भी शामिल है, जैसे कि सीरियल नम्बर, इलैक्टोरल बॉण्ड को भुनाने की तिथि, राजनीतिक दल का नाम, खाता संख्या के अंतिम चार नम्बर, प्रीफिक्स, बॉण्ड नम्बर, मूल्य वर्ग, पे टैलर व पे ब्रांच कोड। इसमें कहा गया है कि "प्रीफिक्स तथा बॉण्ड नम्बर वास्तव में एल्फान्यूमैटिक नम्बर हैं।"

शपथ पत्र के अनुसार, राजनीतिक पार्टियों के बैंक खाते की पूर्ण संख्या और के.वाई.सी. विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए है क्योंकि इससे साइबर सिक्योरिटी का जोखिम हो सकता है। इसी तरह से क्रेता की के.वाई.सी. डिटेल्स भी सार्वजनिक नहीं की गई है।

## भाजपा ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रहा है। पूर्ववर्ती सरकार में जिन केंद्र पोषित योजनाओं को परिवर्तित कर लागू किया गया था, वर्तमान सरकार उन्हें मूल रूप में लागू कर अधिक से अधिक लोगों को सीधे जोड़ने के लिए प्रयत्नशील रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकजुट भाजपा का राजस्थान में सीधा सामना कांग्रेस से है जहां आपसी खींचतान रह-रह कर सामने आती रहती है। मुख्यमंत्री की क्लस्टर क्लास पार्टी कार्यकर्ताओं में यही आत्मविश्वास और संगठन की शक्ति को आहूत कर रही हैं।

## 'नए चुनाव...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को निलंबित कर सकते हैं। इससे असंजस और अराजकता फैल जाएगी और अंतरिम आदेश से इस पर रोक लगाकर हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिकाकत्ताओं, जिन्होंने नए कानून को चुनौती दी है ओर दो नए चुनाव आयुत्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने की मांग की है, थो कहा कि, नए चुनाव आयुक्तों के विरूद्ध कोई आरोप नहीं है।

## ई.डी. ने मु.मंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार किया

### शराब घोटाले में गिरफ्तारी से राहत के लिए दायर केजरीवाल की याचिका खारिज होते ही ई.डी. ने हाथोंहाथ एक्शन लिया

नई दिल्ली, 21 मार्च। एनफोर्समैट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) ने शराब घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉण्डरिंग मामले में गुरुवार रात दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को एजेंसी की किसी दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार करने के कुछ ही घंटों बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पद पर रहने के दौरान किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है। लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान के बीच, केजरीवाल (55) की गिरफ्तारी पर आप ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी शुक्रवार को यहां एक अदालत में मुख्यमंत्री को पेश करेगी और पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में देने का अनुरोध करेगी।

ईडी के अधिकारियों द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के दौरान दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त बलों के अलावा आरएएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल(सीआरपीएफ) के कर्मियों को मुख्यमंत्री आवास के आसपास तैनात किया गया था। आप के काफी संख्या में समर्थक और नेता मुख्यमंत्री आवास के निकट एकत्र हुए और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की। दिन में, केजरीवाल ने मामले में कोई राहत देने से उच्च न्यायालय के इनकार करने संबंधी आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया। पिछले हफ्ते, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को गिरफ्तार किया गया था जो अभी इसी मामले में ईडी की हिरासत में हैं। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) और केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच एक दशक से जारी प्रतिद्वंद्विता आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री की ईडी के हाथों गिरफ्तारी के साथ ही चरम पर पहुंच गयी।

## कांग्रेस ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इस संवाददाता को हरीश चौधरी ने जो बात कही वह पूरी स्थिति का निचोड़ है: "हनुमान बेनीवाल अशोक गहलोत की बी टीम है और गहलोत कांग्रेस ही बेनीवाल के साथ गठबंधन करना चाहती है, ना कि कांग्रेस।"

## गैस सिलैण्डर फटने से आग लगी, एक ही परिवार के 5 लोग जिंदा जले

### हादसा जयपुर के विश्वकर्मा के जैसल्या गांव में हुआ

जयपुर, 21 मार्च। राजधानी जयपुर के विश्वकर्मा इलाके में रोड नम्बर 17 पर जैसल्या गांव में गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे घर में चाय-नाश्ता बनाते समय गैस सिलेंडर से पाइप के अचानक निकलने से आग लग गई। इससे वहां मौजूद माता-पिता और तीन बच्चे जिंदा जल गए। सूचना पर पुलिस और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के बाद जले हुए शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवाया है।

डी.सी.पी. वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि, विश्वकर्मा क्षेत्र के जैसल्या गांव में सुबह करीब साढ़े सात बजे चाय-नाश्ता बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर से पाइप निकल गया और कमरे में आग फैल गई। इसकी चपेट में आने से राजेश (26), उसकी पत्नी रूबी (24), ईशु (7), दिलखुश (2) और खुशमानी (4) की मौत हो गई।

राजेश का परिवार मूलत: बिहार के मधुबनी फेनहारा पूर्वी चंपारण का था और यहां किराए पर रहता था। वह विश्वकर्मा एरिया में लोहा फैक्ट्री में काम करता था। राजेश परिवार सहित करीब चार-पांच महीने से यहां रह रहा था। वह पत्नी और बच्चों सहित कुछ दिन छुट्टी पर बिहार गया हुआ था। बुधवार शाम को ही वापस जयपुर आए थे और सुबह यह हादसा हो गया।

थानाधिकारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि, प्रारंभिक जानकारी में सामने आ रहा है कि, गुरुवार सुबह जब बच्चों की मां रूबी चाय-नाश्ता बना रही थी, तो इस दौरान गैस के पाइप से तेजी से गैस लीक होने के बाद पूरे कमरे में आग लग गई। वहीं पर राजेश भी मौजूद था। पहले तो वह घर से बाहर भागा लेकिन बाद में बच्चों और पत्नी को बचाने के लिए वापस अंदर दौड़ गया। शोर मचाने के दौरान आसपास के लोग भी मौके पर आ गए। पुलिस के अनुसार सिलेंडर और चूल्हा कमरे के गेट पर ही रखा था, इस कारण कोई भी बाहर नहीं निकल सका। कुछ देर में अंदर से आ रही चीखें बंद हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। इसके बाद घर में अंदर जाने पर वहां पांचों लोगों के शव जले हुए मिले। राजेश का जला हुआ शव कमरे में कोने में पड़ा हुआ था। दूसरे कोने में तीनों बच्चों को बाहों में भरे रूबी की आधी जली लाश थी। रूबी का पीठ का हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। पुलिस ने मौके पर एफ.एस.एल. की टीम को बुलाकर सबूत जुटाए। इसके बाद पांच शवों को एक चादर में लपेट कर एंबुलेंस में रखवाया।

- **मृतक परिवार बिहार में पूर्वी चंपारण का रहने वाला था।**
- **परिवार का मुखिया विश्वकर्मा की ही लोहा फैक्ट्री में काम करता था और हाल ही में बिहार से लौटा था।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल ने घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया।**

पड़ौसियों का कहना था कि, राजेश के कमरे में रखा सिलेंडर रात को खत्म हो गया था। इस पर वह बाहर से खाना लाया और परिवार के साथ खाया। सुबह राजेश जल्दी उठा और कमरे से खाली सिलेंडर लेकर बाहर निकला। वह पत्नी रूबी से बोल रहा था कि, थोड़ी देर में भरा सिलेंडर लेकर आ रहा है। फिर साइकिल पर सिलेंडर लेकर निकल गया। थोड़ी देर बाद राजेश भरा सिलेंडर लेकर आया और कमरे के गेट के पास रखा गैस चूल्हा जलाया। इस दौरान अचानक गैस चूल्हे की तरफ से पाइप बाहर निकल गया और आग लग गई।

आग में फंसे परिवार के चिल्लाने की आवाज सुनकर मकान में मौजूद लोग बाहर निकले। गेट पर रखे गैस सिलेंडर से आग लगी देख लोगों में हड़कंप मच गया। सिलेंडर में ब्लास्ट होने के डर के कारण मकान में मौजूद करीब 40 लोग बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस भगदड़ के बीच पहली मंजिल पर रहने वाले लोग छत से पास वाले प्लॉट में कूद गए। इस बीच लोगों ने विश्वकर्मा थाना पुलिस को आग लगने की सूचना दी। पुलिस के आने तक लोगों ने परात और बाल्टियों से कमरे में मिट्टी फेंक कर आग बुझाने की कोशिश की। कुछ लोग पास के एक गोदाम से टाट पट्टी निकालकर लाए और आग बुझाने के लिए इन टाट पट्टियों को गीला कर कमरे में फेंका।

हादसे की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर प्रकाश राज पुरोहित, पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ, पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार, चौमूं सहायक पुलिस आयुक्त अशोक चौहान, मुरलीपुरा और हरमाड़ा थाना अधिकारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और घटनाक्रम की जानकारी ली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख जताया है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908